वर्ष-32, अंक- 139, पृष्ठ-12 | चैत्र कृष्ण पक्ष 03, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
शुक्रवार
06 मार्च 2026

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

मूल्य 2 रु.

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर







## ड्रोन सर्वे पर भड़का कैमा गांव, आक्रोशित ग्रामीणों ने थाना प्रभारी सहित 8 पुलिसकर्मियों को बंधक बनाया

- पथराव और हवाई फायरिंग से बढ़ा तनाव, कई पुलिसकर्मी घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** सदर थाना क्षेत्र के कैमा गांव में ड्रोन कैमरे से किए जा रहे जमीन सर्वे को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों और पुलिस के बीच जबरदस्त टकराव हो गया। नाराज ग्रामीणों ने सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा, जवान राजेश कुमार समेत कुल आठ पुलिसकर्मियों को घेरकर घंटों तक बंधक बना लिया। घटना की सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिसके बाद अतिरिक्त पुलिस बल को गांव में भेजा गया।

मौके पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच हालात को काबू में करने के लिए लगातार बातचीत की कोशिश की जा रही है। ग्रामीणों की ओर से बहादुर टाना भगत ने आरोप लगाया कि पुलिस गांव के कुछ लोगों को हिरासत में लेकर उनके साथ मारपीट कर रही थी। इसी के विरोध में आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को घेरकर अपने कब्जे में ले लिया।

वहीं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि ग्रामीणों की कुछ मांगें सामने आई हैं, जिन पर पुलिस और ग्रामीणों के बीच बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि आपसी संवाद के जरिए जल्द ही स्थिति को सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीपीओ अरविंद कुमार भी मौके पर पहुंच गए हैं और पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं।

**क्या है पूरा मामला :** जानकारी के अनुसार करीब एक माह पहले कैमा गांव के आसपास एक निजी कंपनी द्वारा ड्रोन कैमरे से जमीन का सर्वे किया जा रहा था। ग्रामीणों ने इस सर्वे का विरोध करते हुए ड्रोन कैमरा छीनकर अपने पास रख लिया था। इसके बाद कंपनी के अधिकारियों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस और कंपनी के प्रतिनिधियों ने कई बार ग्रामीणों से ड्रोन कैमरा लौटाने की अपील की, लेकिन ग्रामीणों ने इसे वापस करने से इनकार कर दिया। शुक्रवार को पुलिस गांव पहुंची और कुछ चिन्हित युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले जाने का प्रयास किया। इसी दौरान माहौल भड़क उठा और ग्रामीणों ने थाना प्रभारी समेत आठ पुलिसकर्मियों को घेरकर बंधक बना लिया। बताया जाता है कि बाद में समझौते के बाद जब पुलिसकर्मी लौटे तो गिनती में एक जवान राजेश शर्मा के पीछे छूट जाने का पता चला। सूचना मिली कि ग्रामीणों ने उसे बंधक बना लिया है। इसके बाद पुलिस दल दोबारा गांव पहुंचा, लेकिन इस दौरान उग्र ग्रामीणों ने पत्थरबाजी शुरू कर दी।

शेष पेज 15 पर...

## विदाई समारोह में डीजे पर नृत्य का वीडियो वायरल, प्रभारी प्रधानाध्यापक निलंबित

- दो शिक्षकों पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**



**गढ़वा।** मेराल प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सोहबरिया में विदाई समारोह के दौरान डीजे पर नृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग ने सख्त कार्रवाई की है। जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रज़ा ने मामले को गंभीर अनुशासनहीनता मानते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक को निलंबित कर दिया है, जबकि दो शिक्षकों पर सेवा समाप्ति की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह के दौरान विद्यालय परिसर में डीजे साउंड पर अशोभनीय गीत बजाए गए तथा छात्राओं के साथ प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं कुछ शिक्षकों द्वारा नृत्य किए जाने की घटना सामने आई। इसे विद्यालय की गरिमा, शैक्षणिक वातावरण और शिक्षक मर्यादा के प्रतिकूल माना गया है। प्रथम दृष्टया आरोपों को गंभीर मानते हुए झारखंड सरकारी सेवक नियमावली 2016 के तहत प्रभारी प्रधानाध्यापक कुंदन कुमार रंजन को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय, गढ़वा निर्धारित किया गया है। इस दौरान उन्हें मुख्यालय में बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज करनी होगी तथा नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा। मामले में सहायक शिक्षक पुरुषोत्तम पंडित एवं सुबेश्वर राम के आचरण को भी अनुचित पाते हुए झारखंड सहायक अध्यापक सेवाशर्त नियमावली 2021 के तहत उनकी सेवा समाप्ति की प्रक्रिया प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को दो दिनों के भीतर कार्रवाई प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में अनुशासन, नैतिकता और शैक्षणिक वातावरण बनाए रखना विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा शिक्षक मर्यादा के विपरीत किसी भी आचरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## एक नजर

### बाइक और ऑटो की जोरदार टक्कर में दो की मौत

**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र के चेरवादाग मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। खबर है कि बाइक और ऑटो की आमने-सामने टक्कर में जीजा-साले की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक पर सवार उनका दोस्त और ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, कर्रा की तरफ से आ रहा एक ऑटो और कर्रा से जलटंडा साप्ताहिक हाट जा रही बाइक के बीच चेरवादाग मोड़ पर टक्कर हुई। बाइक पर तीन लोग सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार रमेश और उसका साला मुन्ना उरांव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में मुन्ना उरांव का दोस्त राजू कच्छप और ऑटो चालक अनिल गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने तुरंत दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्रा पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया और घायलों की हालत पर नजर रखी। बताया जा रहा है कि मुन्ना उरांव रांची जिले के नगड़ी थाना क्षेत्र के पांडू टोली का रहने वाला था। वह अपने दोस्त राजू कच्छप के साथ अपने जीजा रमेश के घर चिउर छापरा आया हुआ था। तीनों मिलकर जलटंडा साप्ताहिक हाट जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया।

### बंगाल के राज्यपाल और लद्दाख के एलजी ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल चुनाव से एक महीने पहले राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने अपना इस्तीफा दे दिया है। इसके बाद तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को पश्चिम बंगाल की अतिरिक्त जिम्मेदारी दी गई है।उधर, लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने भी इस्तीफा दे दिया है। बोस ने अपना इस्तीफा राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेजा है और फिलहाल वे दिल्ली में मौजूद हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बोस के इस्तीफे पर हैरानी जताई। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें सूचित किया कि आरएन रवि को पश्चिम बंगाल का नया राज्यपाल बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह केंद्र का एकतरफा फैसला है और इस पर मुझसे कोई सलाह नहीं ली गई। सीवी आनंद बोस ने 23 नवंबर 2022 को बंगाल के राज्यपाल के रूप में पद संभाला था। लद्दाख के उपराज्यपाल कवींद्र गुप्ता ने 18 जुलाई 2025 को कार्यभार ग्रहण किया था।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर **72094 53444** पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **72094 03444** संपर्क करें।

### मुख्यमंत्री पैतृक गांव नेमरा में आयोजित 'बाहा पर्व' में हुए सम्मिलित

# पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि की कामना की

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सपरिवार अपने पैतृक गांव नेमरा में आयोजित 'बाहा पर्व' में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ग्रामीणों के साथ नेमरा गांव स्थित जाहेर थान पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां पारम्परिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। परंपरा के अनुरूप पूजन कार्य गांव के नाइके बाबा (पाहन) चैतन टुडू एवं कुडम नाइके बाबा (उप पाहन) छोटू बेसरा ने संपन्न कराया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नेमरा के ग्रामीणों के साथ 'बाहा पूजा' के लिए अपने निवास स्थान से पदयात्रा करते हुए जाहेर थान पहुंचे।

**मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर ग्रामीणों का उत्साह चरम पर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 'बाहा पर्व' में शामिल होने अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर नेमरा सहित आस-पास क्षेत्र के लोग काफी उत्साहित नजर आए। संस्कृति के अनुरूप नेमरा के ग्रामीण ढोल-नगाड़ा एवं मांदर बजाते हुए मुख्यमंत्री के साथ जाहेर थान पहुंचे। मौके पर मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने स्वयं मांदर बजाकर ग्रामीणों का उत्साहवर्द्धन किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया।

### मुख्यमंत्री सपरिवार पहुंचे नेमरा

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन अपनी धर्मपत्नी विधायक कल्पना सोरेन सहित सपरिवार दो दिवसीय दौरे पर नेमरा पहुंचे। मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में आस-पास क्षेत्र के लोग नेमरा गांव पहुंचे तथा मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मुख्यमंत्री भी आत्मीयता के साथ लोगों से मिले एवं उनकी बातों को सुना। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को 'बाहा पर्व' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## रांची का नवदंपति दुबई में फंसा खाड़ी में बढ़ते तनाव से उड़ानें रद्द

- सुरक्षित वापसी का इंतजार

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** अपने जीवन के नए शुरुआत तथा खास पल को यादगार बनाने दुबई पहुंचे रांची के रहने वाले स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अधिकारी अतुल उरांव और उनकी नई-नवेली दुल्हन डॉ. कंचन बाड़ा के लिए शादी के बाद की पहली विदेश यात्रा अचानक चिंता में बदल गई है। दोनों हनीमून मनाने दुबई गए थे, लेकिन खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते सैन्य तनाव के कारण कई उड़ानें रद्द हो गईं और अब वे वहीं फंस गए हैं। परिवार के लोग उनकी सुरक्षित वापसी का इंतजार कर रहे हैं।

**22 फरवरी को हुई थी पारंपरिक रीति-रिवाजों से शादी :** अतुल उरांव और डॉ. कंचन बाड़ा की शादी 22 फरवरी 2026 को रांची में आदिवासी पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई थी। शादी के बाद घर में खुशी का माहौल था और रिश्तेदारों की बधाइयों के बीच दोनों ने अपने नए जीवन की शुरुआत की। इस पल को यादगार बनाने के लिए दोनों ने हनीमून के लिए दुबई जाने का फैसला किया और 27 फरवरी को दुबई पहुंच गए। उनकी वापसी 4 मार्च को तय थी, लेकिन इसी बीच अंतरराष्ट्रीय हालात बदल गए।

### खाड़ी में तनाव बढ़ने से कई उड़ानें रद्द

बताया जा रहा है कि अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव का असर खाड़ी देशों में भी देखने को मिल रहा है। सुरक्षा के मद्देनजर दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट से कई उड़ानों को एहतियातन रद्द कर दिया गया है। इसके कारण हजारों पर्यटक और यात्री वहां फंस गए हैं। होटल परिसरों और कई सार्वजनिक स्थानों पर आवाजाही भी सीमित कर दी गई है। इसी वजह से रांची का यह नवविवाहित जोड़ा भी दुबई में ही ठहरने को मजबूर है।

**'खुशियों की यात्रा अब चिंता में बदल गई' :** अतुल उरांव ने फोन पर बातचीत में बताया कि वे अपनी जिंदगी के सबसे खास पल शेष पेज 15 पर...

## खाड़ी देशों में एक करोड़ लोग फंसे हुए हैं : बलबीर सिंह

**नई दिल्ली।** पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कनाडा में भारतीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की मौत, खाड़ी देशों में फंसे लोगों पर प्रतिक्रिया दी। पंजाब के मंत्री बलबीर सिंह ने कहा, "वर्तमान हालात में हमारे कई लोग खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं। लगभग एक करोड़ लोग वहां फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि उनके पास पैसे खत्म हो गए हैं। इस पर मैंने अपने एक परिचित व करीबी दोस्त के माध्यम से उनके होटल के बिलों का भुगतान करवाया। कुल मिलाकर छह लोग थे। हम उन्हें जल्द से जल्द वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

### भारतीय नागरिकों के लिए हेल्पलाइन और दूतावास संपर्क

विदेश मंत्रालय ने नागरिकों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं: 1800118797 (टोल फ्री), 91 11 2301 2113, 91 11 2301 4104, 91 11 2301 7905। इसके अलावा पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों में स्थित भारतीय दूतावासों के आपातकालीन संपर्क नंबर भी सक्रिय हैं। उदाहरण के लिए, बहरीन में 973 39418071, ईरान में 98 9128109115 / 98 9128109102 / 98 9128109109 / 98 9932179359, इराक में 964 771 651 1185 / 964 770444 4899, और संयुक्त अरब अमीरात में 971 543090571 (व्हाट्सएप) / 800 46342 (टोल फ्री) हैं। बता दें कि पीएम नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्रालय लगातार क्षेत्रीय नेताओं से संपर्क बनाए हुए हैं और भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात कर रहे हैं।

## नामकुम थाने में बच्चे की हत्या के आरोपी ने फांसी लगाकर दी जान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** नामकुम थाना परिसर में हत्या के एक आरोपी ने पुलिस हवालात के भीतर कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान खूंटी जिले के रहने वाले जगय मुंडा (45) के रूप में हुई है, जिसे 12 वर्षीय बच्चे के अपहरण और हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार, आरोपी को 4 मार्च को हिरासत में लिया गया था और गुरुवार को उसे न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया होनी थी। गिरफ्तारी के बाद उसे नामकुम थाना की हाजत में रखा गया था। इसी दौरान देर रात उसने ओढ़ने के लिए दी गई चादर का इस्तेमाल कर आत्महत्या कर ली।

शेष पेज 15 पर...

### नामकुम थानेदार समेत 7 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**रांची।** नामकुम थाना हाजत में बंद आरोपी की मौत मामले में पुलिस प्रशासन ने निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं। एसएसपी ने मामले की जांच दूसरे क्षेत्र के पुलिस निरीक्षक को सौंपी है। साथ ही हाजत में बंद आरोपी की सुरक्षा व निगरानी में लापरवाही बरतने के आरोप में नामकुम थाना प्रभारी समेत सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त जगाई मुंडा पर बदले की भावना से एक नाबालिग लड़के का अपहरण कर उसकी हत्या करने का आरोप था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने साक्ष्य छिपाने की नियत से इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया था। उसे गिरफ्तार कर नामकुम थाना के हाजत में रखा गया था। इसी दौरान हाजत में आरोपी की मौत हो गई, जिसके बाद पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए शेष पेज 15 पर...

### टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में मारी एंट्री

# अब न्यूजीलैंड से होगी खिताबी भिड़ंत



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टी20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में एंट्री कर ली है। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें भारतीय टीम का सामना इंग्लैंड से था। इस मैच में टीम इंडिया ने टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर्स में 7 विकेट के नुकसान पर 253 रनों का स्कोर बनाया, जिसमें संजू सैमसन के बल्ले से 89 रनों की शानदार पारी ने अहम योगदान दिया। इसके बाद टारगेट का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम 20 ओवर्स में 246 रनों के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब हो सकी और उसे इस मुकाबले में 7 रनों से हार का सामना करना पड़ा। अब खिताबी मैच में टीम इंडिया का सामना 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में न्यूजीलैंड की टीम से होगा।

शेष पेज 15 पर...

### बुमराह की शानदार गेंदबाजी

जैकब बेथेल ने विल जैक्स के आउट होने के बाद सैम करन के साथ मिलकर रन बनाने की गति को धीमे नहीं पड़ने दिया, लेकिन इसी दौरान जसप्रीत बुमराह जिन्होंने इस दौरान अपने 2 ओवर्स किए उसमें उनका कमाल देखने को मिला, जहां पर इंग्लैंड की टीम के दोनों ही बल्लेबाज बड़ा शॉट खेलने में कामयाब नहीं हो सके। सैम करन 18 रन बनाकर आउट हुए। वहीं जैकब बेथेल जिनके बल्ले से 48 गेंदों में 105 रनों की पारी देखने को मिली, वह आखिरी ओवर में जब इंग्लैंड को 6 गेंदों में जीत हासिल करने के लिए 30 रन बनाने थे, उसकी पहली गेंद पर दो रन लेने के चक्कर में रन आउट होकर पवेलियन लौट गए। इंग्लैंड की टीम इसके बाद 20 ओवर्स में 7 विकेट के नुकसान पर 246 रनों का स्कोर ही बनाने में कामयाब हो सकी, जिसमें टीम इंडिया ने इस मुकाबले को 7 रनों से अपने नाम किया।

## बिहार: नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए किया नामांकन, गृह मंत्री अमित शाह रहे मौजूद



**पटना (आईएएनएस)।** बिहार की राजनीति में राज्यसभा चुनाव को लेकर हलचल तेज है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के निर्णय को प्रदेश की सियासत में बड़े उलटफेर की संभावना है। इस बीच गुरुवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित एनडीए के सभी पांच उम्मीदवारों ने गुरुवार को राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी मौजूद रहे। बिहार एनडीए के सभी उम्मीदवार नीतीश कुमार, नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, शिवेश कुमार राम और उपेंद्र कुशवाहा विधानसभा परिसर पहुंचे और राज्यसभा के लिए नामांकन का पर्चा दाखिल किया। इससे पहले नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा,

शेष पेज 15 पर...

# सोन नदी किनारे बालू में दबा मिला अज्ञात महिला का शव



- देवरी कला में शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी ओपी अंतर्गत देवरी कला गांव के पास सोन नदी तट से करीब 30 वर्षीय एक अज्ञात महिला का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर देवरी ओपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू की। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार शव आंशिक रूप से बालू में दबा हुआ था। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि शव की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पोस्टमार्टम के लिए शव को भेज दिया गया है, जिससे मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने आसपास के थानों को भी सूचना दे दी है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पहचान होने के बाद ही मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# चेड़ाबार गांव में ससुराल आए युवक की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**पलामू।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र के चेड़ाबार गांव में ससुराल आए नावाबाजार थाना क्षेत्र के करचा गांव निवासी युगेश सिंह की हत्या पैसे के विवाद में कर दी गई थी। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 27 फरवरी को युगेश सिंह अपनी पत्नी को डिग्री की परीक्षा दिलाने के लिए ससुराल आए थे। शाम में वह अपने साले के साथ घर के पास शराब पीने गए थे। शराब पीने के बाद साला घर लौट गया, जबकि युगेश नशे की हालत में गांव के मुनेश्वर सिंह उर्फ ढेला सिंह के घर के पास बैठा था। इसी दौरान वहां से गुजर रहे शिवपूजन सिंह उर्फ शिवकुमार सिंह (28) और जयप्रकाश सिंह उर्फ हुड़िया (23) ने उससे खर्च के लिए पैसे मांगे। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर दोनों ने युगेश सिंह को कोयल नदी किनारे ले जाकर लोहे के फाइटर से सिर पर वार किया और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। बाद में शव को नदी किनारे झाड़ियों में छुपा दिया गया। 28 फरवरी को दोपहर में शव बरामद हुआ था। घटनास्थल से शिवपूजन का मफलर और जूता मिला था, जिसके आधार पर उसके खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई थी। शिवपूजन की गिरफ्तारी के बाद जयप्रकाश को भी गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर मृतक का बैग और जूते की जोड़ी बरामद की गई है। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने गुरुवार को प्रेस वार्ता में बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई, जिसमें घटना की पूरी जानकारी सामने आई। इस मामले में चार अन्य लोगों के खिलाफ भी नामजद मामला दर्ज किया गया था, जिनका इस घटना से कोई संबंध नहीं पाया गया है।




## सोन नदी में डूबने से युवक की मौत

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के बनियाडीह बराही पंचायत अंतर्गत शिवा विगहा गांव निवासी युवक की सोन नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान बलदेव भुईयां के 30 वर्षीय पुत्र संजय भुईयां के रूप में हुई है। घटना गुरुवार दोपहर करीब 2:30 बजे की बताई जाती है। जानकारी के अनुसार संजय भुईयां सोन नदी के डीला घाट की ओर गया था। लौटने के दौरान वह नदी में स्नान करने लगा और गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे। बनियाडीह बराही पंचायत के मुखिया सुदामा यादव ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से दादरा गांव के पास से शव को पानी से बाहर निकलवाया। घटना की सूचना दंगवार ओपी प्रभारी और अनुमंडलीय अस्पताल को दी गई। एंबुलेंस से युवक को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## शिलापर गांव में होली मिलन समारोह, देर रात तक झूमते रहे युवा

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड के शिलापर गांव में बुधवार की रात होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता के बीच युवाओं ने होली गीतों पर झूमते-थिरकते हुए उत्साह और उमंग के साथ पर्व मनाया। बाहर से आए व्यास और उनकी मंडली ने एक से बढ़कर एक होली गीत और नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को झूमने पर विवश कर दिया। इस दौरान अबीर-गुलाल के साथ फूलों की वर्षा कर होली के रंग बिखेरे गए। मौके पर लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर पुआ-पकवान का भी आनंद लिया। क्षेत्र के अन्य गांवों में भी पारंपरिक तरीके से हर्षोल्लास के साथ होली मनाई गई। हालांकि हाल के दिनों में कई लोगों के निधन के कारण कई स्थानों पर पर्व संयमित तरीके से मनाया गया।

# अवैध हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेजे गए जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह कार्रवाई दरूआ मोड़ के समीप वाहन जांच के दौरान की गई। एसडीपीओ एस. मोहम्मद याकूब ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम मानखाप की ओर से बिना नंबर प्लेट की काले रंग की हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक हथियार के साथ जपला की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को अवगत कराते हुए एक छापामारी दल का गठन किया गया और दरूआ मोड़ पर वाहन जांच शुरू की गई। शाम करीब



7:20 बजे संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का संकेत दिया गया, लेकिन दोनों युवक भागने का प्रयास करने लगे। पुलिस की तत्परता से उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ में गिरफ्तार युवकों ने अपना नाम अभिषेक कुमार (19) पिता महेंद्र चंद्रवंशी और नितिश कुमार चंद्रवंशी (18) पिता राजू चंद्रवंशी, दोनों निवासी ग्राम मानखाप, थाना हुसैनाबाद बताया। तलाशी के दौरान अभिषेक कुमार के पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन तथा एक हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई। वहीं नितिश कुमार के पास से एक एंड्रॉयड मोबाइल बरामद हुआ। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना कांड संख्या 43/26 दिनांक 2 मार्च 2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)(ए)/26/35 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। कार्रवाई के दौरान थाना प्रभारी चंदन कुमार सहित पुलिस बल के अन्य जवान उपस्थित थे।

## धर्मप्रेमी व्यवसायी के निधन से शोक

**हैदरनगर।** प्रखंड के मोकहर कला पंचायत अंतर्गत नोखिला गांव निवासी धर्मप्रेमी व्यवसायी जगदीश साव (72 वर्ष) का बुधवार की शाम हृदय गति रुकने से निधन हो गया। उनके निधन की खबर से क्षेत्र के व्यवसायियों और सामाजिक लोगों में शोक की लहर दौड़ गई। जगदीश साव लंबे समय से होटल व्यवसाय से जुड़े थे और इसी से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। वे धार्मिक और सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। हैदरनगर बाजार क्षेत्र के शिवपुरी मोहल्ले में मकान बनाकर वे वर्षों से होटल का संचालन कर रहे थे। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव नोखिला में पूरे विधि-विधान के साथ किया गया। सूचना मिलते ही सांसद प्रतिनिधि डॉ. अजय जयसवाल ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की और दिवंगत के साथ बिताए सामाजिक पलों को याद किया।

# हीरा सिकनी में बुजुर्ग की टांगी से प्रहार कर हत्या

- तीन आरोपी गिरफ्तार, चार के खिलाफ मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** होली के दिन हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के हीरा सिकनी गांव में आपसी विवाद के दौरान 70 वर्षीय बुजुर्ग विश्वनाथ रजवार की टांगी से प्रहार कर हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतक की पहचान हीरा सिकनी गांव निवासी विश्वनाथ रजवार के रूप में हुई है। मृतक के पुत्र राकेश रजवार ने हुसैनाबाद थाना में चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। आवेदन में बताया गया है कि विश्वनाथ रजवार चपरदाग सिकनी



बधार स्थित अपने चना के खेत की रखवाली करने गए थे। वहीं पास में उनके गोतिया का भी खेत है। बुधवार को चना काटने को लेकर कपिल रजवार, बिमलेश रजवार, आनंद रजवार और शिवकुमार रजवार के साथ विवाद हुआ था, जिसे आसपास के लोगों ने शांत करा दिया था। बाद में शाम करीब 3:30 बजे चारों आरोपी लाठी-डंडा और कुल्हाड़ी लेकर पहुंचे और विश्वनाथ रजवार के साथ मारपीट करने लगे। इसी दौरान आनंद रजवार ने टांगी से उनके सिर और गर्दन पर वार कर दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और आगे की जांच जारी है।

# सोन नदी तट पर मिली लावारिस वृद्ध महिला, दंगवार ओपी में सुरक्षित

- पहचान के लिए पुलिस ने लोगों से मांगी मदद

**नवीन मेल संवाददाता**



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत दंगवार ओपी के दंगवार सूर्य मंदिर स्थित सोन नदी तट के पास गुरुवार सुबह एक वृद्ध महिला लावारिस हालत में मिली। स्थानीय ग्रामीणों की नजर जब महिला पर पड़ी तो उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए इसकी सूचना पुलिस को दी और महिला को सुरक्षित दंगवार ओपी को सौंप दिया। पुलिस द्वारा पूछताछ किए जाने पर वृद्ध महिला अपने नाम, पता या किसी परिजन के बारे में कोई जानकारी नहीं दे पा रही हैं। फिलहाल महिला को दंगवार ओपी में सुरक्षित रखा गया है और उसकी पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति को इस वृद्ध महिला के संबंध में कोई जानकारी हो या वह उन्हें पहचानता हो, तो कृपया हुसैनाबाद थाना या दंगवार ओपी को तत्काल सूचना दें, ताकि महिला को उसके परिजनों तक पहुंचाया जा सके।

# हुसैनाबाद में उमंग, उल्लास और उत्सव के साथ मनाया गया रंगों का त्योहार होली

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** उमंग, उल्लास और उत्साह के साथ रंगों का पर्व होली बुधवार को शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मंगलवार को अहले सुबह होलिका दहन हुआ, जबकि सुतक और चंद्रग्रहण के कारण लोगों ने बुधवार को रंगों की होली खेली। महिलाओं ने होलिका पूजन कर परिवार की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। पूरे क्षेत्र में पारंपरिक



होली गीत गूंजते रहे। बुधवार सुबह से ही लोग रंगों में सराबोर हो गए। शहर और गांवों में युवाओं और बच्चों की टोलियां बनाकर एक-दूसरे के घर जाकर होली खेली गई। कई जगहों पर कुर्ता-फाड़ होली का भी आनंद लिया गया। लोग बड़े-बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लेते नजर आए। बच्चों ने पिचकारी से रंगों की बौछार कर जमकर मस्ती की। कुछ बच्चे सड़क किनारे खड़े होकर राहगीरों पर रंग डालकर होली खेलते दिखे। वहीं कुछ लोग मोदी, छोटा भीम और राक्षस के मुखौटे पहनकर होली का आनंद लेते नजर आए। होली गीतों पर नृत्य कर लोग सुबह से दोपहर तक झूमते रहे। होली के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

# धोबी महासंघ ने नपं अध्यक्ष अजय कुमार भारती को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद नगर पंचायत के नव निर्वाचित अध्यक्ष अजय कुमार भारती को अखिल भारतीय धोबी महासंघ के पदाधिकारियों ने उनके कार्यालय में सम्मानित किया। महासंघ के सदस्यों ने गुलदस्ता भेंट कर उन्हें ऐतिहासिक जीत की बधाई दी और उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर बसपा के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शेर अली, महासंघ के पलामू जिला अध्यक्ष कृष्णा बैठा, झारखंड प्रदेश मीडिया प्रभारी विकास कुमार, प्रखंड अध्यक्ष शशिकांत रंजन, प्रमोद रजक, रमेश रजक तथा प्रखंड मीडिया प्रभारी चंदन बैठा सहित कई लोग उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि अजय कुमार भारती की जीत जनता के विश्वास और विकास की आकांक्षा का प्रतीक है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में नगर पंचायत का समग्र विकास होगा। नव निर्वाचित अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान व्यक्तिगत नहीं बल्कि जनता के विश्वास का सम्मान है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत में स्वच्छता, पेयजल, सड़क और प्रकाश व्यवस्था जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी और हुसैनाबाद को एक आदर्श नगर पंचायत के रूप में विकसित किया जाएगा।

# बच्चा चोरी की अफवाह पर पुलिस अलर्ट

- कानून हाथ में न लें, संदिग्ध दिखे तो पुलिस को दें सूचना

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र में इन दिनों बच्चा चोरी की अफवाहों ने जोर पकड़ लिया है। सोशल मीडिया और मौखिक चर्चाओं के माध्यम से फैल रही इन अपुष्ट खबरों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में भय और असमंजस का माहौल बन गया है। इस संबंध में हैदरनगर थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने लोगों से शांति और संयम बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में बच्चा चोरी की घटनाओं को लेकर अफवाहें फैलाई जा रही हैं, जबकि अब तक ऐसा कोई ठोस प्रमाण सामने नहीं आया




है। उन्होंने बताया कि रमजान के महीने में जकात और फितरा के लिए कई मौलवी गांव-गांव जाकर लोगों से संपर्क करते हैं। ऐसे में कुछ लोग उन्हें अनजान समझकर शंका जाहिर कर देते हैं और भीड़ इकट्ठा हो जाती है, जिससे तनाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। थाना प्रभारी ने कहा कि यदि कोई अज्ञात व्यक्ति संदिग्ध परिस्थिति में दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच करेगी और यदि कोई दोषी पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और सामाजिक लोगों से भी अपील की कि वे ग्रामीणों को जागरूक करें और किसी भी अफवाह के आधार पर कानून अपने हाथ में न लें। पुलिस द्वारा गांवों में जनसंपर्क अभियान और पोस्टर-बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण माहौल में मनाई गई होली

**मोहम्मदगंज।** प्रखंड क्षेत्र में होली का पर्व कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के निर्देश पर थाना प्रभारी नारायण सोरेन सुरक्षा बल के साथ पूरी तरह मुस्तैद रहे। पर्व के दौरान मुख्य चौक-चौराहों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। साथ ही लगातार गश्त की व्यवस्था की गई और असामाजिक तत्वों तथा सोशल मीडिया पर भी विशेष निगरानी रखी गई। थाना प्रभारी नारायण सोरेन ने बताया कि प्रशासन की सतर्कता और आम लोगों के सहयोग से होली का पर्व शांति और भाईचारे के साथ संपन्न हुआ। कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

# उप स्वास्थ्य केंद्र में आग लगने से लाखों की क्षति

### रेल फाटक बंद रहने से दमकल और एंबुलेंस नहीं पहुंच सकी समय पर

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड अंतर्गत पांती–सिंघना मार्ग स्थित करीमनडीह गांव के उप स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार देर शाम करीब पांच बजे अचानक आग लग गई। केंद्र से धुआं उठता देख राहगीरों ने तत्काल स्थानीय मुखिया नाजमा खातून को सूचना दी। सूचना मिलते ही उप स्वास्थ्य केंद्र के सीएचओ अरशद जमाल को अवगत कराया गया, जो हैदरनगर स्थित अपने किराये के कमरे से तुरंत घटनास्थल के लिए रवाना हो गए। वहीं मुखिया प्रतिनिधि व समाजसेवी नावाजीश खान ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। दमकल की गाड़ी लगभग आधे घंटे में हैदरनगर बस स्टैंड के समीप रेल फाटक संख्या एलसी-50 बीटी



तक पहुंच गई, लेकिन लंबे समय तक फाटक बंद रहने और सड़क पर जाम रहने के कारण दमकल और एंबुलेंस समय पर घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। इस दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र में रखी दवाइयां और महत्वपूर्ण कागजात जलकर नष्ट हो गए। रेल फाटक पर जाम की सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों ने स्वयं आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। सीएचओ अरशद जमाल ने पोर्टेबल अग्निशमन यंत्र की मदद से आग पर काबू पाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीणों में अरशद खान, जावेद खान, इरशाद खान और हसनैन खान सहित कई लोगों ने भी सहयोग किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। हालांकि तब तक स्वास्थ्य केंद्र में रखा फ्रिज, रेफ्रिजरेटर, रेडियल वार्मर, दवा स्टोर, लैब स्टोर, प्रतीक्षालय कक्ष का फर्नीचर, खिड़की-दरवाजे, इनवर्टर-बैटरी, वायरिंग, प्लंबिंग और अन्य आवश्यक सामग्री जलकर राख हो चुकी थी। आवश्यक दवाइयों और महत्वपूर्ण अभिलेखों के नष्ट होने से क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने की आशंका जताई जा रही है। मुखिया नाजमा खातून ने कहा कि यदि रेल फाटक समय पर खुला रहता तो दमकल समय पर पहुंच जाती और स्वास्थ्य विभाग की संपत्ति को बचाया जा सकता था। वहीं समाजसेवी नावाजीश खान ने कहा कि रेल फाटक बंद रहने से दमकल और एंबुलेंस समय पर नहीं पहुंच सकी। स्थानीय लोगों का कहना है कि उक्त रेल फाटक पर लगने वाला जाम अब गंभीर समस्या बन चुका है। इससे पहले भी कई बार मरीजों को समय पर अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका है। वर्ष 2018 से प्रस्तावित रेल ओवरब्रिज का निर्माण अभी तक लंबित है। ग्रामीणों ने सांसद विष्णु दयाल राम और रेलवे प्रशासन से जल्द आरओबी निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है।

### रमजान माह को लेकर पुलिस ने गश्त व फ्लैग मार्च तेज किए

# शांति व भाईचारा कायम रखें, खलल बर्दाश्त नहीं : थाना प्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** पवित्र रमजान माह में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने को लेकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया है। थाना प्रभारी नारायण सोरेन के नेतृत्व में क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों, मस्जिदों तथा संवेदनशील इलाकों में सघन गश्ती अभियान चलाया गया और फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान पुलिस ने मुख्य बाजार, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन परिसर सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च कर लोगों



को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। थाना प्रभारी ने स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और धार्मिक गुरुओं से संवाद कर आपसी भाईचारा और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि रमजान इबादत और संयम का महीना है, इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट करने वालों पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। पुलिस-प्रशासन की इस पर पैनी नजर है। गश्ती अभियान में प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट के अलावा थाना के कई पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे।

# काशीस्रोत डैम से सिंचाई क्षमता विस्तार की घोषणा से किसानों में जगी उम्मीद

**नवीन मेल संवाददाता**

**मोहम्मदगंज।** काशीस्रोत डैम से सिंचाई क्षमता के विस्तार की घोषणा के बाद दो दशक से इंतजार कर रहे क्षेत्र के किसानों में नई उम्मीद जगी है। डैम बनने के बाद अब तक सीमित क्षेत्र में ही सिंचाई संभव हो पाई है। गोड़ाडीह पंचायत के पूर्व मुखिया पंचम खान के अनुसार वर्तमान में जमींदारी रमवां बांध की क्षमता के आधार पर ही इस डैम से सिंचाई हो पा रही है। बताया जाता है कि पहले इसी स्थान पर जमींदार ने रमवां बांध बनवाकर आसपास के क्षेत्रों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई थी। 23 नवंबर 2003 को तत्कालीन सिंचाई मंत्री रामचंद्र केसरी और वर्ष 2013 में तत्कालीन मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विधायक संजय कुमार सिंह यादव के साथ इस डैम के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया था। अब विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने डैम की सिंचाई क्षमता बढ़ाने के लिए सोन नदी से पाइपलाइन के माध्यम से पानी लाने का मुद्दा विधानसभा में उठाया है। हाल ही में कादल और रामबांध में आयोजित सभाओं में उन्होंने डैम की वितरणी का विस्तार कर लक्षित गांवों तक पानी पहुंचाने की घोषणा भी की है। इससे पहले जिला परिषद सदस्य अंजू देवी की पहल और पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह के प्रयास से मंत्रिपरिषद ने 12.47 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी थी। हालांकि यह राशि अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान में खर्च हो गई। इस डैम से डाली, माली, गजरही, भजनियां, बेगमपुरा, पटखौलिया, झरी और तेंदुआ सहित दो दर्जन से अधिक गांवों के किसान सिंचाई सुविधा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। किसानों को उम्मीद है कि वितरणी के निर्माण से उनके खेतों तक पानी पहुंचेगा और फसलों की पैदावार बढ़ेगी।

# सिगरेट नहीं देने पर किराना दुकान में लगाई आग, 10 लाख की संपत्ति जली

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के सुआ गांव स्थित निराला टोला में सिगरेट नहीं देने पर कुछ युवकों द्वारा किराना सह जनरल स्टोर में आग लगा देने का मामला सामने आया है। घटना में दुकान में रखा सामान, नकदी और शादी के लिए खरीदा गया सामान समेत करीब 10 लाख रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई।

घटना बुधवार देर रात करीब 11 बजे के बाद की बताई जा रही है। सूचना मिलने पर सदर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

दुकानदार राजेश कुमार गुप्ता ने पुलिस को दिए आवेदन में बगल के टोले के रितिक सिंह, छोटू सिंह समेत कुछ युवकों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि रात में चार युवक सिगरेट मांगने के लिए दुकान का शटर पीटने लगे। विरोध करने पर उन्होंने गाली-गलौज और मारपीट की कोशिश की तथा जाते समय धमकी दी। कुछ देर बाद दुकान में आग लग गई। दुकानदार के अनुसार उनके भाई की शादी 11 मार्च को होने वाली है, जिसके लिए करीब डेढ़ लाख रुपये का सामान और 80 हजार रुपये नकद दुकान में रखा था, जो आग में जलकर नष्ट हो गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रांसफार्मर कॉयल चोरी कांड का उद्भेदन, एक आरोपी गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** उंटारी रोड थाना पुलिस ने ट्रांसफार्मर कॉयल चोरी मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई ट्रांसफार्मर कॉयल समेत घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल व अन्य सामान बरामद किया गया है।

पुलिस के अनुसार उंटारी रोड थाना कांड संख्या 14/2026, दिनांक 2 मार्च 2026, धारा 303(2) भादवि के तहत दर्ज मामले की जांच के क्रम में पांडू अंचल कैम्प रेहला के पु०नि० राम अशीष पासवान के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी के दौरान ग्राम सिरहा में पुलिस को देखकर एक युवक प्लसर मोटरसाइकिल (संख्या JH03AP-2800) से भागने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ लिया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम कमलेश कुमार चौधरी (18 वर्ष), पिता जनेश्वर चौधरी, ग्राम लहर बंजारी, थाना उँटारी रोड, जिला पलामू बताया। उसकी निशानदेही पर चोरी की गई ट्रांसफार्मर कॉयल बरामद की गई। साथ ही घटना में प्रयुक्त प्लसर मोटरसाइकिल, एक मोबाइल फोन तथा पार्ट-पुर्जा खोलने वाला रिंच भी जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। छापामारी दल में थाना प्रभारी संतोष गिरि, सअनि मुन्नालाल जमुदा, सअनि जेवियर मिंज सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे।

# अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, भारी मात्रा में जावा महुआ नष्ट



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** होली पर्व के मद्देनज़र पलामू पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध महुआ शराब के निर्माण और बिक्री के खिलाफ व्यापक छापामारी अभियान चलाया। 1 मार्च से 3 मार्च तक चलाए गए अभियान में भारी मात्रा में जावा महुआ, देशी शराब तथा शराब बनाने के उपकरणों को मौके पर ही नष्ट किया गया।

नवाजयपुर थाना क्षेत्र के हरैया, दुआंबा, धांगरडीहा और कंचनपुर गांवों में छापामारी कर करीब 250 लीटर जावा महुआ नष्ट किया गया। वहीं उँटारी रोड थाना क्षेत्र के मुर्मा खुर्द में लगभग 80 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया गया।

पिपराटांड़ थाना क्षेत्र के कई गांवों में करीब डेढ़ क्विंटल जावा महुआ, 20 लीटर देशी शराब और उपकरणों को नष्ट किया गया। इसी तरह पालहे कला और सिरमा गांव में करीब 250 किलोग्राम जावा महुआ और 55 लीटर महुआ शराब को नष्ट किया गया।

तरहसी थाना क्षेत्र, नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र तथा पांडू थाना क्षेत्र में भी छापामारी कर बड़ी मात्रा में जावा महुआ और शराब बनाने के उपकरण नष्ट किए गए। पुलिस ने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मेदिनीनगर में धूमधाम से जला होलिका, रंगों में सराबोर हुआ शहर

- डीआईजी, डीसी और एसपी भी होली गीतों पर थिरके

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर शहर में होली का पर्व पूरे उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया। सोमवार और मंगलवार की देर रात शहर के विभिन्न स्थानों पर विधि-विधान से होलिका दहन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

लोगों ने पूजा-अर्चना कर परिवार और समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। चंद्रग्रहण के कारण इस वर्ष परंपरा के अनुसार बुधवार को रंगों की होली खेली गई।


शहर के विभिन्न मोहल्लों में लोग रंग-अबीर के साथ होली का आनंद लेते नजर आए। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने बढ़-चढ़कर इस पर्व में भाग लिया।

प्रशासनिक महकमा भी होली की उमंग से अछूता नहीं रहा। पलामू के डीआईजी किशोर कौशल, उपायुक्त समीरा एस और एसपी रीष्मा रमेशन के आवास पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित हुआ, जहां अधिकारियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और पारंपरिक होली गीतों पर जमकर थिरके।

## मनरेगा कर्मियों ने हड़ताल का किया ऐलान

# 9 से 11 मार्च तक सांकेतिक, 12 से अनिश्चितकालीन आंदोलन

नवीन मेल संवाददाता




**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी संघ ने लंबित मांगों, छह माह से अधिक समय से लंबित मानदेय भुगतान और असंगत कार्य परिस्थितियों के विरोध में हड़ताल की घोषणा की है। संघ के अनुसार राज्यभर के मनरेगा कर्मी 9, 10 और 11 मार्च 2026 को सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे।


संघ ने बताया कि यदि इस अवधि के भीतर उनकी मांगों पर ठोस और समयबद्ध समाधान नहीं किया गया, तो 12 मार्च 2026 से सभी मनरेगा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि मनरेगा कर्मियों की सेवा सुरक्षा, नियमितीकरण नीति के निर्माण, वेतन संरचना में समानता, समयबद्ध मानदेय भुगतान और कार्य परिस्थितियों में सुधार को लेकर लंबे समय से राज्य सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया जा रहा है। इस संबंध में कई बार ज्ञापन सौंपे गए और प्रतिनिधिमंडल स्तर पर वार्ता भी हुई, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है।

इसी के मद्देनजर संघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सर्वसम्मति से आंदोलन का निर्णय लिया गया। इसके तहत पलामू जिले के सभी मनरेगा कर्मी भी 9, 10 और 11 मार्च को सांकेतिक हड़ताल पर रहेंगे। संघ ने स्पष्ट किया है कि यदि सरकार द्वारा मांगों पर सकारात्मक पहल नहीं की जाती है, तो 12 मार्च से जिले सहित पूरे राज्य के मनरेगा कर्मी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

# मनातू थाना क्षेत्र में चार एकड़ अवैध पोस्ता फसल नष्ट

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मनातू थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब चार एकड़ में लगी अवैध अफीम/पोस्ता की फसल नष्ट कर दी।

पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम करमा के जंगली क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध रूप से अफीम/पोस्ता की खेती की जा रही है। सूचना के आधार पर मनातू थाना पुलिस और सशस्त्र बल के जवानों ने छापामारी अभियान चलाया।

अभियान के दौरान करीब चार एकड़ क्षेत्र में लगी अवैध पोस्ता की फसल को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि इस खेती में शामिल लोगों की पहचान और सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ वन अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# भंडार पंचायत सचिव की कार्यशैली से नाराज़ ग्रामीण, उपायुक्त से करेंगे शिकायत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर/विश्रामपुर।** भंडार पंचायत में पंचायत सचिव की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर लाभुकों एवं बिचौलियों से मनमानी राशि की अपेक्षा की जाती है। मनमाफिक रकम नहीं देने पर योजनाओं की प्रक्रिया में अनावश्यक बाधाएं खड़ी कर दी जाती हैं।

ग्रामीणों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना और मनरेगा समेत अन्य विकास योजनाओं में लाभुकों को समय पर स्वीकृति, भुगतान और तकनीकी प्रक्रिया में अपेक्षित सहयोग नहीं मिल पा रहा है। कुछ लाभुकों ने नाम प्रकाशित नहीं करने की शर्त पर बताया कि उनसे अप्रत्यक्ष रूप से अतिरिक्त राशि की मांग की जाती है। राशि नहीं देने पर फाइल लंबित रखने की चेतावनी भी दी जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत में भय और दबाव का माहौल बन गया है, जिससे कई लोग खुलकर विरोध करने से हिचक रहे हैं। हालांकि अब ग्रामीणों ने एकजुट होकर मामले को जिला प्रशासन तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि जल्द ही सामूहिक रूप से पलामू उपायुक्त को लिखित शिकायत देकर पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की जाएगी। ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत का उद्देश्य गांव का विकास और गरीबों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। ऐसे में योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बेहद जरूरी है। उन्होंने जिला प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिकायत करने वालों में कृष्णा तिवारी, राजा राम, दिवाकर प्रसाद, आदित्य राय, अंजनी पांडेय, चरितर राम, कुसूमी देवी, चंपा कुंवर, शनिचरी देवी और गीता देवी समेत कई ग्रामीण शामिल हैं।

# केतार में मनरेगा मजदूरों का दो माह से भुगतान लंबित, 9,172 मजदूरों का 1.40 करोड़ बकाया

बिट्टू सिंह



**केतार।** केतार प्रखंड में मनरेगा मजदूरों का पिछले दो माह से मजदूरी भुगतान लंबित है। भुगतान नहीं होने से मजदूरों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मजदूरों का कहना है कि उन्होंने तालाब, डोभा, सिंचाई कूप और बागवानी जैसी योजनाओं में काम किया, लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी उनके खातों में मजदूरी की राशि नहीं पहुंची है। इससे परिवार के दैनिक खर्च और बच्चों की पढ़ाई-लिखाई जैसी आवश्यकताओं को पूरा करना मुश्किल हो गया है।

मजदूरों को उम्मीद थी कि होली के अवसर पर मजदूरी मिल जाएगी, लेकिन भुगतान नहीं होने से उन्हें निराशा हाथ लगी। प्रखंड के सात पंचायतों के कुल 9,172 मजदूरों का लगभग 1 करोड़ 40 लाख 4 हजार 855 रुपये मजदूरी बकाया है। इनमें बलिगढ़ पंचायत के 1,937 मजदूरों का 29,61,060 रुपये, केतार पंचायत के 1,731 मजदूरों का 26,46,645 रुपये, लोहरगाड़ा पंचायत के 75 मजदूरों का 1,53,510 रुपये, मुकुंदपुर पंचायत के 1,844 मजदूरों का 28,06,530 रुपये, पाचाडुमर पंचायत के 2,444 मजदूरों का 37,19,940 रुपये, परसोडीह पंचायत के 645 मजदूरों का 9,87,105 रुपये तथा परती कुशवानी पंचायत के 496 मजदूरों का 7,30,065 रुपये मजदूरी लंबित है।

मजदूरों ने जल्द से जल्द भुगतान कराने की मांग की है। इस संबंध में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि मजदूरी भुगतान के लिए राज्य स्तर पर एफटीओ भेज दिया गया है। भुगतान की प्रक्रिया राज्य और केंद्र स्तर से पूरी की जाती है।

## होली पर मांस-मछली की बिक्री बढ़ी, नशे में झड़प की घटनाएं

- शराब बिक्री को लेकर भी चर्चाएं, प्रशासन ने स्थिति संभाली

**चतरा।** होली के अवसर पर जिले के विभिन्न बाजारों में मांस, मछली और अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री में काफी वृद्धि देखी गई। कई दुकानों पर खरीदारों की लंबी कतारें लगी रहीं। हालांकि शराब दुकानों की बंदी के बावजूद सिमरिया, इटखोरी, गिद्धौर, टंडवा, हंटरगंज और पत्थलगड़ा समेत कई क्षेत्रों में शराब बिक्री की चर्चाएं रहीं। कुछ स्थानों पर नशे में लोगों के बीच विवाद और झड़प की घटनाएं भी सामने आईं। प्रशासन की सक्रियता के कारण स्थिति नियंत्रित रही और कोई बड़ी घटना नहीं हुई। स्थानीय लोगों ने त्योहारों के दौरान अवैध शराब की बिक्री पर सख्त निगरानी की मांग की है।

# केतार थाना में होली मिलन समारोह अबीर-गुलाल के साथ सौहार्द का संदेश



नवीन मेल संवाददाता

**केतार।** केतार थाना परिसर में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन उत्साह और भाईचारे के माहौल में किया गया। कार्यक्रम में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, प्रबुद्धजन, समाजसेवी तथा प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस दौरान थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी सहित उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। थाना परिसर रंगों से सराबोर हो उठा और पूरे माहौल में आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता का संदेश गूंजता रहा।

थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी ने कहा कि होली केवल रंगों का पर्व नहीं, बल्कि दिलों को जोड़ने का अवसर है। यह पर्व आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के करीब आने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से पुलिस और आमजन के बीच विश्वास व सहयोग की भावना मजबूत होती है, जो क्षेत्र में शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक है।

उन्होंने सभी से अपील की कि होली का पर्व शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक तत्वों से सतर्क रहें। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने देर रात तक क्षेत्र में गश्ती भी की।

# बड़कागांव में नीलकंठ महादेव मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर निकली भव्य जलयात्रा

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मेदिनीनगर के बड़कागांव स्थित मलय, अमानत और कुन्दरह नदियों के पावन संगम तट पर नवनिर्मित नीलकंठ महादेव मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ।

शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समिति के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय अनुष्ठान के प्रथम दिन गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसका शुभारंभ पूर्व मेयर प्रत्याशी नम्रता त्रिपाठी ने पूजा-अर्चना कर किया।

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा क्षेत्र हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा।

समिति के अनुसार यज्ञ के दूसरे दिन पंचांग पूजन और जलाधिवास, तीसरे दिन अन्नाधिवास, फलाधिवास व नगर भ्रमण तथा 8 मार्च को प्रतिष्ठा पूजन, पूर्णाहुति और महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा।

## कांडी प्रखंड में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली पर्व



**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र में रंगों का पर्व होली पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांवों और बाजारों में होली की रौनक देखने को मिली। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी रंगों में सराबोर नजर आए। जगह-जगह युवाओं ने टोली बनाकर ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए होली का आनंद लिया। कई स्थानों पर पारंपरिक फगुआ गीत भी गाए गए। महिलाओं ने भी समूह बनाकर होली गीत गाए और एक-दूसरे को रंग लगाकर खुशियां मनाईं।

# बकरी विवाद में हत्या के चार आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

नवीन मेल संवाददाता



**बड़गड़।** (गढ़वा) थाना क्षेत्र अंतर्गत टेहरी पंचायत के हेसातु गांव के दुबियाठी टोला में बकरी चराने के विवाद में हुई हत्या के मामले में पुलिस ने चार नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में रामकिशुन यादव उर्फ दुबई यादव, राजू यादव, छोटू यादव और संतोष यादव शामिल हैं।थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि कुछ दिन पूर्व इन आरोपियों ने सूर्यदेव यादव की तीन बकरियों को खेती चराने के विवाद में जहर देकर मार दिया था। इसकी सूचना सूर्यदेव यादव ने टेहरी पंचायत की मुखिया बिनको टोप्पो को दी थी। बताया गया कि मृत बकरियों की तस्वीर लेने के लिए सूर्यदेव यादव दुबई यादव के घर गए थे। इसी दौरान दुबई यादव ने टांगी से हमला कर उनकी हत्या कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे सूर्यदेव यादव की पत्नी लंगड़ी देवी और उनके पुत्र महेश यादव, गणेश यादव तथा रमेश यादव को भी कुल्हाड़ी और डंडे से मारकर घायल कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। इस मामले में मृतक के पुत्र गणेश यादव के बयान पर बड़गड़ थाना में कुल 11 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह ने बताया कि घटना में प्रयुक्त खून से सनी कुल्हाड़ी, दो लकड़ी के बेंत तथा एक खून लगी लाठी बरामद की गई है। छापेमारी दल में भंडरिया पुलिस निरीक्षक सुभाष कुमार पासवान, राजेश कुमार वर्मा, सअनि संतोष कुमार उपाध्याय, योगेंद्र उरांव सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## अफवाह से पेट्रोल पंपों पर भीड़, लोग करा रहे वाहनों की टंकी फुल

**रंका।** सोशल मीडिया पर ईरान और अमेरिका के बीच संभावित युद्ध की खबरों के वायरल होने के बाद गुरुवार दोपहर रंका स्थित पेट्रोल पंपों पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। भारत पेट्रोलियम के पेट्रोल पंप सहित अन्य पंपों पर बड़ी संख्या में लोग अपने वाहनों की टंकी फुल कराने के लिए कतार में खड़े नजर आए। लोगों का कहना है कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और संदेशों में दावा किया जा रहा है कि संभावित युद्ध के कारण आने वाले दिनों में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। इसी आशंका के कारण लोग एहतियात के तौर पर टंकी फुल करा रहे हैं। हालांकि पेट्रोल पंप कर्मचारियों ने लोगों से अपील की कि पेट्रोल-डीजल की सप्लाई फिलहाल सामान्य है और अफवाहों पर ध्यान देने की जरूरत नहीं है।

# सुंडीपुर में अवैध शराब बिक्री का भंडाफोड़, एक गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता




**कांडी।** थाना क्षेत्र के सुंडीपुर गांव में अवैध रूप से शराब बिक्री के मामले में पुलिस ने छापेमारी कर भारी मात्रा में शराब बरामद की है। इस कार्रवाई में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कांडी थाना प्रभारी असफाक आलम को 4 मार्च को गुप्त सूचना मिली थी कि ग्राम सुंडीपुर स्थित सरकारी देसी कंपोजिट शराब दुकान से ड्राई डे के दिन अवैध रूप से शराब बेची जा रही है। सूचना के आधार पर अंचलाधिकारी राकेश सहाय और पुलिस टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान दुकान के अंदर मौजूद लव कुमार पासवान (पिता स्व. राधेश्याम पासवान, निवासी पंसा बरडीहा, थाना हैदरनगर, जिला पलामू) को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान विभिन्न ब्रांड की बड़ी मात्रा में शराब बरामद की गई। पुलिस ने शराब को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 274, 275, 292, 223 तथा उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ए) के तहत मामला दर्ज किया है। इस संबंध में कांडी थाना कांड संख्या 18/26 दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# खरौंधी प्रखंड में सौहार्दपूर्ण माहौल में शांतिपूर्वक संपन्न हुआ होली पर्व

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी।** (गढ़वा) प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्योहार होली आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक संपन्न हो गया। दो दिनों तक चले इस पर्व को लेकर पूरे प्रखंड में उत्साह का माहौल बना रहा। नवयुवक, बच्चे, बुजुर्ग और महिलाओं ने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को रंग, अबीर और गुलाल लगाकर होली की खुशियां साझा कीं। सोमवार देर रात विधि-विधान के साथ होलिका दहन के बाद होली पर्व की शुरुआत हुई। इसके बाद विभिन्न मोहल्लों और गांवों में पारंपरिक फगुआ गायन, चइता कार्यक्रम तथा होली जुलूस का आयोजन किया गया। कई स्थानों पर युवा डीजे की धुन पर झूमते नजर आए, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक गीत-संगीत की छटा देखने को मिली। चंद्रग्रहण के कारण इस वर्ष एक दिन विलंब से होली मनाई गई। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। खरौंधी बाजार परिसर में बीडीओ रविंद्र कुमार द्वारा दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गई थी। वहीं थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम के नेतृत्व में पुलिस की गश्ती तेज रही और संवेदनशील स्थलों पर जवानों की तैनाती की गई। प्रशासन की मुस्तैदी के कारण कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष उपेंद्र दास, भाजपा नेता जितेंद्र प्रसाद यादव, राजेश कुमार रजक, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान, उपप्रमुख देवदत्त प्रसाद आर्य, विधायक प्रतिनिधि हिफाजत अंसारी, पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी, विवेकानंद यादव, समाजसेवी सतीस राम, संतोष कुमार सिंह, कृष्णा गुप्ता, अरविंद पासवान, जाकिर हुसैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न पंचायतों में पहुंचकर लोगों के साथ होली खेली और शुभकामनाएं दीं।

# मेराल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली पर्व

नवीन मेल संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्योहार होली पारंपरिक उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बुधवार सुबह से ही चौक-चौराहों, टोला-मोहल्लों और गांवों में बच्चों और युवाओं की टोलियां एक-दूसरे को पिचकारी और गुलाल से रंगते नजर आए। घरों में पारंपरिक रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना के बाद पुआ, पकवान और अन्य व्यंजनों का आनंद लेते हुए लोगों ने होली खेली। लोग समूह बनाकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाते और मिठाइयां खिलाकर होली की शुभकामनाएं देते रहे। कई स्थानों पर डीजे साउंड और ढोलक-झाल-मंजीरा की धुन पर पारंपरिक फगुआ गीत गाए गए। हर वर्ष की तरह इस बार भी मेराल थाना परिसर में विशेष होली मिलन का आयोजन हुआ, जहां रंग-अबीर और पारंपरिक गीतों के साथ लोगों ने व्यंजनों का आनंद लिया। होली को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन सतर्क रहा। सीओ सह प्रभारी बीडीओ यशवंत नायक के निर्देशन में थाना प्रभारी विष्णु कांत के नेतृत्व में सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। होली के दिन बाजारों में भी काफी चहल-पहल रही। किराना दुकानों, रंग-अबीर की दुकानों तथा मांस-मुर्गा की दुकानों पर लोगों की भीड़ देखी गई।

# बड़गड़ में हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया होली पर्व

नवीन मेल संवाददाता

**बड़गड़।** प्रखंड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्योहार होली हर्षोल्लास, आपसी भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर बड़गड़ थाना परिसर में थाना प्रभारी दीपक कुमार मौर्य की मौजूदगी में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान थाना प्रभारी ने पुलिसकर्मियों और स्थानीय लोगों को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। थाना परिसर में उपस्थित लोगों ने भी एक-दूसरे को रंग लगाकर पर्व की खुशियां बांटी और क्षेत्र में शांति व सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। प्रखंड के विभिन्न गांवों में भी होली का पर्व पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर फगुआ गीत, भजन-कीर्तन तथा पारंपरिक होली गीतों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। ढोल-मांदर की थाप पर गूंजते फगुआ गीतों से पूरा वातावरण उत्सवमय हो गया। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी ने मिलकर रंग-अबीर और गुलाल उड़ाते हुए होली का आनंद लिया।

# नगर ऊंटारी थाना परिसर में होली मिलन समारोह, पुलिस-जनता ने मिलकर मनाया पर्व

नवीन मेल संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** रंगों का पर्व होली पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। इसी क्रम में नगर ऊंटारी थाना परिसर में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस प्रशासन, शहर के गणमान्य लोग, व्यवसायी और स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने उपस्थित लोगों को अबीर-गुलाल लगाकर और मिठाई खिलाकर की। इस दौरान थाना परिसर का माहौल पूरी तरह रंगों और खुशियों से सराबोर हो गया। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का पर्व है। इस दिन लोग पुराने मतभेदों को भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाते हैं और समाज में सौहार्द का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी ने पारंपरिक होली गीत भी प्रस्तुत किए, जिससे उपस्थित लोग झूमने और गुनगुनाने लगे। लोगों ने तालियों से उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शंभूनाथ सौदागर, उपाध्यक्ष हृदयानंद कमलापुरी, संजय कांस्याकर, उमेश कुमार, कमलेश कुमार, सुमित मेहता, अजय सेठ, एसआई अमित प्रशांत, संदीप कुमार रवि, सअनि राणा संजय सिंह, संजय महतो, कौशल कुमार दुबे, बबलू मरांडी, अविनाश दुबे सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## खरौंधी में 5 दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के पहले दिन निकली भव्य कलश शोभायात्रा

# 8 मार्च को महायज्ञ का मुख्य कार्यक्रम होगा

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी।** प्रखंड मुख्यालय खरौंधी में संत शिरोमणि सुंदर राज यतिराज जी महाराज के सानिध्य में आयोजित पांच दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के प्रथम दिन गुरुवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर प्रखंड के विभिन्न गांवों से हजारों महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। सुबह से ही यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी थी। गणेश पूजन के बाद श्रद्धालु कलश लेकर मझिगावां पंचायत स्थित पवित्र सतवाहिनी संगम से जल उठाने के लिए रवाना हुए। भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच शोभायात्रा आगे बढ़ती रही। सतवाहिनी संगम पहुंचकर श्रद्धालुओं ने वैदिक विधि-विधान से कलश में जल भरा और पुनः यज्ञ स्थल पहुंचकर कलश की स्थापना की। यज्ञ समिति के अनुसार 8 मार्च को महायज्ञ का मुख्य कार्यक्रम होगा, जिसमें देवी मां की प्रतिमा को नव निर्मित मंदिर में विधिवत स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान आयोजित होंगे।

# ठाकुरबाड़ी मंदिर व राजदरबार में परंपरा के साथ खेली गई होली

नवीन मेल संवाददाता

**गढ़वा।** जिले के रंका नगर में राजरियासत की ऐतिहासिक और पारंपरिक होली बुधवार को पूरे हर्षोल्लास, श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ मनाई गई। शाम चार बजे से रात आठ बजे तक चले इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और नगरवासी शामिल हुए तथा परंपरागत तरीके से होली का आनंद लिया। पारंपरिक कार्यक्रम की शुरुआत रंका रघुनाथ अखाड़ा से हुई, जहां से होली की परंपरा आगे बढ़ाते हुए श्रद्धालु ठाकुरबाड़ी मंदिर पहुंचे। यहां राजपरिवार की परंपरा के अनुसार विशेष पूजा-अर्चना की गई। राजपरिवार के सदस्य राजा कुमार गोबर्धन प्रसाद सिंह ने भगवान को अबीर अर्पित कर होली की विधिवत शुरुआत की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भी भगवान को अबीर-गुलाल अर्पित कर आशीर्वाद लिया और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। मंदिर परिसर में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रघुनाथ अखाड़ा के महंत बलराम पांडे द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक फगुआ और होली गीत रहे। उनके मधुर गायन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।


**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड)**
**कार्यालय -भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा**

**वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत संचालित मृदा एवं जल संरक्षण योजनान्तर्गत नई उपयोजना "समेकित बिरसा पक्का चेक डैम" निर्माण हेतु सूचना**

लोहरदगा जिले के सभी लघु एवं सीमान्त कृषक समूहों को सूचित किया जाता है कि कृषि कार्य हेतु भू–झरण रोकने, खेतो में नमी संरक्षण तथा वर्षा जल संचयन, अपवाह जल की गति कम करने एवं जल के साथ बहते हुए गाद के अवरोध हेतु वित्तीय वर्ष 2025–26 में राज्य योजनान्तर्गत संचालित मृदा एवं जल संरक्षण योजनान्तर्गत नई उपयोजना विभागीय राज्यादेश संख्या–71 दिनांक 15.01.2026 के आलोक में "समेकित बिरसा पक्का चेक डैम (बिरसा पक्का चेक डैम" लूज बोल्डर चेक डैम तथा गार्डवाल अवयवों सहित)" निर्माण जिससे वार्षिक प्रवाह वाले छोटे–छोटे नालों में बहते हुए पानी का कृषि के कार्य में समुचित उपयोग किया जा सके के लिए प्रकाशन की तिथि से दिनांक 15.03.2026 तक आवेदन पत्र (स्थानीय जनप्रतिनिधि के अनुशंसा सहित) आमंत्रित किए जाते है।

| क्र0 | जिला का नाम | मद | भौतिक लक्ष्य (संख्या में) | वित्तीय लक्ष्य (लाख रू0) | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | लोहरदगा | टी0एस0पी0 | 04 | 80.00 | |

उक्त योजना से संबंधित अन्य जानकारियों के लिए निम्न पत्ते पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**कार्यालय का पता–** भूमि संरक्षण कार्यालय लोहरदगा, वीरबुधू भगत भवन, दुसरा तल्ला, लोहरदगा, पिन कोड–835302,फोन नं0 –8587973780

भूमि संरक्षण पदाधिकारी, लोहरदगा।

PR.NO.374091 Lohardaga(25-26):D



**जिला अभियंता का कार्यालय**
**जिला परिषद्, लातेहार।**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 30 वर्ष 2025–26**
**15वें वित्त आय मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 13.03.2026 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 13.03.2026 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 14.03.2026 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. Cost | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बालूमाथ | मारंगलोईया | बारा | पीच रोड से उमाकांत मिश्रा के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 425800 | 9000 | 750 | 02 Month |
| 02 | बालूमाथ | गणेशपुर | गणेशपुर | भादे भुईया के घर से बथान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 303200 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 03 | बालूमाथ | गणेशपुर | गणेशपुर | टोला रामपुर में अम्बेदकर भवन के पास पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 252000 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 04 | बालूमाथ | गणेशपुर | आरा | ग्राम आरा में जलमीनार एवं डीपबोरिंग निर्माण। | 622700 | 12500 | 1250 | 02 Month |
| 05 | बालूमाथ | बसिया | बसिया | कुरमी टोला में आंगनबाडी केन्द्र से जीतू लोहरा के घर तक नाली निर्माण। | 250000 | 5000 | 750 | 02 Month |
| 06 | बालूमाथ | सेरेगडा | सेरेगडा | बाजार पुल से अजय गुप्ता के घर तक नाली निर्माण। | 250000 | 5000 | 750 | 02 Month |
| 07 | बालूमाथ | बसिया | नगडा | टोला बेलवाडीह में गिरधारी साव के घर से शंघर साव के घर तक नाली निर्माण। | 250000 | 5000 | 750 | 02 Month |
| 08 | बालूमाथ | धाधू | हेमपुर | शाहदेव गंझू के घर से शिव मन्दिर तक नाली निर्माण। | 250000 | 5000 | 750 | 02 Month |
| 09 | बालूमाथ | बालूमाथ | बडका बालूमाथ | बडका बालूमाथ में छठ घाट में सीढी निर्माण। | 349340 | 7000 | 750 | 02 Month |
| | बालूमाथ | बालूमाथ | बालूमाथ | अखर से सेरेगडा रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | | | | |
| 10 | बालूमाथ | झाबर | ईचाक | छठ घाट में सीढी निर्माण। | 274400 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 11 | बालूमाथ | झाबर | कोमर | छठ घाट में चबुतरा सहित सीढी निर्माण। | 274400 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 12 | बालूमाथ | चेताग | चेताग | गुडू पाहन के घर से आशीष ओझा के घर तक नाली निर्माण। | 250000 | 5000 | 750 | 02 Month |
| 13 | बालूमाथ | रजवार | कुरियामखुर्द | चार मुहान से गमहेल थान तक नाली निर्माण। | 250000 | 5000 | 750 | 02 Month |
| 14 | बालूमाथ | झाबर | कोमर | बाडी आहर मरम्मति एवं कर्ल्भट निर्माण। | 350000 | 7000 | 750 | 02 Month |
| 15 | बालूमाथ | झाबर | झाबर | प्रजापति टोला में गार्डवाल निर्माण। | | | | |
| 16 | बालूमाथ | झाबर | कोमर | बाबुल आहर का मरम्मति कार्य। | 511700 | 10500 | 1250 | 02 Month |
| 17 | बालूमाथ | झाबर | कोमर | खेदू दोहर आहर मरम्मति कार्य। | | | | |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो सचिव, जिला परिषद, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं HDFC BANK, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत होगा जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR 374103 Rural Development(25-26)D



**जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार।**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 31 वर्ष 2025–26**
**15वें वित्त आय मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 16.03.2026 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 16.03.2026 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 17.03.2026 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q Cost | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | बारियातु | डाढा | पुचकू | जम्बुआ गढा में शमशान शेड निर्माण। | 260000 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 02 | बारियातु | टोंटी | टोंटी | छठ नदी के पास शमशान शेड निर्माण। | 261500 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 03 | बारियातु | फुलसू | लाटू | रमेश साव के घर से टेमा भगत के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 465300 | 9500 | 750 | 02 Month |
| 04 | बारियातु | शिबला | बेसरा | नावाटोली में अरविन्द यादव के घर से कोमल गंझू के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 403500 | 8500 | 750 | 02 Month |
| 05 | बारियातु | बारियातु | बारियातु | राम मदिर के बगल में स्नानागार निर्माण। | 367900 | 7500 | 750 | 02 Month |
| 06 | बारियातु | शिबला | भाटचतरा | हिरामन साव के घर से बासदेव साव के घर तक नाली निर्माण। | 320000 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 07 | बारियातु | फुलसू | फुलसू | पिपराटोला में गंगा यादव के घर से मडुवा गढा तक नाली निर्माण। | 265000 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 08 | बारियातु | बारियातु | बारियातू | टोला अम्वाडीह में रकसाही बांध मरम्मति। | 310800 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 09 | बारियातु | बारियातु | गाडी | ग्राम गाडी सोरंगा तालाब मरम्मति। | 381000 | 8000 | 750 | 02 Month |
| 10 | बारियातु | गोनिया | गडगोमा | ग्राम गडगोमा में हत्यारी बांध मरम्मति। | 322600 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 11 | हेरहंज | हेरहंज | हेरहंज | टोला डगरा मछिन्दर यादव के घर से सहादेव भुईया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 299000 | 6000 | 750 | 02 Month |
| 12 | हेरहंज | सेरनदाग | खपिया | धनपत सिंह के घर से पिन्टु सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 299000 | 6000 | 750 | 02 Month |
| 13 | हेरहंज | सेरनदाग | सासंग | इमली पेड से दिपु सिंह के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 300000 | 6000 | 750 | 02 Month |
| 14 | हेरहंज | सेरनदाग | डोडी | कुसुम कोना बांध मरम्मति। | 300000 | 6000 | 750 | 02 Month |
| 15 | हेरहंज | सेरनदाग | हेसातु | जामुन झरीया बांध मरम्मति। | 309100 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 16 | हेरहंज | चीरू | सेरका | जामुन टोला से मोसाफीर मिंया के घर तक नाली निर्माण। | 311000 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 17 | हेरहंज | सेरनदाग | बन्दुआ | रघु यादव के घर से रामऔतार यादव के घर तक नाली निर्माण। | 311700 | 6500 | 750 | 02 Month |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं HDFC BANK, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

PR 374101 (Rural Development) 25-26 (D)

# रंगों की धूम में डूबा लातेहार, उत्साह और उमंग के साथ मनाई गई होली

- प्रशासनिक अधिकारियों ने भी लोगों के बीच पहुंचकर साझा की खुशियां

**नवीन मेल संवाददाता**



**लातेहार।** जिले में इस बार होली का पर्व पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों और सभी प्रखंड मुख्यालयों तक हर जगह रंगों की बौछार और उत्सव का माहौल देखने को मिला। आम जनता के साथ-साथ जिले के प्रशासनिक अधिकारी भी होली के रंग में रंगे नजर आए। उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव सहित कई अधिकारियों ने भी लोगों के बीच पहुंचकर होली की खुशियां साझा कीं।

सोमवार देर रात जिले के विभिन्न स्थानों पर विधि-विधान के साथ होलिका दहन किया गया। देर रात होलिका दहन और चंद्रग्रहण के कारण लोगों ने होली का त्योहार बुधवार को मनाया। मंगलवार से ही शहर के चौक-चौराहों पर ध्वनि विस्तारक यंत्रों की गूंज सुनाई देने लगी थी।

बुधवार की सुबह लोगों ने अपने घरों में पूजा-अर्चना करने के बाद रंग और गुलाल के साथ होली खेलनी शुरू कर दी। लाल, पीला, हरा, गुलाबी और नीले रंगों से लातेहार की सड़कें रंगीन हो उठीं। बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी ने पूरे उत्साह के साथ होली का आनंद लिया। कई स्थानों पर युवाओं ने बाजे की धुन पर जमकर नृत्य भी किया।

शाम होते ही लोग नए कपड़े पहनकर एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई देने लगे। बच्चों और युवाओं ने बड़ों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और घर-घर में बने पारंपरिक पकवानों का स्वाद लिया। हालांकि कुछ स्थानों पर कुछ लोग नशे की हालत में भी दिखाई दिए। जिले के बरवाडीह, गारू, महुआडांड़, चंदवा, हेरहंज, बारियातू, बालूमाथ और मनिका समेत सभी क्षेत्रों में होली का पर्व धूमधाम से संपन्न हुआ।

होली को लेकर बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। विभिन्न प्रकार की पिचकारियों की दुकानों पर भीड़ लगी रही। साधारण पिचकारियों के साथ म्यूजिकल, पंप वाली, टैंक और गन स्टाइल पिचकारियों की भी खूब मांग रही। इनकी कीमत 20 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक रही। इसके अलावा चार फुट लंबी और लगभग पांच लीटर पानी क्षमता वाली पिचकारियां भी लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र बनी रहीं।

त्योहार को लेकर मांस, मुर्गा और मछली की भी जमकर खरीदारी हुई। बाजार में खस्सी का मांस लगभग 800 रुपये प्रति किलो तक बिका, जबकि पोल्ट्री मुर्गा करीब 160 रुपये प्रति किलो और मछली लगभग 250 रुपये प्रति किलो तक लोगों ने खरीदी।

## न्यूज बॉक्स

### ब्रह्मपुर पहाड़ी के पास दो कारों की आमने-सामने टक्कर

**गिद्धौर (चतरा)।** थाना क्षेत्र के ब्रह्मपुर पहाड़ी के समीप दो कारों के बीच आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। हालांकि दोनों वाहनों के चालक इस हादसे में बाल-बाल बच गए, जिससे एक बड़ी दुर्घटना टल गई। मिली जानकारी के अनुसार एक कार इटखोरी से गिद्धौर की ओर आ रही थी, जबकि दूसरी कार गिद्धौर से इटखोरी की ओर जा रही थी। इसी दौरान ब्रह्मपुर पहाड़ी के पास अचानक दोनों वाहन अनियंत्रित हो गए और आमने-सामने टकरा गए। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। दुर्घटना के बाद एक कार चालक मौके से फरार हो गया, जबकि दूसरा चालक सुरक्षित बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाने में लग गई। पुलिस दुर्घटना के कारणों की जांच कर रही है।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर निकलेगी महिला रैली

**चंदवा।** आगामी 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन के बैनर तले महिला रैली एवं सभा का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम सरहुल मैदान, कुसुमटोली में आयोजित होगा। यूनियन के अध्यक्ष प्रमोद साहू ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की पूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक स्वतंत्रता और राजनीतिक भागीदारी के अधिकार की मांग उठाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज भी समाज में महिलाएं शोषण, दमन और अत्याचार का सामना कर रही हैं तथा उनकी आवाज को दबाने की कोशिश की जाती है। इन्हीं मुद्दों को लेकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशाल रैली और सभा आयोजित की जा रही है। प्रमोद साहू ने मजदूरों और महिलाओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### चतरा जिले में धूमधाम से मनी होली

**चतरा।** जिला मुख्यालय सहित मयूरहंड, प्रतापपुर, कुंदा, गिद्धौर, सिमरिया, पत्थलगड़ा, टंडवा और इटखोरी प्रखंडों में होली का पर्व हर्षोल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया। होली के अवसर पर लोगों ने ऊंच-नीच और अमीरी-गरीबी जैसे भेदभाव भूलकर एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। इससे पहले सोमवार देर रात शहर और गांवों में पारंपरिक तरीके से होलिका दहन किया गया और लोगों ने सुख-समृद्धि की कामना की। गांवों की गलियों और चौपालों में ढोलक, ताशा और हरमोनियम की धुन पर फगुआ गीत गाए गए। युवाओं ने ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नृत्य किया, जबकि महिलाओं ने पारंपरिक गीतों से माहौल को उत्सवी बना दिया। कई स्थानों पर सामूहिक होली मिलन समारोह भी आयोजित किए गए। पूरे जिले में उत्साह का माहौल रहा और कहीं से भी किसी बड़ी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

### सिमरिया में शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई होली

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया प्रखंड में होली का पर्व शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह की विशेष धूम रही। कार्यक्रम में लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी और आयोजन की सराहना की। होली को लेकर प्रशासन भी सतर्क रहा। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। थाना प्रभारी सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि पूरे क्षेत्र में पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ और कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

### युवक की हत्या की गुत्थी 24 घंटे में सुलझी

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत मटलौंग पुलिस पिकेट के पास होली से एक दिन पूर्व रात में कारू नामक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपियों में एक महिला भी शामिल है। मनिका पुलिस ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि हत्या की घटना के बाद पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर एक विशेष टीम का गठन किया गया था। गठित टीम ने जांच के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। गिरफ्तार आरोपियों में संतु भुइयां (35 वर्ष), सोनी देवी (32 वर्ष), जमुना उरांव (20 वर्ष) और शंभु उरांव (25 वर्ष) शामिल हैं। सभी मनिका थाना क्षेत्र के ग्राम माइल टोला सेमरहट के निवासी हैं। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर मृतक की नीले रंग की मोटरसाइकिल (आर-वन, जेएच 03 एआर 9235) भी बरामद कर ली है। सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजते हुए लातेहार जेल भेज दिया गया है। हत्या के उद्भेदन के लिए गठित पुलिस टीम में थाना प्रभारी प्रभात कुमार दास, पुअनि सत्येंद्र कुमार, पुअनि सुमित कुमार सिंह, सअनि मिश्रा मांझी, सअनि नरेंद्र प्रसाद सिंह तथा सैट-126 सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### आधुनिकता के दौर में गुम हो रही पारंपरिक होली



**चतरा।** होली के पारंपरिक वाद्य यंत्र ढोल, मंजीरा और झाल की मधुर ध्वनि अब धीरे-धीरे आधुनिक डीजे और साउंड सिस्टम के शोर में दबती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार पहले होली से करीब पंद्रह दिन पहले ही गांवों में ढोल-मंजीरा की थाप पर फगुआ गीत गाए जाते थे और चौपालों पर गीत-संगीत की महफिल सजती थी। बुजुर्गों का कहना है कि समय के साथ यह परंपरा धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। उन्होंने समाज से अपील की है कि पारंपरिक लोक संस्कृति और होली की पुरानी परंपराओं को बचाने के लिए पहल की जानी चाहिए।

## बालूमाथ में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई होली

- मां सत्यहारनी नगरी में युवाओं ने खेली पारंपरिक 'कपड़ा फाड़ होली', मटका फोड़ प्रतियोगिता रही आकर्षण



**बालूमाथ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली महोत्सव मनाया गया। मंगलवार की रात होलिका दहन के साथ ही रंगों का पर्व शुरू हो गया। चार मार्च की सुबह से ही प्रखंड के हर गली-मोहल्ले में लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित मां सत्यहारनी नगरी में भी होली की विशेष धूम रही। यहां युवाओं ने परंपरागत 'कपड़ा फाड़ होली' खेलते हुए होली गीतों पर जमकर नृत्य किया। संध्या बेला में समिति की ओर से मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुहल्ले के बच्चे, महिलाएं और पुरुषों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता काफी रोमांचक रही। बालक वर्ग में अजीत कुमार की पुत्री सानवी कुमारी तथा बालिका वर्ग में दिवाकर प्रसाद की पुत्री सुप्रिया कुमारी ने मटका फोड़कर विजय प्राप्त की। इसके अलावा मुरपा मोड़, टमटम टोला, महावीर मंदिर सहित कई स्थानों पर लोग होली गीतों पर झूमते नजर आए। लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर बधाई दी और सोशल मीडिया पर रंगों से सराबोर सेल्फियां भी साझा कीं। होली के दौरान बालूमाथ थाना पुलिस पूरी तरह सतर्क रही। विभिन्न क्षेत्रों में पुलिस की गश्त जारी रही, जिससे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ।

## चंदवा में भाईचारे के साथ मनाई गई होली

**चंदवा।** रंगों का पावन पर्व होली चंदवा क्षेत्र में हर्षोल्लास और भाईचारे के माहौल में मनाया गया। सुबह से ही गांवों और कस्बों में होली की धूम देखने को मिली। लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर अबीर-गुलाल लगाते हुए शुभकामनाएं देते नजर आए। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने इस रंगोत्सव का भरपूर आनंद उठाया। युवाओं की टोली ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए पूरे इलाके में घूमती रही। लोगों ने गले मिलकर प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का संदेश दिया। महिलाओं ने भी पारंपरिक गीतों के साथ उत्सव में बढ़-चढ़कर भाग लिया। जगह-जगह मिठाइयों और पकवानों का दौर चलता रहा, जिससे त्योहार की रौनक और बढ़ गई। कई सामाजिक संगठनों द्वारा होली मिलन समारोह का भी आयोजन किया गया, जहां लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर बधाई दी और आपसी एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

## तेतरियाखाड़ कोल माइंस हादसे में घायल फायरफाइटर अनुज यादव के इलाज का खर्च उठाएगी सीसीएल

- आग बुझाने के दौरान झुलसे कर्मी का रांची में इलाज जारी, खान की सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

**अजीत कुमार**



**बालूमाथ।** प्रखंड अंतर्गत संचालित संघमित्रा क्षेत्र के तेतरियाखाड़ कोल माइंस में 3 मार्च को आग बुझाने के दौरान सीसीएल के फायरफाइटर आरा ग्राम निवासी अनुज यादव (23 वर्ष) गंभीर रूप से झुलस गए। जानकारी के अनुसार अनुज यादव कोल स्ट्रोक पर लगी आग बुझाने के दौरान नियंत्रण बिगड़ने से आग की चपेट में आ गए।

घटना के बाद उन्हें बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया। पहले उन्हें सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल ले जाया गया, जहां से आगे रेफर कर रांची के देवकमल अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल उनका इलाज वहीं चल रहा है।

घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधि जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी की पहल पर सीसीएल के अधिकारी सक्रिय हुए। तेतरियाखाड़ के परियोजना पदाधिकारी जयप्रकाश रावत और सीसीएल के चिकित्सक देवकमल अस्पताल पहुंचकर घायल अनुज यादव से मिले तथा इलाज कर रहे चिकित्सक से उनकी स्थिति की जानकारी ली। अधिकारियों ने परिजनों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया है।

घायल कर्मी की पत्नी सुगिया देवी ने बताया कि सीसीएल प्रबंधन ने अनुज यादव के इलाज का पूरा खर्च वहन करने की बात कही है। फिलहाल मरीज को वेंटिलेटर पर रखा गया है।

घटना के बाद तेतरियाखाड़ कोल माइंस की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि खान में नियमित रूप से सुरक्षा मानकों की समीक्षा और निरीक्षण किए जाते हैं, इसके बावजूद ऐसी घटना चिंता का विषय है। लोगों ने मामले की जांच कर आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि तेतरियाखाड़ कोल माइंस को खुले करीब 35 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन क्षेत्र में अब तक समुचित अस्पताल की व्यवस्था नहीं हो सकी है। ऐसे में गंभीर रूप से घायल कर्मियों को इलाज के लिए बाहर के अस्पतालों पर निर्भर रहना पड़ता है।

### प्रखंड क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मनाई गई होली

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र में होली का त्योहार शांतिपूर्ण और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गोनिया, साल्वे, शिबला टोंटी, डाढ़ा, फूलसु, अमरवाडीह और बालूभांग सहित विभिन्न पंचायतों के गांवों और मुहल्लों में लोगों ने रंग, अबीर, गुलाल, कीचड़ और पानी से जमकर होली खेली। इस दौरान लोग साउंड सिस्टम पर बज रहे संगीत की धुन पर झूमते नजर आए। सुबह से ही रंगों की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गई, जहां लोगों ने उत्साह के साथ खरीदारी की। होली के अवसर पर लोगों ने पुआ-पकवान सहित विभिन्न पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। इसके बाद कई लोग गंगा स्नान कर एक-दूसरे को रंग, अबीर और गुलाल लगाकर त्योहार की खुशियां साझा करते नजर आए।

## चतरा प्रेस क्लब के बैनर तले पत्थलगड़ा में होली मिलन समारोह

**पत्थलगड़ा (चतरा)।** चतरा प्रेस क्लब के बैनर तले पत्थलगड़ा प्रखंड मुख्यालय स्थित सिंघानी पंचायत भवन परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील कश्यप ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ पत्रकार धनंजय तिवारी ने किया। समारोह में कई पत्रकारों ने भाग लिया और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में थाना प्रभारी राकेश कुमार भी शामिल हुए और कहा कि होली प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का पर्व है। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से पत्रकारों के बीच आपसी सहयोग और एकता मजबूत होती है।

## खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच दुबई में फंसा झारखंड का नवदंपति

- सुरक्षित वापसी के लिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**चंदवा।** शादी के बाद दुबई घूमने गए रांची के एक नवदंपति खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते अंतरराष्ट्रीय तनाव के कारण वहां फंस गए हैं। दोनों ने राज्य सरकार से सुरक्षित वापसी की व्यवस्था कराने की मार्मिक अपील की है। जानकारी के अनुसार रांची निवासी अतुल उरांव, जो स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) में अधिकारी हैं, ने 22 फरवरी को डॉ. कंचन बाड़ा के साथ आदिवासी पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह किया था। विवाह के बाद दोनों 27 फरवरी को छुट्टियां मनाने दुबई गए थे और 4 मार्च को उनकी वापसी निर्धारित थी। इसी बीच अमेरिका, इज़राइल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव के कारण खाड़ी क्षेत्र की स्थिति संवेदनशील हो गई। दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एहतियातन कई उड़ानों को रद्द या स्थगित कर दिया गया, जिससे बड़ी संख्या में पर्यटक वहीं फंस गए हैं। अतुल उरांव ने बताया कि वे अपनी नई जिंदगी की शुरुआत को यादगार बनाने के लिए दुबई आए थे, लेकिन अचानक हालात बदल गए और उड़ानों के रद्द होने से वे वहीं फंस गए। उन्होंने कहा कि वे फिलहाल सुरक्षित हैं, लेकिन अनिश्चितता और डर का माहौल बना हुआ है।

**चंदवा सीएचसी में पदस्थापित हैं डॉ. कंचन बाड़ा :** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा में दंत चिकित्सक के पद पर कार्यरत डॉ. कंचन बाड़ा ने बताया कि वहां का माहौल सामान्य नहीं है और हर नई खबर चिंता बढ़ा देती है। उन्होंने कहा कि अब वे सुरक्षित अपने घर और परिवार के बीच लौटना चाहते हैं। इधर रांची स्थित दोनों परिवारों में चिंता का माहौल है। परिजन लगातार उनके संपर्क में हैं और सुरक्षित वापसी की प्रार्थना कर रहे हैं।

**प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री से लगाई गुहार :** नवदंपति ने दुबई से एक वीडियो जारी कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से हस्तक्षेप की अपील की है। उन्होंने केंद्र सरकार और यूएई स्थित भारतीय दूतावास से समन्वय कर सुरक्षित वापसी की व्यवस्था कराने की मांग की है। नवदंपति ने खाड़ी देशों में फंसे झारखंडियों की सूची तैयार कर विशेष उड़ानों के माध्यम से जल्द वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

## होली की खुशियां मातम में बदली सड़क हादसे में युवक की मौत

- वाहन की टक्कर से बाइक सवार की जान गई, गांव में शोक

**नवीन मेल संवाददाता**



**पत्थलगड़ा (चतरा)।** होली के दिन पत्थलगड़ा प्रखंड में एक दर्दनाक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई, जिससे त्योहार की खुशियां मातम में बदल गईं। जानकारी के अनुसार प्रखंड कार्यालय के समीप बुधवार शाम करीब चार बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पत्थलगड़ा गांव निवासी जगदीश दांगी के 32 वर्षीय पुत्र संतोष दांगी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी राकेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। बताया गया कि संतोष दांगी अपने पुराने घर पत्थलगड़ा से नए घर दानापुर जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक फरार हो गया। हादसे की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों के अनुसार संतोष दांगी परिवार के इकलौते कमाऊ सदस्य थे। उनके परिवार में पत्नी, दो छोटे बच्चे और वृद्ध पिता हैं। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से परिजनों को मुआवजा देने की मांग की है।


## कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

**इच्छा की अभिव्यक्ति – 02/2025–26**

**(स्वच्छ भारत मिशन – शहरी 2.0)**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर क्षेत्र अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के IEC & Capacity Building, Skill Development and Knowledge Management घटक के तहत साफ सफाई कर्मचारियों का प्रशिक्षण, कैम्पस/विचार गोष्ठी/ बैठकों का आयोजन, जागरूकता हेतु प्रचार प्रसार एवं जागरूकता फैलाने हेतु सामग्री क्रय/आपूर्ति के लिए एजेंसियों/आपूर्तिकर्ताओं से क्रय हेतु इच्छा का अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। सभी इच्छुक फर्म/एजेंसी को सूचित किया जाता है कि आप कार्य के संपादन हेतु अपना–अपना कोटेशन/इच्छा की अभिव्यक्ति श्री बंशीधर नगर, नगर पंचायत कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। कोटेशन संबंधित विवरणी निम्न प्रकार है :–

| ग्रुप सं0 | कार्य/योजना | परिमाण विपत्र राशि (Non-Refundable) | मद | दर सभी कर सहित |
|---|---|---|---|---|
| 01 | साफ–सफाई में कार्यरत सफाई कर्मियों का प्रशिक्षण कार्य। | 1000.00 | CB | |
| 02 | Swachhata Awareness Program Camp for SHG (including lunch, water, notepad, Pen) | 500.00 | IEC | |
| 03 | नुक्कड़ नाटक | 500.00 | IEC | |
| 04 | दिवाल पेंटिग/लेखन | 1000.00 | IEC | |
| 05 | प्रचार प्रचार (प्लास्टिक बैन/साफ–सफाई/निकाय द्वारा निदेशित) | 500.00 | IEC | |
| 06 | फलेक्स/बैनर | 1000.00 | IEC | |
| 07 | Door to Door Awareness | 500.00 | IEC | |
| 08 | Swachhata Awareness Program in School | 500.00 | IEC | |

| | |
|---|---|
| परिमाण विपत्र प्राप्त करने का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर दिनांक 12.03.2026 (पूर्वा0 11.00 बजे से अप0 02.00 बजे तक) |
| परिमाण विपत्र जमा करने का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर दिनांक 12.03.2026 (अप0 12.00 बजे से अप0 02.00 बजे तक) |
| परिमाण विपत्र खोलने का स्थान, तिथि एवं समय | कार्यालय, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर दिनांक 12.03.2026 (अप0 03.00 बजे से) |

नियम एवं शर्तें

1. अग्रधन की राशि कार्यपालक पदाधिकारी, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर के पदनाम से भुगतेय होगा जो डीडी/नगद के रूप में देय होगा। प्रत्येक ग्रुप में न्यूनत्तम तीन–तीन प्रतिभागीयों/एजेंसियों को भाग लेना अनिवार्य होगा।
2. Trainer Fee, Tea, water and Lunch for Trainees, सफाई किट आदि सहित दर उदृत करना होगा।
3. प्रशिक्षण हेतु एजेंसी का चयन झारखंड राज्य स्थित निकायों में अधिकतम अनुभव कार्यादेश के आधार पर किया जाएगा।
4. अग्रिम राशि का भुगतान नहीं किया जाएगा।
5. निविदा डाटा को निविदा के साथ वैद्य पैन कार्ड, आयकर रिटर्न, जीएसटी प्रमाण पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। किसी सरकारी संस्था से Black Listed/ Debarred नहीं है का शपथ पत्र संलग्न करना होगा।
6. किसी भी प्रकार के विवादों का निपटारा स्थानीय न्यायालय में किया जाएगा।
7. निधि उपलब्ध रहने पर ही भुगतान किया जायेगा।
8. निविदा मुहरबंद लिफाफे में होगा। अस्पष्ट कोटेशन मान्य नहीं होगा।
9. प्राप्त कोटेशन स्वीकृति हेतु सबसे कम दर एवं कार्य के अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी।
10. उपर्युक्त इच्छा की अभिव्यक्ति या उसके किसी अंश को किसी भी समय कार्यादेश निर्गत करने के पूर्व रद्द करने का अधिकार प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर को सुरक्षित होगा।

प्रशासक, नगर पंचायत, श्री बंशीधर नगर

PR 374137 Urban Development(25-26).D



पी एम विश्वकर्मा
सम्मान . सामर्थ्य . समृद्धि

सत्यमेव जयते

MSME

भारत सरकार
सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय
**विकास आयुक्त (एम एस एम ई)**
**एम एस एम ई - विकास कार्यालय, राँची**
द्वारा आयोजित

**प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों हेतु प्रदर्शनी–सह–व्यापार मेला**

**अवधि : 10 से 12 मार्च, 2026 (तीन दिवसीय)**
**कार्यक्रम स्थल : जिला खेल स्टेडियम, जिला-लातेहार**

प्रदर्शनी का उद्देश्य :
- अपने उत्पादों एवं कौशल को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित एवं **बिक्री करना**।
- संभावित ग्राहकों एवं ख़रीदारों से जुड़ना।
- मार्केटिंग, पैकिजींग और ब्रांडिंग इत्यादि मे तकनीकी सत्र
- उद्यम विशेषज्ञों एवं साथी कलाकारों से मिलना एवं नेटवर्क बनाना।
- अपने उत्पाद एवं सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्रतिक्रिया और मार्गदर्शन प्राप्त करना।

पी एम विश्वकर्मा ट्रेड :
1. बढ़ई 2. नाव निर्माता 3. अस्त्रकार 4. लोहार 5. धोबी 6. सुनार 7. ताला बनाने वाले 8. मूर्तिकार 9. कुम्हार 10. राजमिस्त्री 11. नाई 12. दर्जी 13. मोची 14. मालाकार 15. हथौड़ा और औजार बनाने वाले 16. गुड़िया और खिलौने बनाने वाले 17. मछली का जाल बुनने वाले 18. टोकरी/चटाई/क्वायर बुनकर/झाड़ू बनाने वाले

इच्छुक पी एम विश्वकर्मा लाभार्थी ( **Stage – 3 Verified only** ) सादे कागज पर निम्नलिखित सूचनायें लिख कर आवेदन कर सकते है : पी एम विश्वकर्मा ट्रेड, पी एम विश्वकर्मा लाभार्थी पंजीकरण संख्या, प्रतिभागी का नाम, पता, आधार नम्बर, मोबाइल नम्बर, ई–मेल आई डी, प्रदर्शनी मे प्रदर्शित किए जाने वाले उत्पादों का विवरण इत्यादि। आवेदन एवं संबंधित दस्तावेजों के साथ कार्यालय में व्यक्तिगत अथवा ई-मेल द्वारा दिनाँक **08.03.2026** तक जमा करें। प्रतिभागियों का चयन समिति द्वारा किया जाएगा।

**जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र –**
श्री संदीप सिंह, सहायक निदेशक (मो. - 7209116508)
श्री यशमेंद्र कुमार, आशुलिपिक (मो. - 9123483460)

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम – विकास कार्यालय, राँची
औद्योगिक प्रांगण, कोकर, राँची - 834001,
फोन: 0651–2546266/2546235
ई–मेल : dcdi-ranchi@dcmsme.gov.in

CBC 25113/11/0155/2526



लोहरदगा में रंगोत्सव में रंगे सभी एक रंग में



# होली पर जमकर हुआ हुड़दंग, जो आया उसे लगाया रंग

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** होलिका दहन के साथ दो दिनी होली उत्सव जिले के शहरी और ग्रामीण इलाको में परंपरागत रूप से मनाया गया। रंगोत्सव में भेदभाव भूलकर सभी होली के रंग में रंग गए। होली में आपसी सौहार्द, भाईचारा और प्रेम के रंग मे सभी रंगे थे। विभिन्न होली मिलन समारोह में हास्य व्यंग्य और हंसी ठिठोली के साथ लोगो ने रंग अबीर एक दूसरे को लगाया। होली की सुबह पूरा जिला होली की खुमार में डूब गया। घर घर रंग की बौछार के बीच आपसी रिष्ते प्रगाढ़ किया गया। चौक चौराहे मे युवको की टोलियां गाजे बाजे के साथ होली का हुड़दंग मचाएं। हुड़दंगियो की टोलिया नाचते गाते चल रहे थे। रास्ते में जो मिला उसे अपने रंग में रंगकर होली का बधाई दिया। होली में उम्र का हर दौर रंगों में डूबा रहा। बच्चे, बूढ़े, युवक-युवती व महिलाओं ने खूब होली खेली। शहर से लेकर गांव तक हर ओर रंग-गुलाल की छटा बिखरी हुई थी। लोग आपस में मिलजुल कर अमीरी-गरीबी, जात-पात का भेद भुलाकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया। चहुंओर होली पर आधारित गीत लहरियां बजने से वातावरण पूरी तरह होलीमय हो गया था। असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक होली पर लोगो ने एक दूसरे को गले मिलकर त्योहार की बधाईयां दी। रंग गुलाल लगाकर आपसी बैर और मनमुटाव दूर किया। बच्चे और युवाओ को सड़को पर रंग डालना राहगीरो को हाली का एहसास करा रहा था। होली त्योहार को लोगो ने अलग अलग अंदाज में मनाया। मुखौटे और रंग बिरंगे वेष भूशा पहने युवाओ की टोलियां घूम रही थी। होली के दिन अपराह्न में अबीर के साथ होली की धूम मची रही। शहर के अलावे प्रखंड क्षेत्रों में भी उल्लास के साथ होली मनाया गया। लोगों ने अलग-अलग स्थानों पर विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित कर होली का लुत्फ उठाया।

वही मुर्गा, खस्सी की बिक्री होली के मौके पर खूब हुई। जगह जगह लोगो की भीड़ मुर्गा और खस्सी की दुकानो पर देखी गई। रंगोत्सव में घर घर लजीज पकवान बनाया गया। होली के दौरान विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए शहरी व ग्रामीण इलाकों में पुलिस की गश्त तेज रही। साथ ही त्योहार के दिन विभिन्न चौक चौराहे पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस-प्रशासन मुस्तैद रहा। होलिका दहन के साथ दो दिनी होली उत्सव जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में परंपरागत रूप से मनाया गया। रंगोत्सव में भेदभाव भूलकर सभी होली के रंग में रंग गए। होली की सुबह पूरा जिला होली की खुमार में डूब गया। घर घर रंग की बौछार के बीच आपसी रिष्ते प्रगाढ़ किया गया। चौक चौराहे में युवकों की टोलियां गाजे बाजे के साथ होली का हुड़दंग मचाएं। हुड़दंगियों की टोलियां नाचते गाते चल रहे थे। रास्ते में जो मिला उसे अपने रंग में रंगकर होली का बधाई दिया।

## कुडू में होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया

**कुडू /लोहरदगा।** प्रखंड क्षेत्र में रंगों का त्योहार होली का त्यौहार बुधवार को काफी धूमधाम एवं उल्लास पूर्वक मनाया गया ।इस रंगों के त्यौहार में लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर एवं मिठाईयां खिलाकर होली की शुभकामनाए दी। इस मौके पर प्रखंड क्षेत्र के कुडू ,जिमा, टाटी,जिन्गी, सलगी, बड़की चापि, जरिओ,होटवार,कुंडगड़ा,दूबांग,चुन्द, बंदुआ सहित सभी गांव में होली काफी मस्ती पूर्वक लोगों ने मनाया। इस मौके पर बड़की चापि पंचायत के कुंडगड़ा गांव में फगुआ ढोल लगा ।जिसमें पुरोहित ने ठाकुर भगवान,भगवान राम,लक्ष्मण, माता सीता एवं बजरंग बली जी सहित सभी देवी देवताओं का विधिवत पूजा ,पाठ, आरती,करवाई। साथ ही बड़की चापि दुर्गा मंदिर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया ।जिसमे बड़की चापि क्षेत्र के लोगों ने दुर्गा मंदिर परिसर में एक दूसरे को रंग ,गुलाल लगाया। गाजे-बाजे के साथ फगुआ गीत गाकर होली का आनंद लिया। साथ ही साथ प्रखंड क्षेत्र के कई गांव में होली का टोली देखने को मिली। साथ ही कुंडगड़ा,जिन्गी,सलगी सहित कई गांवों में फगुवा डोल का आयोजन हुआ ।पूजा,पाठ के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। होली को देखते हुए कुडू पुलिस,प्रशासन के द्वारा चुस्त,दुरुस्त व्यवस्था किया गया था।

## बरही गांव में ढेला मार होली रही आकर्षण का केंद्र

**सेन्हा-लोहरदगा।** होली का त्यौहार क्षेत्र के अनुसार हर जगह पर अनोखे ढंग से मनाया जाता है। कहीं लट्ठमार,तो कहीं जुलूस निकाल कर तो कही मटका फोड़ सहित अनेकों तरह से होली का त्यौहार मनाया जाता.देशभर में रंगों का त्यौहार विविधता से भरा है.वही सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु पंचायत अन्तर्गत बरही ग्राम में अनोखे रूप से रंगों का त्यौहार मनाया जाता है.जो ढेलामार होली के नाम पर प्रसिद्ध है.यह परंपरा संदियो से चला आ रहा है.जिसे बरही ग्राम में रंगों का त्यौहार अनोखे रूप से समस्त ग्रामीणों द्वारा ढेला मार होली खेल कर मनाया जाता है.जो यह परंपरा सदियों पुराना है.साथ ही इस गांव में ग्रामीणों के सहयोग से एक नया परंपरा का सुरुआत भी किया गया है.नये दामादों का स्वागत जो इस क्षेत्र ही नही राज्य भर के लिए मिशाल पेश करता है। इस संदर्भ में पूर्व जिला परिषद सदस्य सह विहिप जिलाध्यक्ष रामलखन प्रसाद सहित अन्य लोगो का कहना है कि झारखंड राज्य के बरही ग्राम में अनोखे रूप से रंग अबीर के बाद ढेलामार होली खेला जाता है। स्थानीय गाजे बाजे के साथ इस परंपरा को निभाया जाता है। जिसमें महिला पुरुष बच्चे बच्चियां त्यौहार का आनंद उठाते है। वही बताते हुए कहा कि ढेलामार होली में दैविक शक्ति का वरदान गांव के भक्तों को प्राप्त है.जो श्रद्धा भाव से इस रस्म में भाग लेते है.इस परंपरा के नीभाने के दौरान गांव के बाहर से कोई भी दर्शक इस कार्यक्रम में भाग नही ले सकते है।

## रंगोत्सव में उम्र का हर दौर शामिल: बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक

होली में उम्र का हर दौर रंगों में डूबा रहा। बच्चे, बूढ़े, युवक-युवती व महिलाओं ने खूब होली खेली। शहर से लेकर गांव तक हर ओर रंग-गुलाल की छटा बिखरी हुई थी। लोग आपस में मिलजुल कर अमीरी-गरीबी, जात-पात का भेद भुलाकर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाया।

## होली के दौरान विधि व्यवस्था कायम: पुलिस और प्रशासन की सख्ती

होली के दौरान विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए शहरी व ग्रामीण इलाकों में पुलिस की गश्त तेज रही। साथ ही त्योहार के दिन विभिन्न चौक चौराहे पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस-प्रशासन मुस्तैद रहा। लोगों ने होली के दौरान सुरक्षा और सावधानी का ध्यान रखा। होली का त्योहार हमें एकता और सद्भावना का संदेश देता है। यह त्योहार हमें आपसी भेदभाव को भूलकर एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देता है। लोहरदगा के लोगों ने होली के दौरान इसी संदेश को अपनाया और एक दूसरे के साथ मिलजुल कर होली मनाई।

# रंगोत्सव पर प्रेम के रंग में पूरा भंडरा प्रखंड रहा सराबोर





**नवीन मेल संवाददाता**

**भंडरा ।** रंगोत्सव पर प्रेम व भाइचारे के रंग में पूरा भंडरा प्रखंड सराबोर रहा। युवाओं व बच्चों की टोलियों ने कहीं अबीर गुलाल की धुरेड़ी उड़ाई तो कहीं रंगों की बौछार के बीच जमकर मस्ती की। वहीं युवाओं की टोली ने घर घर जाकर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामना दी। मटकी फोड़ से लेकर कपड़ा फाड़ तक होली के उत्साह में हर तनमन उमंगों से भरा रहा। भंडरा में इस वर्ष होली का पर्व पूरे उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। सुबह होते ही गांव की गलियां रंग-गुलाल से सराबोर हो गईं। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की टोलियां एक-दूसरे को रंग लगाती दिखीं।

भंडरा प्रखंड बस्ती में होली की विशेष छटा देखने को मिली। ढोलक, झांझ और मंजीरों की थाप पर फाग गीत गाए गए। युवाओ की टोली ने समूह में पारंपरिक होली गीत गाकर वातावरण को भक्तिमय और आनंदमय बनाया। वही कई जगहों मे युवाओं ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया और रंगों की बौछार के बीच 'कपड़ा फाड़ होली' खेली गई।

लोगों ने एक-दूसरे के घरों पर जाकर अबीर-गुलाल लगाया और गले मिलकर बधाई दी। दिनभर धुसका, पुवा, बाडा,गुझिया, नमकीन, पापड़ और मटन चिकन व ठंडाई का दौर चलता रहा। होली पर्व को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। पुलिस टीम ने क्षेत्र में भ्रमण कर शांति व्यवस्था बनाए रखी, जिससे यह पर्व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कुल मिलाकर भंडरा प्रखंड क्षेत्र में होली का पर्व भाईचारे, प्रेम और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस रंगों के त्योहार ने पूरे इलाके को खुशियों से सराबोर कर दिया।

# गिट्टी लदे दो ट्रैक्टर जब्त, होगी कार्रवाई

**लोहरदगा।** जिले में अवैध खनिज परिवहन के खिलाफ खनन विभाग की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में गुरुवार शाम लोहरदगा सदर थाना क्षेत्र के रामपुर स्थित इलाके में जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से गिट्टी लेकर जा रहे दो ट्रैक्टरों को पकड़ा। इसके बाद दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार, खनन विभाग को सूचना मिली थी कि रामपुर क्षेत्र से बिना वैध चालान के गिट्टी का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के आधार पर जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद मौके पर पहुंचे और जांच की। जांच के दौरान दो ट्रैक्टरों पर गिट्टी लदी हुई पाई गई। जब ट्रैक्टर चालकों से खनिज परिवहन से संबंधित वैध कागजात की मांग की गई तो वे कोई संतोषजनक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद खनन विभाग की ओर से कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रैक्टरों को जब्त कर लिया गया। इस मामले में संबंधित वाहन मालिकों के खिलाफ खनन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद ने बताया कि जिले में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर खनन विभाग की लगातार नजर बनी हुई है। बिना वैध कागजात के खनिज परिवहन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अवैध खनिज परिवहन को रोकने के लिए विभाग का अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस कार्रवाई के बाद अवैध रूप से खनिज परिवहन करने वालों के बीच हड़कंप मच गया है। खनन विभाग ने स्पष्ट किया है कि अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## गले में टॉफी फंस जाने से एक दुधमुंहे छह माह के बच्चे की मौत

**भंडरा ।** थाना क्षेत्र के भौंरो पंचायत अंतर्गत सोरंदा पतरा टोली में बुधवार को गले में टॉफी फंस जाने से एक दुधमुंहे छह माह के बच्चे की मौत हो गई। त्योहार के दौरान दुधमुंहे बच्चे की मौत से पूरा गांव में शोक की लहर दौड़ गई। बता दें कि सोरंदा पतरा टोली गांव निवासी कार्तिक उरांव के छह माह के पुत्र आर्यन उरांव को किसी ने टाफी दिया था। जिसे आर्यन निगल नहीं सकी और गला में फंस जाने से उसकी मौत हो गई। घटना के बाद स्वजनों ने बच्चे को सीएचसी भंडरा पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। प्रभारी प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डा. संजय कुमार ने बताया कि बच्चे की मौत का मुख्य वजह वायुमार्ग का अवरुद्ध होना है। छह माह के बच्चे का गला और श्वास नली बहुत संकरी होती है। टाफी का एक छोटा टुकड़ा भी श्वास नली में फंसकर हवा का रास्ता पूरी तरह बंद कर सकता है। जिससे आक्सीजन की कमी से दम घुट जाता है।

# कुड़ू प्रखंड में रंग, रस और राग का संगम: सौहार्द की बयार में सराबोर हुई होली

**नवीन मेल संवाददाता**

**कुडू - लोहरदगा।** रंगों का पर्व होली बुधवार को पूरे कुडू प्रखंड में उत्साह, उमंग और आपसी भाईचारे के साथ धूमधाम से संपन्न हो गया। सुबह से ही गांव-गांव में रंगों की फुहार और फगुआ की गूंज सुनाई देती रही। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की टोलियां ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर थिरकती नजर आईं। अबीर-गुलाल उड़ाते हुए लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कई स्थानों पर पारंपरिक फगुआ ढोल का आयोजन हुआ, जहां रंग-अबीर के साथ कीर्तन और भजन का दौर चला। बड़की चांपी, जिंगी और कुंडगढ़ा सहित कई गांवों में फगुआ की विशेष धूम रही। पुरोहितों ने राधे-कृष्ण, भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता और बजरंगबली सहित देवी - देवताओं की विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती उतारी।बड़की चांपी दुर्गा मंदिर परिसर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जहां क्षेत्र के लोगों ने एकजुट होकर रंग-गुलाल लगाया और गाजे -बाजे के साथ फगुआ गीत गाकर पर्व का आनंद लिया। मंदिर परिसर रंगों और उल्लास से सराबोर रहा। होली के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद रहा। कुडू के सभी प्रमुख चौक - चौराहों पर पुलिस बल के साथ दंडाधिकारी तैनात किए गए थे। प्रशासनिक सख्ती और जनसहयोग के कारण पूरे प्रखंड में होली शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो गई।

# उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया रंगों का पर्व होली

**नवीन मेल संवाददाता**



**सेन्हा-लोहरदगा।** उमंग व उत्साह से प्रखंड क्षेत्र में रंगों का पर्व होली मनाया गया। सोमवार को सुबह में होलिका दहन होने के उपरांत मंगलवार को चन्द्र ग्रहण होने के कारण होली का त्यौहार बुधवार को काफी उमंग व उत्साह से धूमधा के साथ मनाया गया। वही रंगों के त्यौहार में लोगों के अवसर एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर तथा मिठाईयां खिलाकर होली की बधाई और शुभ कामनाएं दे रहे थे. इस मौके पर प्रखंड मुख्यालय के अलावे प्रखंड क्षेत्र के सभी गांवों में होली काफी हर्षोल्लाष के साथ खुशी खुसी मनाया गया। मौके पर कही मटकाफोड़ तो कही गांवों में ढोल नगाड़ा और मांदर की थाप में फगुवा गीत पर नाचते थिरकते झूमते हुए होली का त्यौहार मनाये। वही होली खेलने के पश्चात सभी लोगों द्वारा मंदिर और अपने घरों में भगवान और देवी देवताओं का श्रद्धा भक्तिभाव से विधिवत पूजा अर्चना कर सुख,समृद्धि व शांति के लिये मङ्गलकामना किया गया। साथ ही मंदिरों जा कर भजन कृतन करने के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। गाजे बाजे के साथ प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों में बड़े बुजुर्ग और युवाओं के अलग अलग होली का टोली देखने को मिली। वही होली के अवसर पर मिट व शराब का जम कर बिक्री हुई.होली पर लोगों ने अपने घरों पर संगे सम्बन्धियों को बुलाये जिसे मीठा भोजन व पकवान खाने खिलाने के दौर खूब चला. होली का त्यौहार में किसी तरह का लड़ाई झगड़ा न हो अशांति न फैले जिसे देखते हुए पुलिस और प्रशासन के द्वारा चुस्त दुरुस्त विधि व्यवस्था किया गया था.जिसे रंगो का त्यौहार होली शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ जिसे प्रखंड क्षेत्र में कही से किसी तरह का अप्रिय घटना का सूचना प्राप्त नही हुआ।

# दो दिवसीय साहित्य एवं फ़िल्म महोत्सव का आयोजन आज से

- विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा जनजातीय नृत्य, गीत, नाटक की प्रस्तुति
- राइटिंग प्रतियोगिता और क्विज का आयोजन
- सौ लोगों के बैठने की व्यवस्था, मेडिकल टीम तैनात, जनातीय भोजन उपलब्ध।
- प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क

**नवीन मेल संवाददाता**



**लोहरदगा।** लोहरदगा जिला प्रशासन की ओर से प्रथम दो-दिवसीय साहित्य एवं फ़िल्म महोत्सव 6 मार्च 2026 से प्रारंभ हो रहा है। इस महोत्सव का आयोजन समाहरणालय मैदान में किया जाएगा। इस महोत्सव का उद्देश्य समुदाय से जुड़ाव एवं शिक्षा आधारित कार्यक्रम का आयोजन करना है जिसका स्पष्ट उद्देश्य बुनियादी शिक्षा परिणामों में सुधार करना, जिला में पठन संस्कृति का निर्माण करना, भाषा कौशल को मजबूत करना तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत परिकल्पित एकीकृत शिक्षा के लक्ष्य को आगे बढ़ाना है। महोत्सव के प्रथम दिवस को चार सत्रों में बांटा गया है। पहले तीन सत्रों में पैनल डिस्कशन होगा और दिन का अंतिम सत्र स्टैंडअप कॉमेडी के नाम होगा। पहले सत्र में "स्मृति के स्वर : मुंडारी कहानी और संगीत" दूसरे सत्र में "रंग और शब्द : आदिवासी विम्ब, प्रतिविम्ब और तीसरे सत्र में "पर्दे पर झारखंड" विषय पर पैनल डिस्कसन होगा। साहित्य एवं फ़िल्म महोत्सव के अंतिम दिन यानी 7 मार्च को दो सत्र होंगे।

प्रथम सत्र में "आदिवासी ज्ञानधारा" विषय पर पैनल डिस्कसन होगा। द्वितीय सत्र में "पैनल डिस्कसन के अलावा लेखक नीलोत्पल मृणाल भी अपना वक्तव्य देंगे। फ़िल्म महोत्सव कुछ चुनिंदा फिल्में आगंतुकों को देखने को मिलेंगीं जिसमें सादरी बोली में बनी फिल्म गाड़ी लोहरदगा मेल, सादरी भाषा मे बनी फिल्म झरिया, संथाली भाषा की शार्ट फ़िल्म पपाया, कुडुख व सादरी भाषा मे बनी शार्ट फ़िल्म एड़पा काना, संताली शार्ट फ़िल्म पाइज़ डेयर, चौराहा शामिल है। साहित्य एवं फ़िल्म महोत्सव में प्रसिद्ध लेखक रणेन्द्र, कवि एवं लेखक महादेव टोप्पो, कवयित्री एवं लेखिका डॉ पार्वती तिर्की, गुंजल इकिर मुंडा, फिल्मकार निरंजन कुजूर, फिल्मकार बीजू टोप्पो, स्टैंडअप कॉमेडियन आशीष कुमार, फिल्मकार मेघनाथ एवं पेंटर सीआर हेम्ब्रम जैसे गणमान्य शामिल होंगे। दो दिवसीय महोत्सव में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल भी लगाए जाएंगे। विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा जनजातीय नृत्यों, एकल/सामूहिक गान, नाट्य मंचन का प्रदर्शन किया जाएगा। राइटिंग कंपीटिशन, क्विज आयोजित होंगे। दो दिनों तक चलने वाले इस महोत्सव में सौ लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी। साथ जिला अस्पताल से मेडिकल टीम भी तैनात होगी।

# न्यूज बॉक्स

## पारिवारिक विवाद के बाद व्यक्ति ने लगाई फांसी, पत्नी समेत बच्चों पर टूटा दुखों का पहाड़

**गुमला** । घाघरा थाना क्षेत्र के बाला खटगां गांव में गुरुवार सुबह एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कृष्णा महली (38 वर्ष) के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को होली खेलने के बाद रात में घर पर किसी बात को लेकर पारिवारिक विवाद हो गया था। इसके बाद गुरुवार सुबह कृष्णा महली ने घर के अंदर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन उन्हें फंदे से उतारकर तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर घाघरा थाना पुलिस स्वास्थ्य केंद्र पहुंची और आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। बताया जाता है कि मृतक अपने पीछे पत्नी सहित दो पुत्र और चार पुत्रियां छोड़ गए हैं। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## होली के दिन युवक ने लगाई फांसी

**गुमला**। जिले के भरनो थाना क्षेत्र अंतर्गत मालगो चंपा टोली गांव में होली के दिन एक दर्दनाक घटना सामने आई है। यहां 28 वर्षीय प्रदीप उरांव ने बुधवार रात अपने ही घर में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की खबर फैलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों के अनुसार प्रदीप उरांव ईंट भट्ठा में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बुधवार को होली के अवसर पर वह गांव में रंग-अबीर खेलकर शाम को घर लौटा था। रात में किसी समय उसने घर के अंदर रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि रात करीब 10 बजे परिजनों को घटना की जानकारी हुई। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से उसे फंदे से नीचे उतारा गया और तुरंत भरनो थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस गुरुवार सुबह घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए शव को सदर अस्पताल गुमला भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक अपने पीछे पत्नी सहित तीन छोटे बेटे और एक बेटी को छोड़ गया है।

## तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से साइकिल सवार किशोर की मौत, दो घायल

**गुमला**। बसिया थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार किशोर की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान करंज थाना क्षेत्र के जोरया बाड़ो टोली निवासी अभिषेक उरांव (17 वर्ष), पिता हेरमन उरांव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार अभिषेक उरांव ने हाल ही में आठवीं बोर्ड की परीक्षा दी थी। बुधवार शाम करीब 4:30 बजे वह साइकिल से फुलवार टोली बाजार जा रहा था। इसी दौरान बसिया थाना क्षेत्र के महाराजगंज अंतर्गत चौकी अंबा मोड़ के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने उसकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अभिषेक सहित तीन लोग घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल रेफरल अस्पताल बसिया पहुंचाया गया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने अभिषेक उरांव को मृत घोषित कर दिया। वहीं बाइक सवार का अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलने पर बसिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक पंचनामा की कार्रवाई की। इसके बाद गुरुवार सुबह शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल गुमला भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, एक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल

**गुमला**। गुमला जिले में बुधवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में तेज रफ्तार बाइक के पेड़ से टकरा जाने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दर्दनाक घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय जगदीश दास के रूप में हुई है, जबकि हादसे में 25 वर्षीय पंकज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बिहार के बेगूसराय जिले के निवासी बताए जा रहे हैं और वर्तमान में गुमला में किराए के मकान में रहकर टाइल्स मिस्त्री का काम करते थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों मजदूर जिले के कोटाम क्षेत्र में टाइल्स लगाने का काम कर रहे थे। बुधवार को होली पर्व को लेकर वे अपनी बाइक से दोपहर करीब 12:30 बजे कोटाम से गुमला लौट रहे थे। इसी दौरान कोटाम और पनिसो के बीच स्थित पेट्रोल पंप के पास उनकी बाइक तेज रफ्तार के कारण अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि जगदीश दास की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पंकज कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को दोपहर करीब 1 बजे सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद जगदीश दास को मृत घोषित कर दिया। शव को अस्पताल के शीतगृह में सुरक्षित रखवा दिया गया है। घायल को रिम्स रेफर

## कुएं में डूबने से 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत, गांव में मातम

**गुमला**। गुमला जिले के कुलाबिरा गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां कुएं में डूबने से एक 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान कुलाबिरा ढवटाटोली निवासी 40 वर्षीय कालेफ खड़िया के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात वह बिना किसी को बताए घर से बाहर निकल गया था। देर रात तक जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता होने लगी और उन्होंने आसपास के क्षेत्रों में उसकी खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल पाया। बताया जाता है कि इसी दौरान गांव के कुछ लोग रात में शौच के लिए बाहर निकले थे। तभी घर से कुछ दूरी पर स्थित एक कुएं की ओर से किसी के गिरने की आवाज सुनाई दी। ग्रामीण जब मौके पर पहुंचे और कुएं में झांककर देखा तो एक व्यक्ति कुएं में गिरा हुआ नजर आया। इसके बाद ग्रामीणों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी और सभी की मदद से रात में ही कुएं से शव को बाहर निकाला गया।

## फरार दुष्कर्म आरोपी पर शिकंजा तेज, घर और चौक-चौराहों पर चिपका इस्तेहार

**घाघरा**। घाघरा थाना पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे अभियुक्त मधेश्वर उरांव के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। सोमवार को पुलिस टीम ने आरोपी के पैतृक आवास एवं सार्वजनिक स्थलों पर विधिवत इस्तेहार चिपकाकर उसे शीघ्र आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी। अभियुक्त मधेश्वर उरांव (पिताः स्व. विजय उरांव), निवासी सिसई बस्ती, थाना सिसई, के विरुद्ध घाघरा थाना कांड संख्या 98/25 दर्ज है। यह मामला 19 नवंबर 2025 को दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपी पर भारतीय दंड संहिता की धारा 376(2) (दुष्कर्म) एवं 506 (जान से मारने की धमकी) के तहत गंभीर आरोप लगाए गए हैं। सोमवार को घाघरा थाना के सब-इंस्पेक्टर विकास कुमार के नेतृत्व में पुलिस बल सिसई बस्ती पहुंचा और आरोपी के घर की दीवारों सहित गांव के मुख्य चौक-चौराहों पर इस्तेहार चिपकाया।

# पारंपरिक उत्साह और भाईचारे के साथ मना रंगों का पर्व होली

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला**। रंगों का पर्व होली जिलेभर में पारंपरिक उत्साह, उमंग और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर और ग्रामीण इलाकों में रंग-अबीर की बौछार के साथ होली का उल्लास देखने को मिला। बच्चे, युवा, बुजुर्ग और महिलाएं सभी रंगों में सराबोर होकर एक-दूसरे को होली की बधाई देते नजर आए।

होली के दिन गुमला शहर के विभिन्न मोहल्लों, गलियों और चौक-चौराहों पर लोगों ने पारंपरिक तरीके से एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। कई स्थानों पर ढोल-मांदर और पारंपरिक वाद्ययंत्रों की धुन पर युवाओं की टोलियां होली गीतों के साथ झूमती नजर आईं।

लोग अपने मित्रों, रिश्तेदारों और परिचितों के घर पहुंचकर होली की बधाई देते रहे। घर-घर में पकवान, गुजिया और पारंपरिक व्यंजनों की खुशबू के बीच लोगों ने आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। बच्चों में खासा उत्साह देखा गया, जो रंग और पिचकारी के साथ पूरे दिन होली के आनंद में डूबे रहे।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली का उत्साह कम नहीं रहा। कई गांवों में पारंपरिक तरीके से फगुआ गीत गाए गए और मांदर-ढोल की थाप पर लोग देर तक नाचते-गाते रहे।

प्रशासन की ओर से भी शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, जिसके कारण पूरे जिले में होली का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ।

## अनियंत्रित स्कूटी झाड़ी में गिरी, युवक गंभीर रूप से घायल

**चैनपुर**। चैनपुर थाना क्षेत्र के टोंगो के समीप सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार बृंदा गुमला निवासी आशीष रंजन भगत उम्र लगभग तीस वर्ष चैनपुर से गुमला की ओर स्कूटी जेएच शून्य एक छह के छह दो चार सात से जा रहे थे। इसी दौरान शाम करीब सात बजे स्कूटी अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ी में जा गिरी ।जानकारी देते हुए स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि संतुलन बिगड़ने से यह हादसा हुआ, जिससे चालक को गंभीर चोटें आईं और वे मौके पर ही मूर्छित हो गए ।घटना के तुरंत बाद ग्रामीणों ने चैनपुर थाना को सूचना दी। सूचना मिलते ही एएसआई संतोष धर्मपाल लुगुन दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चैनपुर पहुंचाया ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. दीपशिखा किंडो ने प्राथमिक उपचार किया।

## रंगों और उमंग के बीच आपसी भाईचारे के साथ संपन्न हुआ त्योहार



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर**। रंगों का महापर्व होली चैनपुर प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही पूरा क्षेत्र रंगों से सराबोर नजर आया और चारों ओर 'होली है' की गूँज सुनाई देती रही ।त्योहार की शुरुआत होते ही छोटे-छोटे बच्चों की टोलियां हाथों में पिचकारी और बाल्टियों में रंग लेकर सड़कों पर निकल पड़ीं। बच्चों ने एक-दूसरे पर रंग डालकर और बड़ों के पैर छूकर होली की शुभकामनाएं दीं। वहीं, युवाओं का जोश भी देखते ही बन रहा था। प्रखंड के विभिन्न चौक-चौराहों पर युवाओं की टोलियां डीजे की थाप पर थिरकती नजर आईं। ढोल-नगाड़ों और आधुनिक संगीत के मेल ने उत्सव के माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया ।जैसे-जैसे सूरज ढला, रंगों की जगह अबीर-गुलाल ने ले ली। शाम होते ही लोग नए वस्त्र धारण कर सबसे पहले स्थानीय मंदिरों में पहुंचे, जहाँ भगवान को गुलाल अर्पित कर क्षेत्र की सुख-शांति की कामना की गई। इसके बाद 'मिलन समारोह' का दौर शुरू हुआ। लोगों ने अपने से बड़ों के चरणों में गुलाल डालकर उनका आशीर्वाद लिया और गले लगकर पुरानी कड़वाहटों को भुलाया।

# गांव पहुंचा जंगली हाथी, वन विभाग ने लोगों से की सतर्क रहने की अपील

नवीन मेल संवाददाता

**भरनो (गुमला)**। भरनो प्रखंड के अमलीया जंगल से निकलकर एक जंगली हाथी मंगलवार को दिन के उजाले में ही आबादी के समीप पहुंच गया। हाथी के अचानक गांव के पास पहुंचने से क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया। यह हाथी भरनो थाना क्षेत्र के बूढ़ीपाठ तेतरटोली और बोडोटोली के बीच स्थित नदी किनारे हाड़हु बगीचा में देखा गया, जहां उसे देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा हो गए।

हाथी के आने की खबर फैलते ही आसपास के गांवों के साथ-साथ दूर-दराज के इलाकों से भी सैकड़ों लोग मौके पर पहुंच गए। कई लोग हाथी को देखने के साथ-साथ उसके नजदीक जाकर फोटो और वीडियो बनाने की कोशिश करने लगे। भीड़ और शोर-शराबे से हाथी कई बार आक्रामक हो गया और लोगों को दौड़ाने लगा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने वन विभाग को जानकारी दी। सूचना मिलते ही वनरक्षी अकील अहमद क्यूआरटी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वन विभाग की टीम ने लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को बार-बार हाथी से दूर रहने और किसी प्रकार की छेड़छाड़ नहीं करने की अपील की।


## जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद्, लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 29 वर्ष 2025–26

15वें वित्त आयोग मद

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 12.03.2026 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 13.03.2026 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– 13.03.2026 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बरवाडीह | उकामाड | लेदगांई | श्यामलाल सिंह के घर से कुंवर सिंह के घर तक पेभर ब्लाक पथ निर्माण। | 605300 | 12500 | 1250 | 02 Month |
| | बरवाडीह | उकामाड | लेदगांई | कुलवंत यादव के घर से आर0ई0ओ0 ग्रेडवन रोड तक पेभर ब्लाक पथ निर्माण। | | | | |
| 2 | बरवाडीह | कुचिला | कुचिला | नेजामुद्दीन अंसारी के घर से कृष्णा प्रसाद के खेत तक नाली मरम्मति। | | | | |
| 3 | बरवाडीह | हरातु | मुण्डू | सुकलकट्ठा खेत दोहर में गार्डवाल के साथ छोटा पुलिया निर्माण। | 276200 | 6000 | 750 | 02 Month |
| 4 | बरवाडीह | कुचिला | बारीदोहर | लुतीपत्थर में बखारी नाला मे छोटा पुलिया निर्माण। | 276200 | 6000 | 750 | 02 Month |
| 5 | बरवाडीह | छिपादोहर | छिपादोहर | सार्वजनिक पानी सप्लाई घर एवं मोटर, अधिष्ठापन एवं सप्लाई पाईप की मरम्मति। | 452400 | 9500 | 750 | 02 Month |
| 6 | बरवाडीह | उकामाड | लेदगांई | भालू डेरा तालाब मरम्मति। | 403800 | 8500 | 750 | 02 Month |
| 7 | बरवाडीह | केड | गाडी | लोहार टोली में जलमीनार के पास स्नानागार निर्माण। | 350000 | 7000 | 750 | 02 Month |
| 8 | बरवाडीह | उकामाड | मुरू | आंगनबाडी जलमीनार के पास स्नानागार निर्माण। | 350000 | 7000 | 750 | 02 Month |
| 9 | बरवाडीह | खुरा | खुरा | पहाडी मन्दिर रोड स्थित आम बाबू की चाहरदिवारी के पास से खलको के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 275000 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 10 | बरवाडीह | खुरा | खुरा | हाई स्कूल परिसर में चबुतरा निर्माण। | 448600 | 9000 | 750 | 02 Month |
| | बरवाडीह | केचकी | सरईडीह | सरईडीह हाई स्कूल में चबुतरा निर्माण। | | | | |
| 11 | बरवाडीह | बरवाडीह | बरवाडीह | बरवाडीह बाजार अन्तर्गत मनीष भगत के घर से इलाहाबादी के घर तक नाली निर्माण। | 250100 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 12 | बरवाडीह | बरवाडीह | बरवाडीह | प्रखण्ड गेट स्थित सरकारी दुकान से दीपलेश सिंह के दूकान तक नाली निर्माण। | 250100 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 13 | बरवाडीह | बरवाडीह | बरवाडीह | भगत सिंह चौक के पास सोनू सरदार के घर के समीप गली में पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 275000 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 14 | बरवाडीह | बरवाडीह | खुरा | बरवाडीह कन्या मध्य विद्यालय के सामने जलमीनार अधिष्ठापन। | 538700 | 11000 | 1250 | 02 Month |
| 15 | बरवाडीह | केचकी | केचकी | सरीफ सिंह के खेत के पास हुडदुंग तालाब मरम्मति। | 310200 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 16 | बरवाडीह | केचकी | सरईडीह | नीचे पट्टी मन्दिर के समीप सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार। | 261300 | 5500 | 750 | 02 Month |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं HDFC BANK, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC)05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।

जिला अभियंता जिला परिषद्, लातेहार।

PR.NO.374105 (25-26):D


## पेड़ से गिरकर 11 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल

**गुमला**। गुमला थाना क्षेत्र के कोटाम गांव में एक दर्दनाक हादसे में पेड़ से गिरकर 11 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है और बालक की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायल बालक की पहचान कोटाम निवासी अंकित उरांव (11 वर्ष), पिता चारु उरांव के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकित उरांव पेड़ पर चढ़कर फुटकल (जंगली फल) तोड़ रहा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह ऊंचाई से नीचे जमीन पर गिर पड़ा।


## कार्यालयः– जिला अभियंता, लातेहार।

अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना

ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 35/2025-26

कार्य का नामः–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिला परिषद कार्यालय भवन का निर्माण। | 8,08,12,524 | 16,16,300 | 10,000 | 11 माह | 01/2025-26 /ZP/LATEHAR |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः– 10.03.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–21.03.2026, 5.00 बजे अपराहन् तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–23.03.2026 अपराहन 11:00 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– जिला अभियंता, लातेहार।
8. ई–निविदा प्रकोशठ का दूरभाश संख्या– 93347–02381
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
11. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता, लातेहार।

PR 374106 Rural Development(25-26)D



## जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 32 वर्ष 2025–26

15वें वित्त आय मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 17.03.2026 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 17.03.2026 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 18.03.2026 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. Cost | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | गारू | धांगरटोला | पुरनी अरमू | पुरनी अरमू यात्री शेड मरम्मति। | 270000 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 02 | गारू | धांगरटोला | पुरनी हेसाग | पी0सी0सी0 रोड से राजेश्वर उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 299990 | 6000 | 750 | 02 Month |
| 03 | गारू | धांगरटोला | गारू | पेंशनर समाज में शौचालय निर्माण। | 741200 | 15000 | 1250 | 02 Month |
| 04 | महुआडांड | ओरसा | चीरोपाठ | जयपाल नगेसिया के घर से मेन रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 399730 | 8000 | 750 | 02 Month |
| 05 | महुआडांड | ओरसा | ओरसा | ओरवा गांव से शमशान घाट तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 399730 | 8000 | 750 | 02 Month |
| 06 | महुआडांड | नेतरहाट | नेतरहाट | लालदेव किसान के घर स अखरा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 350200 | 7500 | 750 | 02 Month |
| 07 | महुआडांड | महुआडांड | महुआडांड | मेन रोड से नगवंश के पान दूकान होते हुए जीत उरांव के दूकान तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 399900 | 8000 | 750 | 02 Month |
| 08 | महुआडांड | नेतरहाट | नेतरहाट | नेतरहाट बाजार के पास सार्वजनिक शौचालय निर्माण। | 741200 | 15000 | 1250 | 02 Month |
| 09 | महुआडांड | अम्वाटोली | अम्वाटोली | रूसतम मिंया के घर से मेन रोड तक नाली निर्माण। | 338600 | 7000 | 750 | 02 Month |
| 10 | महुआडांड | महुआडांड | महुआडांड | भण्डार कोना में केसर तालाब का मरम्मति। | 321700 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 11 | महुआडांड | चटकपुर | लोध | लोध डाडी के पास तालाब मरम्मति। | 338200 | 7000 | 750 | 02 Month |
| 12 | महुआडांड | गढबुढनी | चुटिया | बेलढोडा तालाब मरम्मति। | 300400 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 13 | महुआडांड | ओरसा | ओरसा | ओरसा ग्राम में तालाब मरम्मति। | 389000 | 8000 | 750 | 02 Month |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं HDFC BANK, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिषद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।

जिला अभियंता जिला परिषद्, लातेहार

**PR 374099 Rural Development(25-26).D**



## जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद्, लातेहार

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 33 वर्ष 2025–26

15वें वित्त आय मद

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 13.03.2026 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 13.03.2026 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थानः– 14.03.2026 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. Cost | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | लातेहार | जालिमखूर्द | उदयपुरा | ग्राम उदयपुरा में अखरा एवं भोड निर्माण। | 489900 | 10000 | 750 | 02 Month |
| 02 | लातेहार | पेशरार | पतरातु | ग्राम पतरातु में गौरीखाड में अखरा मरम्मति एवं भोड निर्माण। | 489900 | 10000 | 750 | 02 Month |
| 03 | लातेहार | सासंग | पतरातु | ग्राम पतरातू बजार के बगल में फिल्ड का सुन्दरीकरण। | 334700 | 7000 | 750 | 02 Month |
| 04 | लातेहार | डीही | डीही | पिपराखाड दिना तालाब में कैनाल पक्का नाली निर्माण। | 300000 | 6000 | 750 | 02 Month |
| 05 | लातेहार | भुसूर | ईचाक | ग्राम ईचाक में छठ घाट के पास स्नानागार निर्माण। | 350000 | 7000 | 750 | 02 Month |
| 06 | लातेहार | आरागुण्डी | आरागुण्डी | ग्राम आरागुण्डी में छठ घाट के पास स्नानागार निर्माण। | 350000 | 7000 | 750 | 02 Month |
| 07 | लातेहार | हेठपोचरा | हुटार | ग्राम हुटार में मतवारी टांड तालाब मरम्मति। | 256100 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 08 | लातेहार | भूसूर | जालिमकला | ग्राम जोभिया में जामुन गडा तालाब निर्माण/जिर्णोद्धार | 256100 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 09 | लातेहार | आरागुण्डी | कोल्हेरूआ | ग्राम कोल्हेरूआ में पण्डरा पानी तालाब निर्माण। | 256100 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 10 | लातेहार | आरागुण्डी | कुन्दरी | ग्राम कुन्दरी में मढा तालाब निर्माण/मरम्मति। | 256100 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 11 | लातेहार | मोंगर | मोंगर | शिव मन्दिर ट्रांसफार्मर से ठुनी बैठा के घर तक गार्डवाल निर्माण। | 463900 | 9500 | 750 | 02 Month |
| 12 | लातेहार | बेन्दी | लेधपा | लेधपा चौक में जलमीनार निर्माण। | 563400 | 11500 | 1250 | 02 Month |
| 13 | लातेहार | धनकारा | धनकारा | शिशुपाल मेहरा के घर से पी0सी0सी0 रोड तक पी0सी0सी0 रोड निर्माण। | 496100 | 10000 | 750 | 02 Month |
| 14 | लातेहार | मोंगर | मोंगर | रामराज प्रसाद के घर से गोपाल शरण सिंह के घर तक नाली निर्माण। | 996300 | 20000 | 1250 | 02 Month |
| 15 | लातेहार | शिशी | कल्याणपुर | नदवाटोली तालाब जिर्णोद्धार। | 456200 | 9500 | 750 | 02 Month |
| 16 | लातेहार | परसही | परसही | पंचायत भवन के पास सामुदायिक भवन का जीर्णोद्धार एवं चबुतरा निर्माण। | 321900 | 6500 | 750 | 02 Month |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं HDFC BANK, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।

जिला अभियंता जिला परिषद्, लातेहार।

**PR.NO.374098 Rural Development(25-26):D**

# ईरान में तेल, आधुनिकता या परमाणु हथियारों पर रोक की लड़ाई है?

इंडिया



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

ईरान में आधुनिकीकरण और इस्लामिक व्यवस्था के विरोध और समर्थन का मामला उसका अंदरूनी था पर अब मध्यपूर्व के 12 देशों के अमेरिकी ठिकानों पर ईरान के हमले तो दूसरी ओर अमेरिका इजरायल के इसके पहले हमले में भारत बेमतलब पार्टी बन रहा है या बनाने का दबाव कांग्रेस बना रही है ।भारत के लाखों भारतीयों की जान माल इन देशों में खतरे में है । राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा था कि जून 2025 में तीन परमाणु ठिकानों पर बमबारी के बाद अमेरिका ने ईरान से बातचीत की कोशिश की थी, लेकिन ईरान ने 'हर मौके पर अपने परमाणु इरादों से पीछे हटने से इनकार कर दिया।उनका तर्क था कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को दोबारा खड़ा कर रहा है और ऐसी लंबी दूरी की मिसाइलें विकसित कर रहा है जो अमेरिकी सहयोगियों, विदेशों में तैनात अमेरिकी सैनिकों और अंततः अमेरिकी ठिकाने तक को निशाना बना सकती हैं। इस अमेरिकी तर्क के बाद पिछले 28 फरवरी, 2026 को पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू हो गया। अमेरिकियों ने (ऑपरेशन एपिक फ्यूरी) चलाया, जिसमें इस्राइल (लॉयन्स रोअर) भी शामिल हो गया। कुछ ही घंटों में ईरान पर भीषण बमबारी हुई और एक दिन के अंदर उन्होंने ईरान के रक्षा मंत्री, शीर्ष जनरलों और सर्वोच्च नेता खामनेई को मार गिराया। वर्ष 1979 से पहले ईरान 'पश्चिम एशिया का पेरिस' था। ईरान के शाह ने पर्सिया से ईरान को आधुनिक बनाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 1963 में ईरान को पाश्चात्य रंग-ढंग में ढालने के लिए श्वेत क्रांति शुरू की। तेल से अर्जित अकूत दौलत ने बांध, हाईवे बनाने में मदद की और युवा स्नातकों को पढ़ना-लिखना सिखाने के लिए ग्रामीण इलाकों में भेजा। ईरान ने अपनी कारें 'पेकान', स्टील और उपभोक्ता सामग्री बनानी शुरू कर दी। 1970 के दशक तक, वहां की अर्थव्यवस्था हर साल 9-10 फीसदी की दर से बढ़ रही थी। ऊपर से लेकर नीचे तक आधुनिकीकरण ने देश को एक क्षेत्रीय शक्ति केंद्र बना दिया। लेकिन इतना सब विकास होने के बावजूद वहां के कुछ लोगों को लगा कि आधुनिकता के कारण ईरान इस्लामी परंपरावादी संस्कृति से दूर जा रहा है और वे सरकार बदलना चाहते थे। खासकर व्यापारी वर्ग और मौलवियों को लगा कि शाह का पाश्चात्यीकरण का अभियान ईरानी-इस्लामी पहचान को खत्म कर रहा है। लोगों को उनके अपने ही लोगों द्वारा बेवकूफ बनाना मुश्किल नहीं है। 16 जनवरी, 1979 को शाह, मोहम्मद रजा पहलवी इलाज के लिए अवकाश पर ईरान छोड़कर मिस्र चले गए। 14 साल से निर्वासित अयातुल्ला खामनेई देश की बागडोर संभालने के लिए लौटने वाले थे। हालांकि कुछ समझदार लोग ऐसा नहीं चाहते थे। 16 जनवरी से 31 जनवरी, 1979 तक का पखवाड़ा बहुत ज्यादा तनाव में बीता। प्रधानमंत्री बख्तियार ने हवाई अड्डे बंद करके खामनेई की वापसी को रोकने की कोशिश की। एक फरवरी, 1979 को बड़े विरोध प्रदर्शनों के बाद सरकार को हवाई मार्ग फिर से खोलना पड़ा, तब अयातुल्ला खामनेई तेहरान हवाई अड्डे पर उतरे। विदेशी अपनी जान बचाने के लिए ईरान से भाग गए। धर्मनिरपेक्ष 'बुद्धिजीवी', छात्र, अयातुल्ला खामनेई के धार्मिक अनुयायी शाह को हटाने के एक ही लक्ष्य के साथ एकजुट हुए और 30-31 मार्च, 1979 को एक जनमत संग्रह हुआ, जिसमें ईरानियों से पूछा गया कि वे इस्लामी गणराज्य चाहते हैं या नहीं। उत्तर केवल 'हां' या 'न' में देना था। एक अप्रैल, 1979 को खामनेई ने जनमत संग्रह की जीत का ऐलान किया (जिसे कथित तौर पर 98 फीसदी समर्थन मिला) और आधिकारिक तौर पर ईरान के इस्लामी गणराज्य के उदय की घोषणा की गई। देश को सैन्य ताकत की तरफ धकेला गया, जिसमें मिसाइलों और रिवोल्यूशनरी गार्ड पर ध्यान केंद्रित किया गया, ठीक हिटलर के एसएस (रक्षा बल) की तरह, जो सरकार के प्रति वफादार थे।ईरान परमाणु हथियार बनाना चाहता था, लेकिन हमेशा कहता रहा कि यह शांतिपूर्ण मकसद के लिए है। ईरान ने 60 फीसदी यूरेनियम (400 किलोग्राम से अधिक) का संवर्धन किया है, जो एक खतरनाक सीमा है। यह ईरान को कागजी तौर पर असैन्य परमाणु शक्ति बने रहने की क्षमता देता है, जबकि वास्तविकता यह है कि अगर वह परमाणु हथियार बनाने का राजनीतिक फैसला लेता है, तो एक सक्रिय बम बनाने में उसे महीनों या वर्षों के बजाय कुछ दिन या हफ्ते ही लगेंगे। हालांकि इसे 90 फीसदी 'हथियार की श्रेणी' नहीं कहा गया है, लेकिन यह बहुत बड़ा नुकसान पहुंचाने में सक्षम है और परमाणु हथियार कार्यक्रम में आखिरी रुकावट है। 60 फीसदी संवर्धित यूरेनियम का इस्तेमाल करके कामचलाऊ परमाणु हथियार बनाए जा सकते हैं। हालांकि यह उपकरण मानक 90 प्रतिशत हथियार से काफी ज्यादा बड़ा और भारी होगा, फिर भी यह हिरोशिमा जैसा उत्सर्जन (15 किलो टन) पैदा कर सकता है। हिरोशिमा में पहले दिन 80,000 लोग मारे गए और पांच महीनों के अंदर कुल 1,40,000 लोग मारे गए।क्या दुनिया इसे स्वीकार कर सकती है, यह सबसे बड़ा सवाल है। अमेरिका व इस्राइल के दबदबे के आरोप हैं पर वे खतरे की गारंटी कौन देगा ?ईरान ने अमेरिकी संपत्तियों को निशाना बनाकर इस्राइल, अबू धाबी, दुबई, बहरीन, कतर, कुवैत, इराक, जॉर्डन और सीरिया समेत 12 देशों पर हमला किया है तथा उन्हें भारी नुकसान हुआ है। हालांकि अमेरिकियों और रूसियों के पास हजारों परमाणु हथियार हैं, लेकिन लगता है कि उनके पास निगरानी एवं संतुलन की क्षमता है। दूसरे परमाणु हथियार संपन्न देशों के पास भी ऐसा ही है। ईरान के मौजूदा खानाबदोश शासन पर समझदारी के लिए भरोसा नहीं किया जा सकता। बिल्कुल अनूठे हथियार के जरिए इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर ने उन्नत क्षमताओं का इस्तेमाल करके 'निर्णायक और अफसोसनाक सजा' देने की कसम खाई है। हालांकि उन्होंने उनका नाम नहीं बताया है, लेकिन खतरा भयावह है। वे अब हताश हैं और अपने साथ-साथ दूसरों को भी बर्बाद कर सकते हैं। ज्यादातर ईरानी इस सरकार को हटाना चाहते हैं। लगभग 80 प्रतिशत लोग इसका विरोध करते हैं और सिर्फ 20 प्रतिशत लोग ही इसका समर्थन करते हैं। अमेरिका ने जरूर विरोधी समूहों को तैयार किया होगा, जो सरकार बदलने के लिए बहुत जरूरी है। कोई नहीं जानता कि इस युद्ध का नतीजा किसके पक्ष में जाएगा, लेकिन यह तो पक्का है कि यह सबकी जेब पर भारी पड़ेगा। रूस को तेल बेचने की इजाजत मिल सकती है, क्योंकि होर्मुज जलडमरूमध्य पर कब्जा है। पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर पहुंच गया है। पूरी क्षेत्रीय सुरक्षा पर खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में अब इस भयावह होते संघर्ष को खत्म करने की दिशा में ईरान की ओर से एक बड़ा बयान सामने आया है। बताया गया है कि ईरान अमेरिका और इस्राइल के साथ युद्ध खत्म करने के लिए बातचीत को तैयार है, लेकिन शर्त साफ है कि ये बातचीत पूरे इज्जत के साथ और बिना किसी दबाव के होगी। बातचीत की पहल वाला यह बयान ईरान के सर्वोच्च नेता के विशेष प्रतिनिधि अब्दुल मजीद हकीम इलाही ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत के दौरान दी। अपने बयान में इलाही ने कहा कि ईरान चाहता है कि अमेरिका और इस्राइल भविष्य में हमला न करें और अगर शांति होनी है तो उस समय लगे प्रतिबंध भी हटाने होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान ने युद्ध शुरू नहीं किया, बल्कि केवल अपनी रक्षा कर रहा है। इलाही ने आरोप लगाया कि अमेरिका ने यह युद्ध शुरू किया और अब उन्हें ही इसे रोकना चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका केवल ईरान नहीं, बल्कि अन्य देशों को भी कमजोर करना चाहता है ताकि अमेरिका अपनी ताकत बनाए रख सके। भारत के लिए इन तेल उत्पादक देशों और वहां कार्यरत लाखों भारतीयों के हितों के साथ वैश्विक संतुलन बना कर चलना है जबकि ईरान के पक्के समर्थक देशों ने भी बयानबाजी तक अपने को सीमित रखा है।

विचार प्रवाह

किसी भी महत्वपूर्ण निर्णय को लेने से पूर्व आपको मौन में बैठकर, परमपिता से उनके आशीर्वाद के लिये प्रार्थना करनी चाहिए। तब आपकी शक्ति के पीछे ईश्वर की शक्ति, आपके मन के ईश्वर का मन, एवं आपकी इच्छा-शक्ति उनकी इच्छा-शक्ति होगी। - **स्वामी विवेकानंद जी**

# दो महान गुरुओं की महासमाधि

अध्यात्म की बात



नेहा प्रकाश

**मार्च माह क्रियायोग परंपरा के दो महान संत- परमहंस योगानंद और स्वामी श्री युक्तेश्वर गिरि-की महासमाधि का स्मरण कराता है, जिन्होंने देह त्यागकर भी शिष्यों को नित्य आध्यात्मिक संरक्षण और मार्गदर्शन का अमर वचन दिया।**



ईश्वरीय प्रकाश से दीप्तिमान गुरु को नश्वरता प्रभावित नहीं कर सकती। मृत्यु के समय पूर्ण चेतन अवस्था में वे अपनी मानवीय देह का त्याग करते हैं, इसी को महासमाधि कहते हैं।
मार्च माह क्रियायोग परम्परा के दो अद्वितीय संतों की महासमाधि की याद दिलाता है — आध्यात्मिक गौरव ग्रंथ "योगी कथामृत" के लेखक श्री श्री परमहंस योगानन्दजी, जिन्होंने 7 मार्च, 1952 को और उनके गुरु और "कैवल्य दर्शनम्" के लेखक श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि, जिन्होंने 9 मार्च, 1936 को महासमाधि में प्रवेश किया।

दोनों ही गुरुओं ने अपने वर्तमान समय के और भविष्य में आने वाले शिष्यों के हृदयों में सदा के लिए वास करने और उनके लिए अपनी नित्य विद्यमानता को बनाए रखने का वचन दिए बिना शरीर नहीं छोड़ा। योगानन्दजी ने सत्तानबे वर्ष पूर्व अपनी एक कविता में लिखा था, "अज्ञात मैं तुम्हारे साथ चलूँगा और अपने अदृश्य हाथों से तुम्हारी रक्षा करूँगा।"

योगानन्दजी 17 वर्ष की आयु में पहली बार बनारस में श्रीयुक्तेश्वरजी से मिले थे। उस समय उनके मन में अपने गुरु को खोजने की प्रबल इच्छा थी। और बनारस की गलियों में उन्हें प्राप्त कर लेने के बाद, योगानन्दजी अपने गुरु के कठोर अनुशासन में भी उनके साथ बने रहे। युक्तेश्वरजी ने योगानन्दजी को छोटे बालक के रूप में दस वर्षों तक प्रशिक्षित किया ताकि वे आने वाले वर्षों में एक विश्व प्रसिद्ध गुरु बन सकें। उनके महान् गुरु श्रीयुक्तेश्वर गिरिजी ने अतुलनीय महावतार बाबाजी द्वारा दिये गए उत्तरदायित्व — अर्थात् उन युवा साधु को समुद्र पार पश्चिम में क्रियायोग का प्रसार करने के लिए तैयार करना — को दिव्य रूप से पूर्ण किया; वही क्रियायोग जिसमें 30 सेकंड की एक प्रभावी क्रिया-श्वास, एक वर्ष के प्राकृतिक मानवीय क्रमविकास के बराबर होती है।

परमहंस योगानन्दजी की महासमाधि क्रियायोग के प्रभाव का सर्वोत्तम प्रमाण थी। मृत्यु के 20 दिन बाद भी उनके शरीर में क्षय के कोई चिन्ह दिखाई नहीं दिए। शवागार के निर्देशक श्री हैरी टी. रोवे ने सूचित किया था कि परमहंस योगानन्दजी की देह "निर्विकारता की एक अद्भुत अवस्था में थी।" महान् गुरु ने न केवल जीवन में अपितु मृत्यु में भी सम्पूर्ण मानवजाति के समक्ष प्रदर्शित कर दिया था कि योग और ध्यान से सृष्टि की शक्तियों को नियंत्रित किया जा सकता है। "योगी कथामृत" में बताया गया है कि क्रियायोग का अभ्यास हर श्वास के साथ रक्त को कार्बनरहित करता है, जिसके कारण अंत समय में शरीर में विकार नहीं होता। यह एक पुरातन विज्ञान है जो श्रीकृष्ण ने अर्जुन को दिया था और तत्पश्चात पतंजलि और अन्य लोगों ने इसे जाना। वर्तमान युग में, महावतार बाबाजी ने इसे लाहिड़ी महाशय को दिया, जिन्होंने पुनः इसे योगानन्दजी के गुरु स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरिजी को प्रदान किया।
क्रियायोग की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार के लिए श्रीयुक्तेश्वरजी ने एक संस्था की स्थापना करने पर बल दिया; वास्तव में, इस ज्ञान को साझा करना आवश्यक था। इसलिए योगानन्दजी ने सन् 1917 में राँची में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ़ इण्डिया (वाईएसएस) और सन् 1920 में लॉस एंजेलिस में सेल्फ़-रियलाइज़ेशन फ़ेलोशिप (एसआरएफ़) की स्थापना की। कोई भी व्यक्ति योगदा आश्रमों के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार हेतु गृह अध्ययन पाठमाला, जिसमें ध्यान की वैज्ञानिक प्रविधियों को भली-भाँति सीखने के लिए क्रमानुसार निर्देश प्रस्तुत किए गए हैं, के लिए पंजीकरण कर सकता है।
परमहंस योगानन्दजी ने कहा था, "मेरे जाने के बाद मेरी शिक्षाएँ ही गुरु होंगीं। शिक्षाओं के माध्यम से आप मुझसे और उन महान् गुरुओं से जिन्होंने मुझे भेजा है, समस्वर रहेंगे।"

1. सचिव, रामकृष्ण मिशन, टीबी सैनेटोरियम, पोस्ट-सैनेटोरियम, टुपुदाना, रांची - 835221, झारखंड
2. सचिव, रामकृष्ण मिशन आश्रम, रांची-मोराबादी, स्वामी विशुद्धानंद रोड, मोराबादी, रांची - 834008, झारखंड, भारत
3. सचिव, भारत सेवाश्रम संघ, टुपुदाना, रांची - 834003, झारखंड
4. सचिव, श्री श्री आनंदमयी संघ, मेन रोड, रांची - 834001, झारखंड
5. सचिव, मात्रिकाश्रम, 14, अपर बर्धवान कंपाउंड, सर्कुलर रोड, बर्धवान कंपाउंड, रांची - 834001, झारखंड
6. सचिव, चिन्मय आश्रम, रांची लेक साउथ रोड, रांची - 834001, झारखंड
7. सचिव, महर्षि मेहि आश्रम, चुटिया मेन रोड, बाहु बाजार, लोअर चुटिया, समलोंग, रांची - 834001, झारखंड
8. सचिव, राम मंदिर, स्ट्रीट नंबर 1, साईं कॉलोनी, लोअर चुटिया, गोसाईंटोला, रांची, झारखंड
9. सचिव, राम मंदिर, चुटिया मेन रोड, अपर चुटिया, काठारटोली, रांची, झारखंड

(ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

राष्ट्रीय नवीन मेल
धर्म-अध्यात्म



# समर्पण से मिलता आंतरिक संतुलन



स्वामी चिन्मयानंद

यह वाक्य 'योगक्षेमं वहाम्यहम्' ("मैं तुम्हारी आवशकताएँ पूरी करता हूँ तथा जो कुछ तुम्हारे पास विद्यमान है, उसका संरक्षण भी करता हूँ।") वास्तव में अत्यंत प्रभावशाली है। यदि हम ठहरकर अपने जीवन पर विचार करें, तो यह प्रतिज्ञा हर दिन पूरी होती रहती है। जब हम इस श्लोक को अपने जीवन का हिस्सा बना लेते हैं, तो हम चिंता करना तथा यह सवाल करना बंद कर देते हैं कि क्या ईश्वर हमारी देखभाल कर रहा है या नहीं; इसके बजाय, हम अपने हृदय में जान लेंगे कि वह सदैव हमारा संरक्षण करता है। जीवन के कुछ समयों में रोग, दुर्बलता और अन्य प्रकार के व्यवधान अवश्य आएँगे। स्वयं को ईश्वर तथा उनकी बुद्धि के प्रति समर्पित करें एवं शान्त अविचल मन से अपने कर्तव्यों का पालन करें। जो कुछ भी हो रहा है वह ईश्वर का उपहार है, जो अन्ततः हमारे अपने विकास हेतु है।

अनावश्यक चिंता न करें। समस्याएँ समय के साथ स्वयं दूर हो जाती हैं। ईश्वर तथा उनकी इच्छा में विश्वास बनाए रखें। हर्षित रहें। इतनी शक्ति रखें कि सभी चिन्ताओं को उनके चरणों में समर्पित कर सकें। क्यों नहीं? प्रयास करें। यह आपको अनावश्यक मानसिक पीड़ा से मुक्त करता है। अब आपके साथ कुछ भी अशुभनहीं हो सकता है। आप स्वयं देखें। यह सब केवल आपको उन्नत करने के लिए है। उनकी धारा के साथ बहें। ईश्वर सब जानते हैं। वे अत्यंत विवेकशील और ज्ञानयुक्त हैं। जब वे हमें ऐसे वातावरण के संपर्क में लाते हैं, तो केवल इसलिए कि यह हमारे अन्तर्मुखी विकास के लिए आवश्यक है। यही मार्ग है। फिर चिंता क्यों करें!

*-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)*

# स्वराज्य, सुशासन और अस्मिता के अमर प्रतीक छत्रपति शिवाजी महाराज

अलग बात



अशोक "प्रवृद्ध"


इतिहास राजा- महाराजाओं की कहानियों से भरा पड़ा है, लेकिन जनता का राजा अर्थात रैयतेचा राजा वही कहलाता है, जिसने प्रजा के आंसू पोंछे हों। शिवाजी महाराज ने महलों से नहीं, बल्कि किलों और मावलों के दिलों से शासन किया। एक ऐसा शासन जहां धर्मनिरपेक्षता केवल कागजों पर नहीं, बल्कि न्याय के तराजू पर दिखती थी। जब चारों ओर हताशा का अंधकार था और विदेशी आक्रांताओं के हौसले बुलंद थे, तब शिवनेरी की गुंज ने भारतीय इतिहास की धारा मोड़ दी। छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक नाम नहीं, बल्कि उस अदम्य चेतना का नाम है जिसने मुगलों के दंभ को कुचलकर हिन्दवी स्वराज्य का भगवा फहराया। छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी, 1630 को पुणे के पास शिवनेरी दुर्ग में हुआ था। इसलिए छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती (शिवजयंती) प्रतिवर्ष 19 फरवरी को मनाई जाती है। शिवाजी महाराज के साहस, नेतृत्व और हिन्दवी स्वराज्य की स्थापना के संकल्प को समर्पित छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के दिन 19 फरवरी को महाराष्ट्र में सार्वजनिक अवकाश रहता है और पूरे राज्य में बड़े उत्साह के साथ शोभायात्राएं निकाली जाती हैं। प्राचीन मत के अनुसार कुछ लोग भारतीय पंचांग के तिथि अनुसार फाल्गुन (उत्तर भारत में चैत्र) कृष्ण पक्ष तृतीया को भी जयंती मनाते हैं। इस तिथि के अनुसार वर्ष 2026 में तिथि के अनुसार शिवजयंती 6 मार्च को मनाई जाएगी। भारतीय इतिहास के क्षितिज पर छत्रपति शिवाजी महाराज एक ऐसे देदीप्यमान नक्षत्र हैं, जिन्होंने न केवल भूगोल बदला, बल्कि जनमानस की सोच को भी बदल दिया। उनका जन्म केवल एक साम्राज्य की स्थापना के लिए नहीं, बल्कि सदियों से दासता की बेड़ियों में जकड़ी एक सभ्यता के पुनरुत्थान के लिए हुआ था। शिवाजी महाराज ने जब हिन्दवी स्वराज्य का संकल्प लिया, तब उनके पास न बड़ी सेना थी और न ही अपार धन। उनके पास था तो केवल संकल्प और मावलों अर्थात स्थानीय किसानों और युवाओं का अटूट विश्वास। उनके लिए स्वराज्य का अर्थ केवल एक हिन्दू राजा का शासन नहीं था, बल्कि एक ऐसी व्यवस्था थी जहां किसान की फसल सुरक्षित हो, महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि हो और न्याय सबके लिए समान हो। महाराज ने सह्याद्रि की पहाड़ियों को अपनी ढाल बनाया। उनके द्वारा निर्मित और पुनर्निर्मित 300 से अधिक किले आज भी उनकी सामरिक प्रतिभा के गवाह हैं। उन्होंने दुर्गों को केवल सैन्य ठिकाना नहीं, बल्कि प्रशासन का केंद्र बनाया। उन्होंने भविष्य को भांपते हुए भारतीय नौसेना की नींव रखी। वे जानते थे कि विदेशी आक्रमणकारियों को रोकने के लिए समुद्र पर नियंत्रण अनिवार्य है- एक ऐसी सोच जो उन्हें अपने समय के शासकों से कोसों आगे ले गई। महाराज का अष्टप्रधान मंडल आधुनिक कौंसिल ऑफ मिनिस्टर्स का प्राचीन स्वरूप था। उनकी प्रशासनिक कुशलता का सबसे बड़ा प्रमाण यह था कि उनके शासन में धर्म, जाति या पंथ के आधार पर भेदभाव नहीं था। उनकी सेना में इब्राहिम खान और मदारी मेहतर जैसे निष्ठावान मुस्लिम योद्धा थे, तो दूसरी ओर वे गौ, ब्राह्मण और प्रतिपालक के रूप में अपनी संस्कृति के रक्षक भी थे। उन्होंने युद्ध में भी नैतिकता को कभी नहीं त्यागा। दुश्मन की महिलाओं और धार्मिक ग्रंथों का सम्मान करना उनके चरित्र की विशेषता थी। आज के दौर में शिवाजी महाराज का प्रबंधन, उनकी कूटनीति और राष्ट्र प्रथम की भावना हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

फेसबुक वॉल से




एक्स से




## आज का दोहा

हुनरमंद हैं इसलिए, सब गुनाह हैं माफ।
हवा कभी जाती नहीं, उनके लिए खिलाफ।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

# मिट्टी, बीज और उम्मीद : महिलाओं के हाथों उगता नया संसार

8 मार्च महिला दिवस

देश की बात



कुमार सिद्धार्थ

सुबह की पहली किरण जब धरती को सहलाती है, तो वह केवल उजाला ही नहीं लाती वह उन अनगिनत स्त्रियों की मौन आस्था भी साथ लाती है, जो अपने श्रम, संवेदना और धैर्य से प्रकृति को फिर से जीवन दे रही हैं। देश के परिदृश्य में देखें तो पाएंगे कि वे बुंदेलखंड की प्यास से फटी धरती पर सूखे तालाबों में पानी की स्मृतियाँ लौटा रही हैं; तो झारखंड और छत्तीसगढ़ के जंगलों में वे बीजों को ऐसे सहेजती हैं जैसे माँ अपने शिशु को; और उत्तराखंड की पहाड़ियों पर वे पेड़ों की रखवाली करती हुई मानो भविष्य की पहरेदार बन जाती हैं। ये स्त्रियाँ पर्यावरण को नहीं, बल्कि जीवन की निरंतरता को बचा रही हैं। इसी व्यापक सोच और जीवनानुभव से जन्मी इस चेतना को दुनिया "इकोफेमिनिज़्म" कहती है यानी पर्यावरण नारीवाद, एक ऐसा नजरिया जो प्रकृति और स्त्री की मुक्ति को एक-दूसरे से जुड़ा हुआ मानता है। यह विचार बताता है कि जैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन होता है, वैसे ही समाज में महिलाओं के श्रम और अधिकारों का भी शोषण होता है। जब जलस्रोत सूखते हैं, जंगल कटते हैं या भूमि बंजर होती है, तो सबसे पहले इसका असर महिलाओं पर पड़ता है उन्हें पानी के लिए दूर तक चलना पड़ता है, ईंधन और चारे के लिए अधिक श्रम करना पड़ता है। यही अनुभव उन्हें पर्यावरण संरक्षण का स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता बना देता है, क्योंकि उनके लिए प्रकृति कोई संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार, सहचर और भविष्य की आशा है। यह विचार किसी सिद्धांत की उपज नहीं, बल्कि पीढ़ियों से संचित जीवनानुभव की देन है। भारतीय ग्रामीण और आदिवासी समाज में यह भावना सदियों से रची-बसी है, जहाँ धरती को माँ और प्रकृति को पालनहार माना जाता है। यही कारण है कि जब महिलाएँ पर्यावरण संरक्षण की पहल करती हैं, तो वह केवल हरित अभियान नहीं रहता वह सामाजिक परिवर्तन की एक शांत किंतु सशक्त प्रक्रिया बन जाता है। जो महिलाएँ कभी निर्णयों की चौखट से दूर रखी जाती थीं, वही आज ग्रामसभाओं में योजनाएँ बना रही हैं, सामुदायिक बैठकों में दिशा तय कर रही हैं और अपने गाँव के भविष्य की रूपरेखा स्वयं लिख रही हैं।

ग्रामीण जीवन में महिलाएँ पानी लाने, चारा जुटाने, लकड़ी इकट्ठा करने और खेती करने जैसे कार्यों के कारण प्रकृति से प्रत्यक्ष जुड़ी रहती हैं। पर्यावरण चिंतक डॉ. वंदना शिवा ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि आधुनिक विकास मॉडल ने प्रकृति और स्त्री दोनों को "संसाधन" मानकर उनका उपयोग किया, जबकि पारंपरिक समाज उन्हें जीवन के आधार के रूप में देखता था। इसी सोच को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने नर्मदा घाटी आंदोलन में जीवंत रूप दिया, जहाँ नदी, विस्थापन और महिलाओं के अधिकार जैसे तीनों प्रश्न एक साथ उठाए। वहीं इंदौर की पद्मश्री जनक मिलिगियन पलटा ने सौर उर्जा के माध्यम से सैकडों आदिवासी युवतियों के जीवन को रोशन करने का प्रयास किया है। पर्यावरण विद सुनीता नारायण ने दुनिया में कार्बन उर्त्सजन में कमी लाने के लिए सरकारों के साथ मिलकर नीतिगत मसलों पर काम किया है। महिला नेतृत्वकर्ताओं ने देश के अनेक राज्यों में स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जैविक खेती, रसोई बाग़, वर्मी कम्पोस्ट और वनौषधि उत्पादन जैसी पहलें शुरू की हैं। इन पहलों से न केवल महिलाओं की आय बढ़ी है, बल्कि रासायनिक खेती पर निर्भरता भी घटी है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

राजस्थान का रहस्यमयी मंदिर

# शाम के बाद रुकने से डरते हैं लोग

**एजेंसी। बाड़मेर**



बाड़मेर के रेगिस्तान में एक ऐसा मंदिर है, जहां शाम होते ही लोग भाग जाते हैं और पूरा मंदिर वीरान हो जाता है। यह है किराडू मंदिर। यह कोई साधारण मंदिर नहीं है, बल्कि पांच मंदिरों की एक श्रृंखला है। इसमें से एक भगवान विष्णु को समर्पित है और बाकी चार महादेव को। इस मंदिर की खूबसूरती देखकर आपको लगेगा कि यह राजस्थान का खजुराहो है। हर दीवार, हर खंभा और हर छत पर नक्काशी इतनी अद्भुत है कि आप घंटों वहीं ठहरे रहना चाहेंगे। हालांकि इस मंदिर में शाम के बाद ठहरना वर्जित है। कहा जाता है कि कोई भी अगर रात तक रुका, वह वापस नहीं आया। लोगों का कहना है कि यह सब साधु के श्राप की वजह से है। स्थानीय लोगों का कहना है कि काफी समय पहले एक साधु अपने शिष्यों के साथ किराडू आए। कुछ दिन वे वहीं रहे और फिर देश भ्रमण पर निकल पड़े लेकिन अचानक उनके शिष्य बीमार पड़ गए। गांव के लोग उनकी मदद नहीं करना चाहते थे लेकिन एक कुम्हारिन ने उनकी पूरी देखभाल की। जब साधु वापस आए और शिष्यों को इस हालत में देखा, तो उनका गुस्सा सातवें आसमान पर था। उन्होंने श्राप दिया कि जहां मानवता नहीं है, वहां के लोग भी न रहें, जिसके बाद गांव के लोग पत्थर बन गए। साधु ने उस कुम्हारिन को चेताया कि वह शाम से पहले वहां से निकल जाए और रास्ते में कभी पीछे मुड़कर न देखे लेकिन जैसे ही वह कुम्हारिन पीछे मुड़ी, वह भी पत्थर में बदल गई। तभी से यह माना जाता है कि जो कोई भी यहां शाम के बाद रुका, वह पत्थर बन जाता है। किराडू मंदिर केवल एक धार्मिक स्थल नहीं है बल्कि एक रहस्यमयी व ऐतिहासिक अनुभव है। आज भी सुबह पूरा परिसर चहल-पहल वाला लगता है लेकिन जैसे ही शाम होती है, लोग जल्दी-जल्दी बाहर निकलने लगते हैं। कोई भी यहां शाम के बाद ठहरना नहीं चाहता।

## कनाडा के पीएम ने मोदी के नेतृत्व की सराहना की, बोले-

# भारत के साथ चाहते हैं मजबूत संबंध

**एजेंसी। वॉशिंगटन**



कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और गवर्नेंस रिकॉर्ड की सराहना की है। कनाडाई प्रधानमंत्री ने लगातार काम करने के तरीके और आम लोगों तक पहुंचाने पर पीएम मोदी के फोकस को हाईलाइट किया। साथ ही, उन्होंने ओटावा और नई दिल्ली के बीच संबंधों को और गहरा करने की कोशिश का भी इशारा किया है। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में लोवी इंस्टीट्यूट थिंक-टैंक में पीएम कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी को एक अनोखा और बहुत अनुशासित नेता बताया, जो एक सघन राजनीतिक कार्यक्रम को बनाए रखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी के साथ अपनी हालिया बातचीत के बारे में बताते हुए कार्नी ने कहा, "देखिए वह आदमी अनोखा है। मैं कहूंगा, आप जानते हैं, 25 साल हो गए हैं और उन्होंने एक दिन की भी छुट्टी नहीं ली। 25 साल लगातार गुजरात में मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री के तौर पर एक भी दिन की छुट्टी नहीं ली है।" उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की राजनीतिक पहुंच काफी बड़ी है। हर हफ्ते वह कैंपेनिंग के लिए निकलते हैं और उनकी रैलियों में 2,50,000 लोग आते हैं। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री की देशभर में भारी संख्या में समर्थन जुटाने की काबिलियत की ओर इशारा किया। पीएम कार्नी ने कहा कि मोदी के साथ हुई उनकी बैठकों से उन्हें भारत में हो रहे आर्थिक सुधारों व डिजिटल परिवर्तन के पीछे की शासन दृष्टि को समझने का अवसर मिला। खासकर उस प्रयास को जो लाभों को सीधे आम घरों तक पहुंचाने पर केंद्रित है। कार्नी ने कहा, "वह ऐसे नेता हैं जो परिणाम देने पर बहुत जोर देते हैं, चाहे वह ग्रामीण घर हों या फिर सड़क पर रहने वाला आम व्यक्ति।" उन्होंने बताया कि पीएम मोदी के नेतृत्व के तहत वित्तीय और तकनीकी सुधारों का मकसद डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर को मजबूत करना और पब्लिक खर्च में लीकेज को कम करना था।

## कनाडा में खालिस्तान आलोचक पंजाबी इन्फ्लुएंसर की घर में चाकू घोंपकर हत्या



**ओंटारियो।** कनाडा की जानी-मानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, और खालिस्तानी आलोचक की हत्या ने वहां के पंजाबी समुदाय को सदमे में डाल दिया है। अब तक किसी को इस मामले में गिरफ्तार नहीं किया गया है। वहीं, ओंटारियो के विंडसर-एसेक्स इलाके के शहर लासेल में जांचकर्ता दोषियों का पता लगाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। 45 साल की नैन्सी ग्रेवाल की 3 मार्च को उनके घर पर चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, रात करीब 9:30 बजे चाकूबाजी की खबर मिलने पर इमरजेंसी सर्विस पहुंचीं। एसेक्स-विंडसर इमरजेंसी मेडिकल सर्विस के पैरामेडिक्स ने देखा कि ग्रेवाल लहूलुहान थीं। उन्हें तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन कुछ ही देर बाद उनकी मौत हो गई। खालसा वॉक्स की रिपोर्ट के मुताबिक, "ग्रेवाल पंजाबी समुदाय में एक जानी-मानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और यूट्यूबर थीं। उन्होंने पंजाब से जुड़े मुद्दों, भारतीय राजनीति और प्रवासी मामलों पर अपनी बेबाक टिप्पणियों से ध्यान खींचा था। वह अक्सर खालिस्तानी चरमपंथियों और आंदोलनों की आलोचना करती थीं, जिसमें प्रतिबंधित संस्था सिख्स फॉर जस्टिस के नेता गुरपतवंत सिंह पन्नून भी शामिल थे।

## प्रदूषण, गंदे पानी और टूटी सड़कों की समस्याओं से भाग रही भाजपाः आतिशी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राष्ट्रीय संयोजक व दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की विशेषाधिकार समिति के सामने पेशी की लाइव स्ट्रीमिंग करने की चुनौती दी है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने भाजपा सरकार को चुनौती देते हुए शुक्रवार को अरविंद केजरीवाल की पेशी की पूरी कार्यवाही को लाइव स्ट्रीमिंग करने की मांग की। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा ऐसा करती है तो दिल्लीवालों के सामने उसकी पोल खुल जाएगी कि उसे केजरीवाल को गाली देने के अलावा बिजली, पानी, सड़क, स्कूल, अस्पताल जैसे जनहित के मुद्दों की कोई चिंता नहीं है। आतिशी ने कहा कि आप सरकार के दौरान दिल्ली विधानसभा के नवीनीकरण किया गया था। इस दौरान एक गुप्त कमरा मिला, जिसमें रस्सियां-कांच की गोलियां पाई गईं। जिसे अंग्रेजों ने चुपचाप मौत की सजा देने के लिए बनावाया था। लेकिन अब रेखा गुप्ता सरकार कह रही है कि अंग्रेज यहां भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों को फांसी नहीं देते थे।

## श्रीनगर में सड़क पर उतरीं महबूबा मुफ्ती खामेनेई के लिए ट्रम्प-नेतन्याहू के पोस्टर फूंके



**श्रीनगर।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने ईरान के खिलाफ जारी अमेरिकी-इजरायली सैन्य कार्रवाई और ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की हत्या के विरोध में इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पोस्टर जलाए। प्रदर्शन के दौरान पार्टी समर्थकों ने खामेनेई के पोस्टर लिए हुए थे और अमेरिका तथा इजरायल विरोधी नारे लगाए। मुफ्ती ने जेफरी एपस्टीन का पोस्टर भी जलाया, जो एक अमेरिकी फाइनेंसर थे जिनकी 2019 में यौन तस्करी के आरोपों का सामना करते हुए मृत्यु हो गई थी और जिनके ट्रंप सहित कई हाई-प्रोफाइल हस्तियों के साथ संबंधों की खबरें व्यापक रूप से सामने आई थीं। भारत सरकार और जम्मू-कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाली सरकार पर अमेरिका और इज़राइल द्वारा किए गए "खुलेआम आक्रमण" पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया सिर्फ इसलिए कि भारत सरकार और जम्मू-कश्मीर में राष्ट्रीय राष्ट्रीय सरकार ने ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल द्वारा किए गए खुले आक्रमण और उसके सर्वोच्च नेता की शहादत पर चुप्पी साध रखी है, इसका मतलब यह नहीं है कि बोलने वाले अपराधी हैं जिन पर कानून के तहत मामला दर्ज किया जाना चाहिए।

## अमेरिका की कृषि व्यापार नीति : भारत और चीन पर फोकस, निर्यात बढ़ाने की योजना बनाई



**वॉशिंगटन।** अमेरिका की कृषि व्यापार नीति अब भारत और चीन जैसे बड़े देशों पर ज्यादा ध्यान दे रही है। अमेरिकी कृषि विभाग के अधिकारी ल्यूक लिंडबर्ग ने सांसदों को बताया कि इससे अमेरिका के लिए नए निर्यात अवसर बनेंगे। हालांकि इस दौरान सांसदों के बीच टैरिफ, खाद्य सहायता नीति और बढ़ते कृषि व्यापार घाटे को लेकर तीखी बहस भी देखने को मिली। कई सांसदों ने यह भी पूछा कि अमेरिका आयात पर निर्भरता कैसे कम करेगा और घरेलू उत्पादन कैसे बढ़ाएगा। इस पर लिंडबर्ग ने स्वीकार किया कि कुछ क्षेत्रों में आयात पर काफी निर्भरता है। उदाहरण के तौर पर अमेरिका अपने लगभग 75 प्रतिशत समुद्री खाद्य पदार्थ आयात करता है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार को उम्मीद है कि कृषि व्यापार घाटे में सुधार होगा और इस साल यह घटकर लगभग 29 अरब डॉलर रह सकता है। लिंडबर्ग के अनुसार अगर अमेरिका घरेलू उत्पादन और निर्यात दोनों को बढ़ाए तो इससे किसानों को फायदा होगा। हम चाहते हैं कि अमेरिका में ज्यादा उत्पादन हो। हम अपने देश में उगाए गए खाद्य पदार्थों का अधिक उपभोग करें और साथ ही उनका निर्यात भी बढ़ाएं।

## ड्रोन हमले के बाद अजरबैजान ने ईरानी दूत को किया तलब

**बाकू।** अजरबैजान ने एयरपोर्ट और एक स्कूल के पास ड्रोन हमले में दो लोगों के घायल होने के बाद ईरानी दूत को तलब किया है। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, "एक ड्रोन ने नखचिवन स्वायत्त गणराज्य में हवाई अड्डे की टर्मिनल बिल्डिंग पर हमला किया, जबकि दूसरा ड्रोन शकराबाद गांव में एक स्कूल बिल्डिंग के पास गिरा। इसके साथ ही ईरान से अपील करते हुए कहा, "हम इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के इलाके से किए गए इन ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हैं, जिससे एयरपोर्ट की बिल्डिंग को नुकसान हुआ और दो आम लोग घायल हो गए।" मंत्रालय के अनुसार इस हमले से अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हुआ है। अजरबैजान ने ईरान से जल्द इस मामले को स्पष्ट करने और भविष्य में ऐसी घटनाएं न होने के लिए जरूरी कदम उठाने की मांग की है। बाकू ने यह भी कहा कि अजरबैजान इस मामले में जवाबी कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखता है। साथ ही ईरान के राजदूत को बुलाकर इस घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। ईरानी ड्रोन ने दोनों देशों की साझी सीमा के पास एक अजरबैजानी एयरपोर्ट पर हमला किया। यह पहली बार है जब तेहरान के खिलाफ यूएस-इजरायल युद्ध शुरू होने के बाद से ईरान ने काकेशस के किसी राज्य को निशाना बनाया है।

## भारत की तेल आपूर्ति खतरे में, फिर भी पीएम चुप : राहुल गांधी

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान भारत को होने वाली परेशानियों को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा है। राहुल गांधी की ओर से सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट किया, "विश्व एक अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुका है। आगे भयंकर संकट मंडरा रहा है। भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है, क्योंकि हमारे आयात का 40 फीसदी से अधिक हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए स्थिति और भी बदतर है।" राहुल गांधी ने लिखा है, "संघर्ष हमारे पड़ोस तक पहुंच गया है, हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत डूब गया है। फिर भी प्रधानमंत्री ने इस पर कोई टिप्पणी नहीं की है। ऐसे समय में हमें एक स्थिर नेतृत्व की आवश्यकता है। इसके विपरीत भारत के पास एक ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो समझौतावादी हैं और रणनीतिक स्वायत्तता को त्याग दिया है। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच गुरुवार को कच्चे तेल (क्रूड ऑयल) की कीमतों में 2 प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई है। सप्लाई पर असर पड़ने के कारण कीमतों में उछाल आया है, क्योंकि ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) को बंद कर दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक कंटेनर जहाज पर प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ, जिससे जहाज को नुकसान पहुंचा। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, कच्चे तेल, एलपीजी और एलएनजी को लेकर भारत फिलहाल सुरक्षित स्थिति में है।

## पीएम मोदी ने तामिल को दिलाया गौरव

# केंद्र सरकार ने कभी भी कहीं भी हिंदी नहीं थोपी : एल मुरुगन

- मुरुगन ने केंद्रीय भर्ती परीक्षाओं में तमिल को अनुमति देने का श्रेय पीएम को दिया

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय राज्य मंत्री एल मुरुगन ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार ने कभी भी किसी राज्य पर हिंदी थोपी नहीं है और केंद्रीय भर्ती परीक्षाओं में तमिल उम्मीदवारों के लिए अवसरों का विस्तार करने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दिया। पत्रकारों से बात करते हुए मुरुगन ने कहा कि केंद्र सरकार ने कभी भी कहीं भी हिंदी नहीं थोपी है। प्रधानमंत्री मोदी के सत्ता संभालने के बाद ही उम्मीदवारों को अर्धसैनिक भर्ती परीक्षाएं तमिल में लिखने की अनुमति मिली। उन्होंने तमिल भाषा को विश्व स्तर पर गौरव दिलाया। तिरुक्कुरल का विश्व भर में 35 से अधिक भाषाओं में अनुवाद हो चुका है... डीएमके ने तमिल भाषा के विकास के लिए कौन सी ठोस योजनाएं लागू की हैं?

उनकी यह टिप्पणी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन द्वारा केंद्र सरकार पर एक बार फिर राज्य में "हिंदी थोपने" का आरोप लगाने के बाद आई है, इस बार "एक भाषा, तीन लिपि" नीति की आड़ में। मुख्यमंत्री स्टालिन ने आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार उच्चारण में मुश्किल हिंदी नामों को अंग्रेजी और तमिल लिपियों में हूबहू लिख रही है, और उन्होंने भाजपा को हिंदी थोपने के उसके जुनून के खिलाफ चेतावनी दी।उन्होंने X पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा सरकार द्वारा हिंदी थोपनाः प्रवेश द्वार पर ही उच्चारण में मुश्किल नाम! भाजपा हिंदी थोपने के अपने जुनून में सारी हदें पार कर रही है! केंद्र भाजपा सरकार ने 'एक भाषा, तीन लिपियाँ' की नीति अपनाकर हिंदी थोपने का घिनौना काम किया है, जहाँ हिंदी नामों को सीधे तमिल और अंग्रेजी लिपियों में लिखा जा रहा है! उन्होंने हिंदी थोपने के उदाहरण देते हुए आरोप लगाया कि तिरुचिरापल्ली रेलवे मंडल कार्यालय में भाजपा ने 'कर्तव्य द्वार' को तीन लिपियों में लिखा है। उन्होंने कर्मचारी भविष्य निधि (EPFO) कार्यालयों को भविष्य निधि भवन नाम से संबोधित करने पर भी आपत्ति जताई।

राज्य सरकार और केंद्र के बीच लगातार खींचतान चल रही है, जहां डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार भाजपा पर हिंदी थोपने का आरोप लगा रही है। इसी बीच, राज्य ने दो-भाषा फॉर्मूले वाली राज्य शिक्षा नीति भी लागू की है। यह सब ऐसे समय में हो रहा है जब राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं, जहां डीएमके के नेतृत्व वाला गठबंधन एआईएडीएमके-भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन के खिलाफ राज्य में अपनी पकड़ बनाए रखने की कोशिश करेगा।

# एआई समिट के बाद भारत का बड़ा कदम

## सेना में तेजी से शामिल कर रहा एआई तकनीक

**एजेंसी। नई दिल्ली**




इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 खत्म हुए अभी ज्यादा समय नहीं हुआ है, लेकिन इस सम्मेलन से निकला संदेश भारत की सीमाओं से बाहर तक सुनाई देने लगा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, यह समिट सिर्फ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के नैतिक और मानव-केंद्रित उपयोग पर ही केंद्रित नहीं था, बल्कि इससे एक बड़ा रणनीतिक बदलाव भी सामने आया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत अपनी सशस्त्र सेनाओं को एआई-आधारित युद्ध के दौर के लिए तैयार कर रहा है। कई दशकों तक किसी देश की सैन्य ताकत का आकलन उसकी सेना के आकार, टैंकों की संख्या और मिसाइलों की मारक क्षमता से किया जाता था। लेकिन अब यह समीकरण बदल रहा है। आधुनिक युद्धों में जानकारी हासिल करने की गति और तेजी से निर्णय लेने की क्षमता भी उतनी ही अहम होती जा रही है जितनी कि हथियारों की ताकत। रक्षा रणनीतिकार अब अक्सर ओओडीए लूप की बात करते हैं, जिसका मतलब है 'ऑब्जर्व, ओरिएंट, डिसाइड और एक्ट', यानी स्थिति को देखना, समझना, फैसला लेना और तुरंत कार्रवाई करना। किसी भी सेना की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि वह इन चार चरणों को कितनी तेजी से पूरा कर सकती है। समिट के दौरान स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड ने चुपचाप एक नया स्वदेशी एआई टूल पेश किया, जो भारत की सीमा निगरानी के तरीके को काफी हद तक बदल सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक यह सिस्टम सैटेलाइट तस्वीरों, ड्रोन फुटेज और इलेक्ट्रॉनिक डेटा का विश्लेषण करके लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल (एलएसी) के पास संभावित सैन्य गतिविधियों का पता लगा सकता है। इस एआई सिस्टम की सटीकता करीब 94 प्रतिशत बताई जा रही है।

## तेल के वैश्विक संकट के बीच भारत को खुद चुनना होगा आपूर्ति का स्रोतः रूसी राजदूत

**नई दिल्ली।** भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने गुरुवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को बातचीत से सुलझाने की अपील की। साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से वैश्विक स्तर पर ईंधन की कीमतें बढ़ने पर भी चिंता जताई। रूसी राजनयिक ने कहा कि तेल की बढ़ती कीमतों के बीच आपूर्ति के लिए किसे चुना जाए यह फैसला भारत को ही लेना होगा, भले ही मॉस्को हमेशा भारत को तेल सप्लाई करने के लिए तैयार रहा है। नई दिल्ली में अलीपोव ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "समाधान हमेशा बातचीत से होता है। संघर्ष जल्द से जल्द खत्म होना चाहिए। जब उनसे पूछा गया कि युद्ध कब तक चलेगा तो उन्होंने कहा, "मुझे कोई पता नहीं है। यह सवाल अमेरिका से पूछना चाहिए। होर्मुज जलडमरूमध्य के संभावित बंद होने की अटकलों के बीच अलीपोव ने कहा, "आपूर्ति और आपूर्ति स्रोत पर फैसला भारत को करना है।

# एक नजर

## खाड़ी देशों में 1 करोड़ भारतीय फंसे, पटियाला के 6 लोगों ने पैसे खत्म होने पर किया फोन



**चंडीगढ़।** पंजाब के स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिंह ने आईएएनएस से बातचीत करते हुए कनाडा में भारतीय सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की मौत, खाड़ी देशों में फंसे लोगों और राज्य में मेडिकल कॉलेज के विस्तार को लेकर प्रतिक्रिया दी। पंजाब के मंत्री बलबीर सिंह ने कहा, "वर्तमान हालात में हमारे कई लोग खाड़ी देशों में फंसे हुए हैं। लगभग एक करोड़ लोग वहां फंसे हुए हैं। इनमें से कुछ पटियाला से भी हैं व मुझे उनके फोन आए और उन्होंने बताया कि उनके पास पैसे खत्म हो गए हैं। इस पर मैंने अपने एक परिचित व करीबी दोस्त के माध्यम से उनके होटल के बिलों का भुगतान करवाया। कुल मिलाकर छह लोग थे। हम उन्हें जल्द से जल्द वापस लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं केंद्र और विदेश मंत्री के साथ समन्वय कर रहे हैं। केंद्र सरकार को वर्तमान में चल रहे युद्ध को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहल करनी चाहिए। हालांकि केंद्र सरकार को मिडिल ईस्ट में रह रहे लोगों को निकाला लेना चाहिए था क्योंकि स्थिति के बारे में पहले से ही जानकारी थी।

## भाजपा बिहार में जदयू को खत्म करने में जुटी : तेजस्वी यादव



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के निर्णय के बाद प्रदेश की सियासत गर्म है। इस बीच, विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने भाजपा पर आरोप लगाया कि भाजपा बिहार में महाराष्ट्र मॉडल लागू कर रही है। नीतीश को सत्ता से बाहर कर भाजपा अपने मुख्यमंत्री को सत्ता सौंपने की तैयारी में है। राजद नेता व पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा कि भाजपा ऐसे मुख्यमंत्री का चुनाव करती है जो रबर स्टैम्प हो। हम लोग पहले से ही कहते रहे हैं कि भाजपा नीतीश कुमार को हाईजैक कर चुकी है। आज सब कुछ सबके सामने है। बिहार की जो जनभावना है, वह इस निर्णय के खिलाफ है। सबको पता था कि भाजपा ऐसा करेगी। भाजपा जिस भी सहयोगी के साथ रही है, ऐसा करती रही है। भाजपा आरएसएस की राह पर चल रही है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय चुनाव आयोग को भाजपा का सेल बनाकर लोकतंत्र को खत्म कर रही है। बिहार की जनता सब देख रही है। नीतीश कुमार के साथ जो हो रहा है, उसे लेकर हमारी पूरी सहानुभूति है। सभी लोगों को पता है कि ये कौन लोग हैं और क्या कर रहे हैं। यह जनता के साथ सीधे तौर पर धोखा है। नीतीश कुमार को भाजपा ने इतना टॉर्चर किया कि उन्होंने खुद राज्यसभा जाने का निर्णय ले लिया। भाजपा नहीं चाहती है कि जदयू राजनीतिक पार्टी के तौर पर नहीं रहे।

## होली पर रंग डालने को लेकर बाराबंकी में बवाल दो पक्ष भिड़े, 11 घायल

**नई दिल्ली।** पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले के एक गांव में होली के दिन रंगों से खेलने को लेकर हुए विवाद ने दो गुटों के बीच हिंसक झड़प का रूप ले लिया, जिसमें कम से कम 11 लोग घायल हो गए। यह घटना बुधवार दोपहर उत्तर प्रदेश के टिकारिया गांव में घटी। पुलिस के अनुसार, रंगों से खेलने को लेकर दोनों गुटों के बीच हुई कहासुनी जल्द ही खूनी झड़प में तब्दील हो गई। आरोप है कि दोनों गुटों ने करीब 10 मिनट तक एक-दूसरे पर लाठियों, डंडों और लोहे की छड़ों से हमला किया, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। स्थानीय लोगों ने हस्तक्षेप किया और स्थिति को नियंत्रण में लाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने दोनों पक्षों को शांत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि एक पक्ष के आठ और दूसरे पक्ष के तीन लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने बताया कि सभी घायलों को चिकित्सा जांच के लिए भेजा गया है।

## होली पर रंग डालने से नाराज दादी ने 4 साल के पोते पर उड़ेल दिया उबलता पानी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले से एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने मानवीय संवेदनाओं को झकझोर कर रख दिया है। होली की खुशियों के बीच एक चार साल के मासूम को अपनी ही सगी दादी के गुस्से का शिकार होना पड़ा। मासूम का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने त्योहार के उत्साह में अपनी दादी पर रंगीन पानी डाल दिया, जिससे नाराज होकर महिला ने बच्चे पर उबलता हुआ पानी उड़ेल दिया। सीसीटीबी फुटेज में दिख रहा है कि लड़का खेलने के लिए सिंधु ठाकरे नाम की महिला पर पानी छिड़कने की कोशिश कर रहा था, जो गर्म पानी की बाल्टी लेकर जा रही थी। बच्चे की हरकतों से गुस्सा होकर, उसने कथित तौर पर पूरी बाल्टी उस पर डाल दी। वीडियो में बच्चा दर्द से तड़पता हुआ दिख रहा है। पास खड़ी एक और महिला को लड़के को ठंडा करने की कोशिश में उस पर नॉर्मल पानी डालते हुए देखा गया, लेकिन वह कमर के नीचे 45 परसेंट जल गया। बच्चे को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, और पुलिस ने महिला के खिलाफ केस दर्ज करने की प्रोसेस शुरू कर दी है। नागपुर पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। सीसीटीवी फुटेज को सबूत के तौर पर कब्जे में ले लिया गया है और आरोपी महिला सिंधु ठाकरे के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

## नीतीश के राज्यसभा जाने को लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी, सीएम आवास की सुरक्षा बढ़ी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने और प्रदेश के सीएम पद को छोड़ने की चर्चा को लेकर जदयू के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त नाराजगी देखने को मिल रही है। गुरुवार को बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पटना में सीएम आवास के बाहर जुट गए हैं और इस निर्णय का विरोध कर रहे हैं। इसी बीच, मुख्यमंत्री आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मुख्यमंत्री आवास के मुख्य गेटों पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। आसपास के क्षेत्रों में भी गश्त तेज कर दी गई है और सुरक्षा कर्मियों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान सीएम आवास पर जदयू के कई नेता भी पहुंच रहे हैं। कार्यकर्ताओं की नाराजगी साफ दिख रही है। नीतीश के राज्यसभा जाने के निर्णय को लेकर कार्यकर्ताओं में नाराजगी है। उनका कहना है कि लाठी खाकर हम लोगों ने नीतीश कुमार के लिए वोट मांगा। उनके अलावा किसी और को सीएम पद पर नहीं देख सकते।

## होली पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की सख्त कार्रवाई, 4,929 लोगों के काटे चालान

**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बुधवार को होली पर पूरे शहर में जगह-जगह स्पेशल चेकिंग ड्राइव चलाकर ट्रैफिक को सुरक्षित और आसान बनाने की कोशिश की। इस दौरान ड्राइविंग के नियमों को सख्ती से लागू किया गया और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई की। इस दौरान कुल 4,929 चालान जारी किए गए, जिनमें 1,204 चालान शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के लिए थे। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने प्रमुख सड़कों और चौराहों पर बैरिकेड लगाकर गाड़ियों को रोका और चालकों का ब्रेथ एनालाइजर से टेस्ट किया। इस दौरान ट्रैफिक नियमों को तोड़ने और नशे में गाड़ी चलाने वाले लोगों के चालान काटे गए। इसका मकसद होली के दौरान शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले लोगों को पकड़ना और किसी तरह का हादसा न होने देना था। एडिशनल सीपी दिनेश गुप्ता ने बताया कि होली के लिए खास प्लानिंग की गई थी।




## नितिन नवीन ने राज्यसभा चुनाव के लिए दाखिल किया नामांकन, कहा

# आगे बढ़ाते रहेंगे 'विकसित बिहार' का संकल्प



**एजेंसी । पटना**

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने गुरुवार को पटना में आगामी द्विवार्षिक राज्यसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। भाजपा ने नितिन नवीन को बिहार से राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया है। नितिन नवीन के नामांकन के दौरान केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी व विजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। वहीं, बिहार में एनडीए की सहयोगी आरएलएम पार्टी के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा भी मौजूद थे। भाजपा अध्यक्ष ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, "राज्यसभा के लिए नामांकन प्रस्तुत करते हुए मन स्वाभाविक रूप से उस लंबी यात्रा को याद कर रहा है, जिसे हमने आप सबके साथ मिलकर तय किया है। मुझे पटना पश्चिम (बांकीपुर) की जनता ने हाथ पकड़कर चलना सिखाया है। पिछले दो दशकों से अधिक समय से आपने जो विश्वास और स्नेह दिया है, उसी के बल पर मुझे बिहार सरकार में विभिन्न दायित्वों का निर्वहन करते हुए राज्य और समाज की सेवा करने का अवसर मिला, जिसे मैंने पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास किया है। उन्होंने आगे लिखा, "चाहे श्रीरामनवमी की भव्य शोभायात्रा की तैयारियां हों, आस्था के पर्वों की व्यवस्था हो या बांकीपुर के विकास से जुड़े संकल्प, हर कदम पर मैंने स्वयं को आप सबके विश्वास का प्रतिनिधि मानकर कार्य किया है। आज राज्यसभा के लिए नामांकन करते हुए मन में वही जिम्मेदारी और सेवा का संकल्प है। नितिन नवीन ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा, "मैं विश्वास दिलाता हूं कि बांकीपुर की जनता के साथ मेरा यह आत्मीय संबंध आगे भी इसी विश्वास व समर्पण के साथ बना रहेगा और हम सब मिलकर विकसित बिहार के संकल्प को आगे बढ़ाते रहेंगे। आपका विश्वास ही मेरी सबसे बड़ी शक्ति है। नामांकन से पहले नितिन नवीन ने पटना जंक्शन स्थित श्री महावीर मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रभु श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने पटना के बांसघाट स्थित काली मंदिर और गोलघर स्थित मां अखंडवासिनी मंदिर में भी पूजा-अर्चना की।

## राज्यसभा में नीतीश कुमार से सकारात्मक भूमिका की उम्मीद : उमर अब्दुल्ला

**एजेंसी । जम्मू**



बिहार के सीएम नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के ऐलान पर जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि नीतीश कुमार राज्यसभा में एक पॉजिटिव और कंस्ट्रक्टिव भूमिका निभाएंगे। उन्होंने ये भी कहा कि हमारे तीन साथी राज्यसभा में हैं, मैं उनसे कहूंगा कि समय-समय पर नीतीश कुमार से मिलें। जम्मू में मीडिया से बातचीत के दौरान जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने कहा कि नीतीश कुमार बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे हैं, यह स्वाभाविक था कि उनका कार्यकाल आखिरकार खत्म हो जाएगा। बेशक यह बिहार सरकार और उसके सहयोगियों का अंदरूनी मामला है। चूंकि नीतीश कुमार कभी इंडिया ब्लॉक में हमारे साथी थे, इसलिए बिहार चुनाव 2025 के तीन महीने बाद उनका राज्यसभा जाना ध्यान देने लायक है। अब जब उन्होंने यह निर्णय लिया है, तो हम बिहार के लोगों की सेवा के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं और उम्मीद करते हैं कि वह भविष्य में राज्यसभा में एक पॉजिटिव और कंस्ट्रक्टिव भूमिका निभाएंगे। नेपाल चुनाव पर उमर अब्दुल्ला ने कहा कि यह अच्छी बात है कि चुनाव होने चाहिए। लोकतंत्र में बिना चुनाव के सरकार कैसे बन सकती है। मैंने अखबारों में जो पढ़ा है, उसके हिसाब से वहां एक नया नेता सामने आया है। अब देखते हैं कि नेपाल के लोग क्या फैसला लेते हैं। जम्मू सरकार द्वारा चलाए जा रहे प्रोग्राम के बारे में सीएम अब्दुल्ला ने कहा कि हमारे तीन खास प्रोग्राम हैं, जिनके तहत हमारा मकसद खेती और उससे जुड़ी सेवाओं में स्टार्ट-अप कल्चर बनाना है।

## 'नीतीश कुमार ने बिहार की जनता के साथ धोखा किया है : हरीश रावत

**एजेंसी । देहरादून**



उत्तराखंड के पूर्व सीएम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि यह बिहार के लोगों के साथ धोखा है। सीएम नीतीश कुमार ने गुरुवार को इस बात की जानकारी दी है कि वे राज्यसभा जा रहे हैं। उन्होंने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की मौजूदगी में राज्यसभा उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। राज्यसभा के लिए सीएम नीतीश कुमार के नामांकन पत्र दाखिल करने पर उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने देहरादून में समाचार एजेंसी आईएएनएस से बातचीत करते हुए कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार की लीडरशिप पर लड़ा गया था। यह चुनाव सुशासन बाबू के नाम पर लड़ा गया था। बिहार की जनता ने एनडीए पर भरोसा जताया और भारी बहुमत दिया, लेकिन तीन महीने बाद भी भाजपा इसे पचा नहीं पाई। यह तो बिहार की जनता की ओर से एनडीए को जो बहुमत मिला था, उसका अपहरण, चोरी और खुलेआम डकैती है। भाजपा ने तीन महीने में सीएम नीतीश कुमार को इतना बेबस कर दिया कि उन्हें राज्यसभा ले जा रहे हैं। भाजपा ने बिहार को कब्जे में लेने के लिए सीएम नीतीश कुमार को ढाल बनाया। उन्होंने कहा कि जो कुछ भी बिहार के सीएम और भाजपा ने किया है, मुझे लगता है कि बिहार की जनता इसे समझेगी। भाजपा के साथ सीएम नीतीश कुमार को भी जवाब देना होगा। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वे राजनीतिक प्रपंच कर रहे हैं। नीतीश कुमार के साथ वे सौदेबाजी कर रहे हैं कि आपके पुत्र को राजनीति में ले आएंगे।

# ईरान पर हमला : ट्रंप- नेतन्याहू की रणनीति फंस गई?

**ब्यूरो**




**नई दिल्ली।** मध्य पूर्व की हवा इन दिनों बारूद की तरह महक रही है। अमेरिका व इजरायल ने यह सोचकर ईरान पर जोरदार हमले किए कि तेहरान (ईरान की राजधानी)की सरकार गिर जाएगी और सत्ता बदल जाएगी। लेकिन खेल गड़बड़ाता लग रहा है। ट्रंप और नेतन्याहू का प्लान उल्टा पड़ रहा है—ईरान की सत्ता मजबूत हो रही है, लोग एकजुट हो रहे हैं और युद्ध लंबा खींचता दिख रहा है। यह सिर्फ बंदूकों की लड़ाई नहीं, बल्कि गलत फैसलों, घरेलू राजनीति और वैश्विक चालों का खतरनाक खेल बन चुका है। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की योजना सीधी थी, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की सरकार को कमजोर कर सत्ता पलटना। ट्रंप ने कई बार कहा कि ईरान में जो लोग खामेनेई के खिलाफ हैं, वे आगे आएं—अमेरिका मदद करेगा। यह दांव ईरान के अंदरूनी झगड़ों पर टिका था। याद कीजिए, 2022 में महसा अमीनी की मौत पर महिलाओं और छात्रों का बड़ा आंदोलन हुआ था—हजारों सड़कों पर उतरे, सरकार विरोधी नारे लगे। 2019-20 में ईंधन कीमत बढ़ने पर भी विरोध प्रदर्शन हुए, सैकड़ों गिरफ्तार हुए। इसी कमजोरी का फायदा उठाने के लिए इजरायल ने जनवरी 2026 में 'ऑपरेशन राइजिंग लायन' चलाया। अमेरिकी एफ-35 लड़ाकू विमानों ने नतांज और फोर्डो परमाणु साइटों पर बम गिराए। रिपोर्ट्स बताती हैं कि 12 ईरानी जनरल और 200 से ज्यादा वैज्ञानिक मारे गए।तब इजरायल का दावा था कि ईरान का 40% यूरेनियम संवर्धन सिस्टम तबाह हो गया। लेकिन युद्ध की हकीकत किताबी प्लानों से अलग होती है। ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स इतनी मजबूत है कि टॉप लीडर मरने पर दूसरे तुरंत कमान संभाल लेते हैं। जनरल हुसैन सलामी की जगह कुद्स फोर्स कमांडर इस्माइल कानी ने ली। तेहरान में भारी नुकसान हुआ, इस्फ़हान में 500 से ज्यादा आम लोग मारे गए, तेल रिफाइनरियां जल गईं। फिर भी सरकार नहीं हिली। उल्टे, विरोध करने वाले लोगों में देशभक्ति की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर #IranStandsUnited ट्रेंड कर रहा है। पहले के आलोचक अब कहते हैं, 'अमेरिका-इजरायल हमें मिटाना चाहते हैं।' खामेनेई समर्थक 'बासिज' मिलिशिया ने मारे गए नेताओं को 'राष्ट्र रक्षक' बताकर 'शहादत' की कहानी फैलाई है। फार्स न्यूज एजेंसी के सर्वे (28 फरवरी 2026) से पता चला- हमले से पहले सरकार का समर्थन 45% था, अब 68% लोग साथ हैं।सैन्य मोर्चे पर भी अमेरिका-इजरायल पिछड़ रहे हैं। ईरान ने 2 फरवरी को 'ऑपरेशन ट्रू प्रॉमिस-3' से जवाब दिया—300 ड्रोन और 50 बैलिस्टिक मिसाइलों से इराक के अल-असद एयरबेस पर हमला किया। जिसके बाद थोड़ा इधर-उधर करने के बाद पेंटागन ने कबूला- 12 अमेरिकी सैनिक मारे गए, 50 घायल। उसके बाद हिंद महासागर में ईरानी जहाज 'शाहिद राजई' पर टारपीडो अटैक (अमेरिकी सबमरीन से) किया गया जिसमें 25 क्रू मेंबर मारे गए। ईरान ने जवाब में होर्मुज जलडमरूमध्य बंद करने की धमकी दी, जहां से दुनिया का 20% तेल गुजरता है। रूस ने साफ कहा (क्रेमलिन, 1 मार्च): 'ईरान ने हथियार नहीं मांगे।' ईरान का संदेश है कि हम अकेले लड़ेंगे।उधर चीन ने शांति के लिए मध्यस्थता ऑफर की है।

# शुभेंदु भबानीपुर में ममता को नंदीग्राम की तरह हराएंगे या खेला होबे ?

**सुनील बादल**

राजनीति में कब क्या हो जाए कोई नहीं जानता और इसी अनिश्चितता के कारण कई बार कई अच्छे नेता भी या तो गलत फैसले लेते हैं या लालच पर पड़कर अपना भविष्य बिगाड़ लेते हैं जबकि कई बार कई बहुत बड़े नेताओं को मामूली लोग बुरी तरह हरा कर इतिहास में नाम दर्ज करा लेते हैं इंदिरा गांधी को जब राजनारायण ने 1977 के लोकसभा चुनाव में हराया था तब की यह बड़ी घटना थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में सुब्रत पाठक ने कन्नौज में डिंपल यादव को हराया तो स्मृति ईरानी ने 2019 के लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी को अमेठी में हराया। केपी यादव ने गुना में ज्योतिरादित्य सिंधिया को मात दी थी। दिल्ली के पूर्व सीएम आम आदमी पार्टी के सर्वेसर्वा अरविंद केजरीवाल को बीजेपी के साहिब सिंह वर्मा ने हार का स्वाद चखाया। लेकिन एक ऐसे ही जायंट किलर जिन्होंने 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को नंदीग्राम में हराया था वे टीएमसी से उसी साल बीजेपी में आए शुभेंदु अधिकारी थे । इस बार शुभेंदु 2026 के चुनाव में ममता के कोलकाता स्थित गढ़ भबानीपुर से उन्हें चुनौती दे सकते हैं। कभी घनिष्ठ सहयोगी रहे इन दोनों ने नंदीग्राम आंदोलन में साथ काम किया था। ममता के साथ मिलकर सीपीआई (एम) को सत्ता से बेदखल किया था और 2011 में तृणमूल कांग्रेस के उदय का मार्ग प्रशस्त किया। नंदीग्राम जो तृणमूल की सफलता का प्रतीक थी, वहां उसकी सबसे बड़ी नेता की हार की कहानी लिखी गई। ममता बनर्जी का नंदीग्राम सीट पर पुनः अधिकार प्राप्त करने का प्रयास लगभग 2,000 वोटों से असफल रहा, हालांकि उनकी तृणमूल कांग्रेस ने राज्य चुनाव जीत लिया। बाद में वे भबानीपुर लौट आईं और उपचुनाव में निर्णायक अंतर से जीत हासिल करते हुए तीसरी बार मुख्यमंत्री बनीं। बंगाल में यह सवाल तैर रहा है कि क्या नंदीग्राम की हार को 2026 में भबानीपुर में दोहराया जाएगा? वहां भाजपा के लिए आत्मविश्वास का एक प्रमुख स्रोत पश्चिम बंगाल में हुए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के परिणाम रहे हैं। एसआईआर प्रक्रिया के परिणामस्वरूप 6 करोड़ से अधिक मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं, जबकि 6 लाख नाम अभी भी विचाराधीन हैं। हालांकि नाम हटाए जाने से राज्य की सभी सीटें प्रभावित हुईं, लेकिन कुछ सीटें दूसरों की तुलना में अधिक प्रभावित हुईं। इनमें से एक सीट भबानीपुर है। एसआईआर की अंतिम मतदाता सूची से पता चलता है कि इस सीट से कम से कम 47,000 नाम हटा दिए गए हैं, जबकि 14,154 नामों पर अभी भी विचार चल रहा है। अब यहां 267 बूथ हैं, अंतिम सूची में पंजीकृत मतदाताओं की संख्या 2,06,295 से घटकर 1,59,201 हो गई। वहीं, शुभेंदु की सीट नंदीग्राम में 2,78,212 मतदाताओं में से 10,599 नाम हटाए गए। तब से, कई भाजपा नेताओं ने दावा किया है कि बनर्जी 2026 में अपना पुराना गढ़ खो देंगी।2011 से, भवानीपुर मुख्यमंत्री कार्यालय पर ममता बनर्जी की पकड़ का मजबूत गढ़ रहा है। हालांकि, 2014 के लोकसभा चुनावों से इस प्रभुत्व में दरारें दिखनी शुरू हो गईं, जब भाजपा ने इस निर्वाचन क्षेत्र के कई वार्डों में महत्वपूर्ण पैठ बनाई। भवानीपुर में वार्ड 63, 70, 71, 72, 73, 74, 77 और 82 शामिल हैं। 2014 के संसदीय चुनावों में, भाजपा उम्मीदवार तथागत रॉय ने इन वार्डों में तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार सुब्रता बख्शी को मात्र 176 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। हालांकि रॉय बख्शी से हार गए, लेकिन भाजपा ने तब से इस प्रदर्शन को इस बात के सबूत के तौर पर पेश किया है कि भवानीपुर अब टीएमसी का अभेद्य गढ़ नहीं रहा। वार्ड स्तर पर इस रुझान से उत्साहित होकर, भाजपा अब भबानीपुर को 2026 के विधानसभा चुनाव में एक संभावित निर्णायक सीट के रूप में पेश कर रही है। बड़ा सवाल यह है कि क्या शुभेंदु अधिकारी इस निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उभर सकते हैं या ममता का कमाल अभी देखना शेष है ? हाल के घटनाक्रम और राजनीतिक संकेतों की एक श्रृंखला से संकेत मिलता है कि इस संभावना पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है, हालांकि पक्के तौर पर कुछ कहना अभी हड़बड़ी होगी। भबानीपुर में भाजपा की मजबूत पैठ बनाने की उम्मीद का एक उदाहरण यह है कि शुभेंदु अधिकारी ने अपना वॉर रूम स्थापित करने के लिए इसी निर्वाचन क्षेत्र को चुना है। वार्ड 70 में चक्रबेरिया रोड (दक्षिण) स्थित 8/1B के एक मकान के भूतल पर यह विशेष वॉर रूम बनाया गया है। वार्ड 70 ही क्यों? इसका कारण एक बार फिर यही है कि 2014 में इसी वार्ड ने भाजपा को सबसे बड़ी बढ़त दिलाई थी। 2026 के चुनावों के लिए भबानीपुर में भाजपा ने अपने उम्मीदवार को अंतिम रूप देने से पहले ही, पार्टी ने जमीनी स्तर पर काम शुरू कर दिया है, जिसके तहत पूरे निर्वाचन क्षेत्र की दीवारों पर कमल के चिन्ह दिखाई दे रहे हैं। अटकलों को हवा देते हुए, भाजपा के पश्चिम बंगाल के पूर्व अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने शुभेंदु अधिकारी के लिए उम्मीदवारी की संभावना को खुला रखा है। इस मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए सुकांत ने कहा कि अगर ममता बनर्जी भबानीपुर से चुनाव लड़ती हैं, तो पार्टी तय करेगी कि उनके सामने कौन होगा। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी को लगता है कि शुभेंदु सही उम्मीदवार हैं, तो वह चुनाव लड़ेंगे। इस तरह उन्होंने शुभेंदु अधिकारी के भवानीपुर से संभावित चुनाव लड़ने की अटकलों को और बल दिया। शुभेंदु ने खुद इस बात को और पुख्ता कर दिया है। जनसभाओं से लेकर मीडिया से बातचीत तक, विपक्ष के नेता ने बार-बार दावा किया है, "मैंने उन्हें नंदीग्राम में हराया था; इस बार मैं उन्हें भबानीपुर में भी हराऊंगा। मैं उन्हें 20,000 वोटों के अंतर से पूर्व मुख्यमंत्री बना दूंगा। इससे एक अहम सवाल खड़ा होता है कि क्या ममता बनर्जी 2026 में भबानीपुर से चुनाव लड़ेंगी, या क्या वह पिछली विधानसभा चुनाव की तरह फिर से सीट बदलेंगी? फिलहाल, भाजपा तृणमूल कांग्रेस पर कड़ी नजर रख रही है। अगर 2021 के चुनाव में नंदीग्राम ममता-शुभेंदु के बीच कांटे की टक्कर का केंद्र था, तो क्या 2026 में भबानीपुर सबसे चर्चित सीट बन जाएगी? इस बारे में चर्चा तेज होती जा रही है। वैसे बंगाल में ममता का डायलॉग खेला होबे अभी गुल खिलाएगा कहना मुश्किल है।



**वल्लियूरक्कवु भगवती मंदिर**

## आदिवासियों की आराध्य मां भगवती नवरात्रि में 3 विशेष रूपों में होता है पूजन

**एजेंसी । नई दिल्ली**

देशभर में 19 मार्च से पावन पर्व नवरात्रि की शुरुआत होने जा रही है। इस दौरान श्रद्धालु नौ दिनों तक मां दुर्गा के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना करते हैं और उनसे सुख, समृद्धि व शांति की कामना करते हैं। भारत में मां भगवती के अनेक प्राचीन और प्रसिद्ध मंदिर स्थित हैं, जिनसे जुड़ी चमत्कारी कथाएं और आस्था की परंपराएं सदियों से लोगों के विश्वास को मजबूत करती आई हैं। ऐसे ही केरल के वायनाड में मां भगवती के तीन अद्भुत रूपों की पूजा होती है, जिन्हें प्रकृति से जोड़कर देखा गया है।

हम बात कर रहे हैं वल्लियूरक्कवु भगवती मंदिर की। हरी-भरी प्रकृति के मनमोहक दृश्यों के बीच वल्लियूरक्कवु भगवती मंदिर स्थापित है।

**ओमान ने 'युद्ध खत्म करने' का किया आग्रह**

## विदेश मंत्रालय बोला,'फंसे लोगों को स्वदेश भेजने की कर रहे कोशिश'

**एजेंसी । मस्कट**

मध्य पूर्व में संघर्ष के छठे दिन ओमान ने फिर शांति अपील की। गुरुवार को उन्होंने दुनिया की भलाई के लिए सकारात्मक कदम उठाने की सिफारिश की। ओमान ने शांति अपील करते हुए वादा किया है कि वो अंतर्राष्ट्रीय एयरलाइंस के साथ मिलकर खाड़ी में फंसे लोगों को निकालने में मदद करेगा। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल-बुसैदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए संघर्ष रोकने की अपील की है। उन्होंने कहा कि "अब समय आ गया है कि इस युद्ध को खत्म किया जाए। उन्होंने कहा कि ओमान अपनी जमीन पर फंसे सभी लोगों को उनके घर भेजने में मदद करेगा। इसके लिए ओमान सरकार अलग-अलग देशों की सरकारों और अंतर्राष्ट्रीय एयरलाइंस के साथ मिलकर फ्लाइट्स का इंतजाम कर रही है।

## देश में पेट्रोल-डीजल और गैस की कोई कमी नहीं

**नई दिल्ली ।** पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच भारत वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की तलाश कर रहा है, ऐसे में ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने भारत को गैस बेचने की पेशकश की है। सरकारी सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सरकार गैस खरीदने के लिए वैकल्पिक बाजारों की खोज कर रही है, क्योंकि भारत वर्तमान में प्रतिदिन 195 मिलियन मीट्रिक मानक घन मीटर (एमएमएससीएमडी) गैस आयात करता है, जिसमें से कतर 60 मिलियन एमएमएससीएमडी की आपूर्ति करता है।


## श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता रायसीना डायलॉग में शामिल होने दिल्ली पहुंचे

**नई दिल्ली ।** श्रीलंका के विदेश मंत्री एवं विदेशी रोजगार और पर्यटन मंत्री विजिता हेराथ गुरुवार को रायसीना डायलॉग 2026 में शामिल होने के लिए नई दिल्ली पहुंचे। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, "श्रीलंका के विदेश मामलों, विदेशी रोजगार और पर्यटन मंत्री, विजिथा हेराथ का रायसीना डायलॉग 2026 में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंचने पर हार्दिक स्वागत है। भारत और श्रीलंका के बीच एक करीबी और कई तरह की साझेदारी है।

# 'अब संकल्प अपनी कीमत मांगेगा'

### संजय कपूर ने शेयर किया अपकमिंग सीरीज का दमदार ट्रेलर

अभिनेता संजय कपूर की आगामी सोशियो-पॉलिटिकल थ्रिलर वेब सीरीज 'संकल्प' ओटीटी पर स्ट्रीम होने के लिए तैयार है। गुरुवार को मेकर्स ने इसका ट्रेलर जारी कर दिया, जिसे देखकर फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं। सीरीज को अमेजन एमएक्स प्लेयर पर स्ट्रीम किया जाएगा। संजय कपूर ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर वेब सीरीज का ट्रेलर जारी किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, "गुरु ने सिखाया, शिष्य ने अपनाया। अब संकल्प अपनी कीमत मांगेगा। फिल्म 'संकल्प' का ट्रेलर जारी कर दिया गया। हिट प्रोजेक्ट्स आश्रम, राजनीति और गंगाजल देने के बाद मशहूर फिल्म मेकर प्रकाश झा अब अपने फैंस के लिए एक राजनीतिक ड्रामा 'संकल्प' लेकर आ रहे हैं जो पावर, बदला, आइडियोलॉजी की जंग, राजनीति, भ्रष्टाचार और ब्यूरोक्रेसी के खेल को दिखाती है। 2 मिनट 2 सेकंड का ट्रेलर काफी इंटेंस और शानदार है। इसमें बिहार की राजनीति में बदले की भावना, गुरु-शिष्य का रिश्ता और सत्ता की लड़ाई को बखूबी दिखाया गया है। यह सीरीज सत्ता के संघर्ष, राजनीतिक दांव-पेंच और नौकरशाही के इर्द-गिर्द घूमती है। सत्ता, भ्रष्टाचार, और आधुनिक समय में चाणक्य-चंद्रगुप्त जैसी रणनीतियों पर आधारित वेब सीरीज़ में नाना पाटेकर ने 'मास्टर साहब' का रोल प्ले किया है, जो एक कमांडिंग मास्टर स्ट्रैटेजिस्ट हैं, जिनकी मौजूदगी हर सीन में छाई रहती है। वे अपना स्कूल चलाते हैं, जहां लड़कियों को पढ़ाते हैं और युवाओं को यूपीएससी की भी तैयारी करवाते हैं। वहीं, वेब सीरीज़ में संजय कपूर एक पॉलिटिशियन के किरदार में हैं, जबकि नीरज काबी उनके आइडियोलॉजिकल विरोधी के रूप में नज़र आएंगे। दोनों के बीच की तनातनी आने वाले पावर स्ट्रगल की ओर इशारा करती है।



# नीतीश कुमार को अचानक राज्यसभा भेजना उनकी राजनीतिक हैसियत के अनुकूल नहीं : सरयू राय

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद छोड़ने और राज्यसभा जाने के फैसले पर झारखंड में जदयू के इकलौते विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री सरयू राय ने असंतोष जाहिर किया है। उन्होंने पूरे घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह नीतीश कुमार की राजनीतिक हैसियत के अनुरूप नहीं है। सरयू राय ने कहा कि वर्ष 2005 से बिहार की बागडोर संभालने वाले नीतीश कुमार ने राज्य में 'सुशासन' की अवधारणा को स्थापित किया और लंबे समय तक प्रशासनिक व राजनीतिक नेतृत्व दिया। ऐसे में उनके पद छोड़ने की प्रक्रिया अधिक गरिमापूर्ण और सुविचारित होनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि जिस तरह अचानक उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाकर राज्यसभा भेजे जाने का निर्णय सामने आया, उससे कई लोग असहज महसूस कर रहे हैं।



विधायक राय ने पिछले दो दिनों के दौरान दिल्ली से पटना तक चली राजनीतिक गतिविधियों पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि घटनाक्रम को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि यह सब पहले से तय योजना के तहत हुआ है। उनके अनुसार यदि नेतृत्व परिवर्तन की आवश्यकता थी और स्वयं नीतीश कुमार भी इसके पक्ष में थे, तो इसे अधिक व्यवस्थित और संतुलित तरीके से किया जा सकता था। उन्होंने कहा कि इस फैसले के बाद से उन्हें जदयू के कार्यकर्ताओं और समर्थकों के लगातार फोन आ रहे हैं। राय के अनुसार, जमीनी स्तर पर जुड़े कई कार्यकर्ता इस निर्णय से निराश और आहत महसूस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के लिए यह स्थिति 'कड़वा घूंट' जैसी है, जिसे स्वीकार तो किया जा सकता है, लेकिन सहज रूप से पचाना कठिन है। सरयू राय ने नीतीश कुमार की ओर से सोशल मीडिया पर जारी किए गए बयान का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इतने वरिष्ठ और अनुभवी नेता को इस तरह सार्वजनिक स्पष्टीकरण देने की आवश्यकता क्यों पड़ी, यह सवाल भी उठता है। उनके मुताबिक संभव है कि उस बयान के माध्यम से पूरे घटनाक्रम को लेकर उठ रहे सवालों को शांत करने की कोशिश की गई हो। हालांकि राय ने स्पष्ट किया कि उन्हें भाजपा और जदयू के साथ मिलकर सरकार चलाने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन उनकी चिंता नीतिगत निरंतरता को लेकर है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या नई सरकार नीतीश कुमार की प्रमुख पहलों, विशेषकर शराबबंदी जैसे फैसलों को जारी रखेगी और क्या उनकी विकास संबंधी नीतियों को उसी गति से आगे बढ़ाया जाएगा।

## भाजपा ने नीतीश कुमार का राजनीतिक करियर समाप्त कर दिया : विनोद पांडेय

**रांची।** बिहार में बदलते राजनीतिक समीकरण को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोला है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राजनीतिक करियर समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह बिहार की जनता के जनादेश का अपमान है। हालांकि बिहार में भाजपा की ओर से की गई साजिश को झारखंड में किसी भी हाल में सफल नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा के खिलाफ उनकी पार्टी की लड़ाई पहले भी थी और आगे भी जारी रहेगी।विनोद पांडेय ने कहा कि झारखंड की जनता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हमेशा सतर्क रही है। राज्य में भाजपा की किसी भी राजनीतिक चाल को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। बिहार में भाजपा की चाल, चरित्र और चेहरा एक बार फिर देश की जनता के सामने आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस चेहरे पर बिहार की जनता ने भरोसा जताते हुए जनादेश दिया था, उसी चेहरे को राजनीति की मुख्यधारा से दूर कर दिया गया। पांडेय ने दावा किया कि बिहार में भाजपा की यह साजिश काफी पहले से चल रही थी। आने वाले समय में जनता दल (यूनाइटेड) का विलय भी भाजपा में हो सकता है।



## नीतीश कुमार को साजिश का शिकार बनाया जा रहा है : कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की कार्यशैली हमेशा से अपने सहयोगियों को समाप्त करने की रही है और अब नीतीश कुमार इस साजिश के अगले शिकार बनने जा रहे हैं। बिहार विधानसभा चुनाव में नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए को जनादेश मिला, लेकिन चार महीने बाद ही विश्वासघात करने का काम किया गया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह समेत भाजपा के तमाम नेताओं ने नीतीश कुमार के नाम पर वोट मांगा था, बिहार की जनता ने नीतीश कुमार परी भरोसा जताते हुए एनडीए को स्पष्ट बहुमत देने का काम किया लेकिन अब बिहार की जनता के साथ एक बड़ा छलावा किया गया है। लाल किशोर नाथ शाहदेव ने कहा कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाकर राज्यसभा भेजने की जो स्क्रिप्ट दिल्ली में लिखी गई है, वह भाजपा की पुरानी इस्तेमाल करो और फेंको की नीति का हिस्सा है। भाजपा ने पहले नीतीश कुमार की पार्टी को कमजोर किया, उनके विधायकों में सेंधमारी की कोशिश की और अब उन्हें अपमानित कर बिहार की सक्रिय राजनीति से दूर करने की साजिश रची है।




## कार्यालय, असैनिक शल्य चिकित्सक-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

### आदेश

जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा के अधीन जिला स्तरीय संविदा/अनुबंध आधारित रिक्त पदों पर कर्मियों के चयन/नियुक्ति हेतु इस कार्यालय के विज्ञापन संख्या–02/2025–26 एवं संशोधन सूचना पत्रांक–1233 (PMU), दिनांक–20.12.2025 द्वारा विज्ञापन प्रकाशित कराते हुए अभ्यर्थियों से विभिन्न पदों के लिए दिनांक–12.01.2026 तक आवेदन प्राप्त किया गया। अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदनों के साथ संलग्न प्रमाण पत्रों के आधार पर विहित प्रपत्र में कम्प्यूटर में की गई प्रविष्टि की सूची दावा आपत्ति प्राप्त करने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के ज्ञापांक–253, दिनांक–18.02.2026 द्वारा गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in. पर जारी किया गया। दावा/आपत्ति निराकरण के उपरांत प्राप्त आवेदनों में से योग्य एवं एवं अयोग्य उम्मीदवारों की सूची गढ़वा जिला के वेबसाईट garhwa.nic.in पद पर जारी किया जाएगा, जिसका अवलोकन दिनांक–07.03.2026 से किया जा सकता है। सभी पदों हेतु योग्य उम्मीदवारों की **परीक्षा दिनांक 12.03.2026 के पूर्वाह्न 9:00 बजे से** राजकीयकृत गोविन्द+2, उच्च विद्यालय, गढ़वा में आयोजित की जाएगी। विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट garhwa.nic.in पर देखा जा सकता है।

ह0/–
असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–
मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, गढ़वा

**PR 374133 Health Med Edu and Family Welfare(25-26).D**


## बाबूलाल मरांडी ने नीतीश कुमार को राज्यसभा के लिए दी बधाई



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा की सदस्यता के लिए नामांकन दाखिल करने पर बधाई दी।मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि नीतीश कुमार पिछले तीन-चार दशकों से बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे हैं और राज्य को जंगल राज से बाहर निकालकर सुशासन स्थापित करने में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने प्रशासनिक स्थिरता, विकास और बेहतर शासन के लिए एक नई पहचान बनाई है। बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल राज्य के इतिहास में एक सुनहरे अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यसभा सदस्य के रूप में नीतीश कुमार का अनुभव और नेतृत्व संसद के उच्च सदन को भी गौरवान्वित करेगा।

## निगम की जांच में 53 भवनों के निर्माण में नियमों का उल्लंघन

**रांची।** रांची नगर निगम की डेडिकेटेड रोड मैनेजमेंट टीम (डीआरएमटी) की ओर से गुरुवार को राजधानी में व्यापक भवन जांच अभियान चलाया गया। प्रशासक के निर्देश पर शहर के प्रमुख मार्गों एचबी रोड, सर्कुलर रोड, मेन रोड, बिरसा चौक स्थित विभिन्न व्यवसायिक व आवासीय भवनों में अवैध निर्माण, अतिक्रमण व भवन नियमों के उल्लंघन की जांच की गई। निगम के मुताबिक इस दौरान 53 भवनों में निर्माण संबंधी विसंगतियां और नियमों के संभावित उल्लंघन सामने आए हैं। कहीं सेट बैक एरिया में अतिक्रमण मिला तो कहीं गिफ्ट डीड पर अतिक्रमण और वैध नक्शा के अतिरिक्त निर्माण के मामले भी मिले।

## नीतीश को राज्य सभा भेजने का तरीका गलत : पंकज मिश्र



**रांची।** जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने कहा कि नीतीश कुमार का व्यक्तित्व इतना विशाल है कि कोई भी पद उनके लिए मायने नहीं रखता। राज्य सभा जाने का निर्णय पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं उठाया जा रहा। मगर दस बार सीएम रहे नेता को जिस तरह बेदखल किया गया वह तरीका गलत है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अपने करीबियों के शिकार हो गए। उनके अगल - बगल घूमने वाले सभी नेता शुरु से भाजपा के लिए काम कर रहे थे। सीटों के बंटवारे से लेकर प्रत्याशियों के चयन तक में सबने नीतीश को अंधकार में रखा। बिहार की जनता नीतीश कुमार के नाम पर वोट की है। इस बात को एनडीए के नेता भी स्वीकार करते हैं। भाजपा को खुद पर भरोसा रहता तो वह कतई नीतीश कुमार को साथ नहीं लेती।


## जिला अभियंता का कार्यालय
## जिला परिषद्, लातेहार

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना**
**निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 28 वर्ष 2025–26**
**स्व अर्जित आय मद**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 13.03.2026 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 13.03.2026 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान :– जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– 14.03.2026 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिषद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Supply, installation, testing and commissioning of video conferencing systm for Distirct Board conference room with Accessories Part-1 | 11,22,300 | 22,500 | 2500 | 01 माह |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो **सचिव, जिला परिषद, लातेहार** के पदनाम से देय होगा एवं HDFC BANK, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत होगा जो **जिला अभियंता, लातेहार** के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।

जिला अभियंता
जिला परिषद्, लातेहार।

**PR.NO.374111 Rural Development(25-26):D**


## पृष्ठ एक के शेष

**ड्रोन सर्वे पर भड़का कैमा गांव, आक्रोशित ग्रामीणों ने...**

हालात बिगड़ते देख पुलिस ने लाठीचार्ज किया और आत्मरक्षा में हवाई फायरिंग भी की। इस झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। वहीं बंधक बना जवान राजेश शर्मा किसी तरह ग्रामीणों के कब्जे से निकलकर सुरक्षित वापस लौट आया। घटना के बाद इलाके में अब भी तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है और पुलिस स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

**रांची का नवदंपति दुबई में फंसा खाड़ी में...**

को मनाने दुबई आए थे, लेकिन अचानक हालात बदल गए। उन्होंने कहा कि जैसे ही उड़ानों के रद्द होने की खबर मिली, तभी से चिंता बढ़ गई है। वहीं डॉ. कंचन बाड़ा ने बताया कि यहां का माहौल पहले जैसा सामान्य नहीं लग रहा है। कई जगहों पर सन्नाटा है और लोग भी काफी सतर्क दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि फिलहाल वे सुरक्षित हैं, लेकिन हर नई खबर के साथ बेचैनी बढ़ जाती है। दोनों चाहते हैं कि जल्द से जल्द अपने घर और परिवार के बीच लौट सकें।

**रांची में परिवारों की बढ़ी चिंता :** इधर रांची में दोनों परिवारों में चिंता का माहौल है। कुछ दिन पहले तक जहां शादी की खुशियों से घर भरा हुआ था, वहीं अब परिवार के लोग उनकी सुरक्षित वापसी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। परिजन लगातार फोन और मैसेज के जरिए संपर्क में रहने की कोशिश कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय हालात पर नजर बनाए हुए हैं।

**सरकार से मदद की अपील :** परिवार के लोगों ने झारखंड सरकार से मानवीय आधार पर हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन से अपील की है कि केंद्र सरकार और यूएई में स्थित भारतीय दूतावास से समन्वय कर नवदंपति समेत खाड़ी देशों में फंसे झारखंड के लोगों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित कराई जाए। परिजनों का कहना है कि यह सिर्फ एक परिवार की चिंता नहीं है, बल्कि उन सभी लोगों की चिंता है जो मौजूदा अंतरराष्ट्रीय तनाव के कारण वहां फंसे हुए हैं। फिलहाल सभी की नजर इस बात पर टिकी है कि हालात कब सामान्य होंगे और फंसे हुए लोग अपने घर सुरक्षित लौट पाएंगे।

**नामकुम थाने में बच्चे की हत्या के...**

गुरुवार दिन में घटना की जानकारी मिलते ही थाना परिसर में हड़कंप मच गया। सूचना पर थाना प्रभारी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। रांची ग्रामीण पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने बताया कि मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में हाजत से शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम भी मजिस्ट्रेट की निगरानी में कराया जाएगा और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। पुलिस के मुताबिक, जगय मुंडा पर नामकुम थाना क्षेत्र की एक महिला के 12 वर्षीय बेटे के अपहरण और हत्या का आरोप था। जांच में सामने आया कि आरोपी ने बच्चे को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले लिया और बाद में उसे रामगढ़ इलाके में ले जाकर हत्या कर दी। इसके बाद शव को जमीन में दफना दिया गया था। मामले का खुलासा होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। प्रारंभिक जांच में यह भी संकेत मिले हैं कि घटना के पीछे व्यक्तिगत संबंधों से जुड़ा विवाद था। बताया जाता है कि आरोपी का एक महिला के साथ संबंध था, लेकिन बाद में महिला का संबंध किसी अन्य व्यक्ति से हो गया। इसी विवाद को लेकर आरोपी ने महिला के बेटे को निशाना बनाया। इस मामले में नामकुम थाना में अपहरण और हत्या की धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

**नामकुम थानेदार समेत...**

पुलिस प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी। एसएसपी ने स्पष्ट किया है कि घटना की निष्पक्ष व पारदर्शी जांच कराई जाएगी, ताकि पूरी सच्चाई सामने आ सके। पुलिस प्रशासन ने यह भी बताया कि हाजत में बंद आरोपी की सुरक्षा व निगरानी में लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गई है। प्राथमिक जांच के आधार पर नामकुम थानेदार सहित 7 पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। थाना प्रभारी के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।

**अब न्यूजीलैंड से होगी...**

**पहले 6 ओवर्स में इंग्लैंड ने गंवा दिए तीन विकेट, बेथेल ने संभाला एक छोर :** इंग्लैंड की टीम जब इस सेमीफाइनल मुकाबले में टारगेट का पीछा करने उतरी तो उनकी शुरुआत काफी खराब देखने को मिली। पारी के दूसरे ओवर की पहली गेंद पर इंग्लैंड को पहला झटका फिल साल्ट के रूप में लगा जो सिर्फ 5 के निजी स्कोर पर हार्दिक पांड्या का शिकार बने। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक से उनकी टीम को बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वह सिर्फ 7 रन बनाकर जसप्रीत बुमराह का शिकार बने। इस तरह से इंग्लैंड ने पांचवें ओवर की पहली गेंद पर 38 के स्कोर तक अपने 2 अहम विकेट गंवा दिए थे। यहां जैकब बेथेल ने जोस बटलर का साथ तो दिया लेकिन पारी के छठे ओवर में बटलर 17 गेंदों में 25 रन बनाकर वरुण चक्रवर्ती की गेंद पर बोल्ड हो गए, जिसमें पहले 6 ओवर्स का खेल खत्म होने पर इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट के नुकसान पर 68 रन था।

**बेथेल को मिला विल जैक्स का साथ, मुकाबला हुआ रोमांचक :** पावरप्ले खत्म होने के साथ जैकब बेथेल ने काफी आक्रामक रुख अपनाया जिसमें उन्होंने एक छोर से लगातार बड़े शॉट खेलने शुरू कर दिए, इस दौरान इंग्लैंड की टीम ने अपना चौथा विकेट 95 के स्कोर पर टॉस बैंटन के रूप में गंवा दिया जो 5 गेंदों में 17 रनों की पारी खेलने के बाद पवेलियन लौटे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे विल जैक्स ने जैकब बेथेल का शानदार तरीके से साथ देने के साथ पांचवें विकेट के लिए सिर्फ 39 गेंदों में 77 रनों की शानदार साझेदारी करने के साथ इस मैच को पूरी तरह से रोमांचक बना दिया। विल जैक्स को पवेलियन भेजने में अक्षर पटेल का शानदार कैच ने अहम भूमिका निभाई, इंग्लैंड की टीम ने अपना पांचवां विकेट 14वें ओवर की आखिरी गेंद पर 172 के स्कोर पर गंवाया। जैक्स इस मैच में 20 गेंदों में 35 रनों की पारी खेलने के बाद अर्शदीप सिंह की गेंद पर आउट होकर पवेलियन लौटे।

**बिहार: नीतीश कुमार ने राज्यसभा के लिए किया...**

''केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के साथ पटना में शिष्टाचार मुलाकात की। गुरुवार को ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया, "पिछले दो दशक से भी अधिक समय से आपने अपना विश्वास व समर्थन मेरे साथ लगातार बनाए रखा है, और उसी के बल पर हमने बिहार की और आप सब लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की ही ताकत थी कि बिहार आज विकास और सम्मान का नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है। इसके लिए पूर्व में भी मैंने आपके प्रति कई बार आभार व्यक्त किया है।" उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा, "संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूं। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूं।" भारत निर्वाचन आयोग ने 18 फरवरी को 10 राज्यों में रिक्त होने वाली 37 सीटों को भरने के लिए द्विवार्षिक चुनावों का कार्यक्रम घोषित किया था। ये सीटें इसलिए रिक्त हो रही हैं, क्योंकि वर्तमान सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल 2026 में समाप्त होने वाला है। अधिसूचित कार्यक्रम के अनुसार, मतदान 16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक होगा और मतगणना उसी दिन शाम 5 बजे होगी। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पटना में मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। यहां उन्होंने नीतीश कुमार के साथ मुलाकात की। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन तथा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई नेता भी वहां पहुंचे और बैठक की। बताया गया कि इस बैठक में राज्यसभा चुनाव के साथ-साथ बिहार की मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर भी चर्चा हुई।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER MECHANICAL DIVISION MANDAL LATEHAR
**CAMP-MEDININAGAR**
**Email id- mdmlatehar22@gmail.com**

### e-Procurement Notice

**Short term e-Tender Reference No. wrd/mdmandal/ 04/2025-26 Dated 05.03.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of Work | **Fabrication and erection of New Gates (Emergency and Service Gate) Embedded Parts, Hoisting Arrangement, Shed and Platform of Bai Banki Reservoir Scheme.** |
| 2 | Estimated Cost | **Rs. 93,30,650.00 (Rupees Ninty Three Lacs Thirty Thousand Six Hundred Fifty)** |
| 3 | Time of Completion | **07(Seven) Months.** |
| 4 | Date of Publication of E-Tender on website | **Date : 08-03-2026 (Time 03:00 PM)** |
| 5 | Last date/Time for submission of E-Tender BID's | **Date : 20-03-2026 (Time 05:00 PM)** |
| 6 | Last date for online submission of E-Tender fee and EMD | **Date : 20-03-2026 (Time Upto 05:00 PM)** |
| 7 | Date of Opening Tender | **Date 22-03-2026 (Time 03:30 PM)** |
| 8 | Name & Address of office Inviting tender | **Er.Sanjay Kumar Toppo Executive Engineer Mechanical Division Mandal Latehar Camp- Medininagar** |
| a | Contact no. of e-Procurement officer | **+919199101446** |
| b | Helpline number of e-procurement cell | **0651-2490232** |

Note:- (1) Only e-Tenders will be accepted.
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further Details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**Executive Engineer,**
**Mechanical Division Mandal Latehar**
**Camp-Medininagar.**

PR 374155 (District) 25-26 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, लातेहार

### अति–अल्पकालीन ई0–निविदा आमंत्रण सूचना

**Very Short Tender Ref No- DWSD/LTR/SPARE Parts-30/2025-26 दिनांक– 02.03.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 01 | Name of Work | Supply of Spare Parts of Deep Well Hand Pump India Mark-II Conforming to IS:9301-1990 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS:15500(Part 1-7) 2004 with latest amendment for spare of India Mark-II respectively) Under D . W & S Division Latehar for the Year 2025-26. |
| 02 | Eastmated Cost (in Lakh) | Rs. 1828000.00 |
| 03 | Cost of BOQ (In Rs.) | Rs. 5000.00 |
| 04 | Earnest Money (In Rs.) | Rs. 37000.00 |
| 05 | Time of Completion | 21 (Twenty One) Days |
| 06 | Date of Publication of Tender on Web Site | 07.03.2026 at 03:00 P.M |
| 07 | Last date/Time for receipt of Bid | 12.03.2026 at 05:00 P.M |
| 08 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई0– गर्वेनस झारखण्ड मंत्रालय के ज्ञापांक– 120 दि0– 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की तिथि | 12.03.2026 at 05:00 P.M |
| 09 | Date of Opening Tender | 14.03.2026 at 03:30 P.M |
| 10 | Name & Address of Office Tender Inviting Authority | EE DW & S Division Larehar |
| 11 | Contact no of Procurement Office | 9199154542 & 6201242103 |

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल लातेहार

**PR 374089 Drinking Water and Sanitation(25-26).D**

## जिला अभियंता का कार्यालय
## जिला परिषद्, लातेहार।
## अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण–सूचना

निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 34 वर्ष 2025–26
15वें वित्त आय मद

1. विज्ञापन दाता का नाम : जिला अभियंता,जिला परिषद्, लातेहार।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 12.03.2026 (अपराहन् 01:00 बजे तक)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता, जिला परिषद्, लातेहार।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : 12.03.2026 को 01:00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति, का स्थान : जिला नियंत्रण कक्ष, (पुलिस अधीक्षक, लातेहार के कार्यालय के समक्ष)
6. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान : 13.03.2026 को 03:00 बजे अपराहन्, कार्यालय जिला परिशद, लातेहार।
7. कार्य का विस्तृत विवरण :–

| ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. Cost | योजना पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | चन्दवा | कामता | कुजरी | इस्लाम टेलर के घर से बोदाली भुईया के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 250600 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 02 | चन्दवा | चकला | नगर | अमूल नायक के घर से बुटा नायक के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 250600 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 03 | चन्दवा | अलौदिया | टुढामू | रामकुमार उरांव के घर से राजेश नायक के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 250600 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 04 | चन्दवा | अलौदिया | अलौदिया | परसाही रोड से बेलाल अहमद के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 250600 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 05 | चन्दवा | बनहरदी | रैंची | मुकेश ठाकुर के घर से गणेश उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 250600 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 06 | चन्दवा | कामता | कामता | टोला कुजरी में शिव शंकर साहु के घर से एन0एच0 रोड तक नाली निर्माण। | 310000 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 07 | चन्दवा | सेरक | कीता | नागो उरांव के घर से परमेश्वर लोहरा के घर तक नाली निर्माण। | 308000 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 08 | चन्दवा | बारी | बारी | टोला बरैनी में नागेन्द्र मेहता के घर से प्रभु महतो के घर तक नाली निर्माण। | 311600 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 09 | चन्दवा | कामता | कामता | ग्राम कामता में राजा बांध का मरम्मति। | 562661 | 11500 | 1250 | 02 Month |
| 10 | चन्दवा | कामता | दामोदर | ग्राम दामोदर (जोभिया) में माण्डर बांध का मरम्मति/सौन्दरीकरण। | 412800 | 8500 | 750 | 02 Month |
| 11 | चन्दवा | डुमारो | निन्द्रा | बेलटामू टांड में तालाब निर्माण। | 308800 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 12 | चन्दवा | डुमारो | बेलगडा | बेलगडा झखरा के पास तालाब निर्माण। | 308800 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 13 | चन्दवा | डुमारो | बजरमरी | खिजुरटांड में तालाब निर्माण। | 305300 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 14 | चन्दवा | डुमारो | बेलगडा | सबरू मुण्डा के घर से अम्बाटांड तक नाली निर्माण। | 251400 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 15 | चन्दवा | डुमारो | बजरमरी | बासदेव गैलू के घर से नदी तक नाली निर्माण। | 251400 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 16 | चन्दवा | बरवाटोली | बेतर | समलू सिंह के घर से उमेश महतो के घर तक नाली निर्माण। | 251400 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 17 | चन्दवा | डुमारो | कारीटांड | बिनोद गंझू के घर से नदी तक नाली निर्माण। | 251400 | 5500 | 750 | 02 Month |
| 18 | चन्दवा | हुटाप | जिलिंगा | देवी मण्डप से झखरा तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 305600 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 19 | चन्दवा | हुटाप | हुटाप | महादेव मुण्डा के घर से अघनी टोंगरी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 310200 | 6500 | 750 | 02 Month |
| 20 | चन्दवा | डुमारो | डुमारो | अखरा से मंगल उरांव के घर तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 295000 | 6000 | 750 | 02 Month |
| 21 | चन्दवा | डुमारो | कारीटांड | बिनोद गंझू के घर से नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 310300 | 6500 | 750 | 02 Month |

8. परिमाण विपत्र भारतीय स्टेट बैंक से निर्गत ही मान्य होगा जो सचिव, जिला परिषद, लातेहार के पदनाम से देय होगा एवं HDFC BANK, लातेहार में भुगतेय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य लौटाया नहीं जायेगा।
9. अग्रधन की अंकित राशि (NSC) 05 वर्षीय/03 वर्षीय/डाकघर सावधि जमा पत्र/03 वर्षीय/05 वर्षीय/बैंक सावधि जमा पत्र (F.D) 05 वर्षीय/03 वर्षीय, कम्पनी के मामले में झारखण्ड राज्य के राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत होगा जो जिला अभियंता, लातेहार के नाम से प्रतिज्ञिप्त (प्लेज) कराते हुए निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार अन्तर्गत समुचित श्रेणी में निबंधित संबंधित प्रखण्ड के संवेदक ही भाग ले सकेंगे।

PR 374096 Rural Development(25-26)D

जिला अभियंता जिला परिषद्, लातेहार।

## न्यूज बॉक्स

### ईरान संघर्ष के बीच अमेरिका ने एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर से नाम वापस लिया

**नई दिल्ली।** मध्य-पूर्व में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिका (यूएसए) की पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर से अपना नाम वापस ले लिया है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने बुधवार को जानकारी दी कि यूएसए की टीम मिस्र के इस्माइलिया में खेले जा रहे क्वालीफायर में भाग ले रही थी और पहले दौर में अपने पूल में सबसे निचले स्थान पर रही थी। टीम को 6 मार्च को वर्गीकरण मुकाबले में चीन का सामना करना था, लेकिन अब यूएसए के हटने के कारण चीन को वॉकओवर मिल जाएगा। एफआईएच ने अपने बयान में कहा कि 3 मार्च को अमेरिकी विदेश विभाग की आधिकारिक सलाह के बाद यह फैसला लिया गया। इस सलाह में मध्य-पूर्व के संघर्ष क्षेत्रों या उनके आसपास मौजूद देशों, जिनमें मिस्र भी शामिल है, से सभी अमेरिकी नागरिकों को तुरंत निकलने की अपील की गई थी। एफआईएच के अनुसार "यूएसए पुरुष टीम ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ के पूर्ण समर्थन के साथ इस्माइलिया में चल रहे एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर से नाम वापस लेने का निर्णय लिया है। टीम आज पहले ही मिस्र से रवाना हो चुकी है। यूएसए द्वारा खेले गए पहले दो मैचों के परिणाम मान्य रहेंगे।,

### एशियन गेम्स 2026: केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने तैयारियों की समीक्षा की




**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (साई) मुख्यालय में एक उच्च-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। इसमें 2026 एशियन गेम्स के लिए भारत की तैयारियों की समीक्षा की गई। गेम्स 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक जापान के ऐची-नागोया में होने वाले हैं। युवा मामले और खेल मंत्रालय, साई और इससे जुड़े सीनियर अधिकारियों ने डॉ. मंडाविया को इवेंट से पहले देश की तैयारियों के बारे में जानकारी दी, और यह पक्का किया कि एथलीटों को इस इवेंट में अच्छे प्रदर्शन के लिए हर मुमकिन सपोर्ट मिले।

### अर्जुन तेंदुलकर की शादी में पहुंचे राहुल द्रविड़, एमएस धोनी और युवराज सिंह

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज रहे सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर की शादी गुरुवार को मुंबई में होनी है। अर्जुन की शादी एंटरप्रेन्योर सानिया चंडोक के साथ हो रही है। अर्जुन और सानिया को अपना आशीर्वाद देने के लिए भारत के कई दिग्गज क्रिकेटर समारोह में पहुंच चुके हैं। शादी समारोह में पहुंचने वाले प्रमुख नामों में पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी, पूर्व कप्तान और हेड कोच राहुल द्रविड़, महान लेग-स्पिनर अनिल कुंबले, दिग्गज ऑलराउंडर युवराज सिंह, पूर्व क्रिकेटर और कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष वेंकटेश प्रसाद शामिल हैं। अर्जुन की शादी की रस्में इस हफ्ते की शुरुआत में कई पारंपरिक रस्मों और सेलिब्रेशन के साथ शुरू हुईं। मुंबई में मेहंदी और संगीत फंक्शन समेत शादी से पहले के इवेंट हुए, जिसमें कई पूर्व और मौजूदा क्रिकेटर शामिल हुए थे। महीनों की तैयारियों और सेलिब्रेशन के बाद गुरुवार को अपनी लॉन्ग-टाइम पार्टनर सानिया चंडोक से शादी करने वाले हैं। कपल ने अगस्त 2025 में एक प्राइवेट सेरेमनी में सगाई की, जिसमें करीबी परिवार के सदस्य और दोस्त शामिल हुए थे। अर्जुन अपने पिता की तरह क्रिकेटर हैं।

### आईसीसी अध्यक्ष ने रणजी ट्रॉफी विजेता जम्मू-कश्मीर की टीम से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम ने पहली बार रणजी ट्रॉफी का खिताब जीतकर इतिहास रचा है। जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक जैसी मजबूत टीम को हराकर अपना पहला खिताब जीता। इस ऐतिहासिक सफलता पर टीम के देश के हर वर्ग से बधाइयां मिल रही हैं। आईसीसी अध्यक्ष जय शाह ने भी जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात की। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शाह और जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों की मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, "रणजी ट्रॉफी में जम्मू और कश्मीर की ऐतिहासिक जीत इस क्षेत्र में क्रिकेट के लिए गर्व की बात रहेगी। अपनी यादगार जीत के बाद, खिलाड़ियों ने आईसीसी अध्यक्ष जय शाह से मिलने और उनके साथ यह खास पल साझा करने की दिली इच्छा जताई थी।

# लक्ष्य सेन क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

## इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप में एंगस एनजी का लॉन्ग को हराया

**एजेंसी। बर्मिंघम**

भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शानदार जुझारू प्रदर्शन करते हुए हांगकांग के एंगस एनजी का लॉन्ग को हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 के पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। अब क्वार्टरफाइनल में लक्ष्य सेन का सामना चीन के छठी वरीयता प्राप्त ली शी फेंग या आयरलैंड के न्हाट गुयेन से होगा।

विश्व नंबर 12 लक्ष्य सेन ने गुरुवार को खेले गए राउंड ऑफ-16 मुकाबले में पूर्व विश्व टॉप-10 खिलाड़ी एंगस एनजी का लॉन्ग को कड़े संघर्ष में 21-19, 21-23, 21-10 से पराजित किया। वर्ष 2022 में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के फाइनलिस्ट रहे लक्ष्य ने लंबे और तेज रैलियों वाले मुकाबले में शानदार धैर्य और फिटनेस का प्रदर्शन किया।

मुकाबले की शुरुआत में लक्ष्य सेन थोड़ा पीछे चल रहे थे, लेकिन उन्होंने 4-6 से पीछे रहने के बाद वापसी करते हुए 15-11 की बढ़त बना ली। आक्रामक रिटर्न और सटीक शॉट प्लेसमेंट से उन्होंने दबाव बनाए रखा। हालांकि अंत में एंगस एनजी का लॉन्ग ने स्कोर 19-19 तक बराबर कर दिया, लेकिन लक्ष्य ने दमदार जंप स्मैश के साथ पहला गेम 21-19 से अपने नाम कर लिया।



दूसरे गेम में लक्ष्य सेन ने शानदार शुरुआत की और 11-4 की बढ़त के साथ अंतराल तक पहुंचे। इसके बाद भी उन्होंने आक्रामक खेल जारी रखते हुए 14-7 की बढ़त बना ली। हालांकि हांगकांग के खिलाड़ी ने जोरदार वापसी की और लगातार अंक लेकर स्कोर 20-20 कर दिया। अंत में लक्ष्य के नेट में शॉट लगने से एंगस एनजी का लॉन्ग ने यह गेम 23-21 से जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। तीसरे गेम में लक्ष्य सेन ने मानसिक मजबूती दिखाते हुए जोरदार वापसी की और जल्दी ही 6-2 की बढ़त बना ली। उनकी मजबूत डिफेंस और तेज हमलों के सामने एंगस एनजी का लॉन्ग टिक नहीं सके।



## हैदराबाद पहुंची ऑस्ट्रिया की टीम

- ऑस्ट्रिया 1981 के बाद पहली बार विश्व कप में जगह बनाने की कोशिश में
- कप्तान जोहाना चेक के नेतृत्व में टीम पूल-ए में इंग्लैंड, इटली और कोरिया से भिड़ेगी
- कप्तान ने कहा—भारत में पहली बार खेलने को लेकर टीम उत्साहित, तैयारी सीमित लेकिन प्रदर्शन को लेकर आत्मविश्वास

**एजेंसी। हैदराबाद**

ऑस्ट्रिया की महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 क्वालिफायर में भाग लेने के लिए गुरुवार को हैदराबाद पहुंच गई। हैदराबाद, तेलंगाना में होने वाले इस टूर्नामेंट में आठ देश हिस्सा लेंगे, जहां से तीन टीमें इस साल अगस्त में एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप 2026 के लिए क्वालिफाई करेंगी। यह विश्व कप बेल्जियम और नीदरलैंड में आयोजित किया जाएगा।

ऑस्ट्रिया का एफआईएच हॉकी महिला विश्व कप में समृद्ध इतिहास रहा है। टीम ने इस प्रतियोगिता के शुरुआती चार संस्करणों में से तीन में भाग लिया था। हालांकि, ऑस्ट्रिया 1981 के बाद से इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाया है। कप्तान जोहाना चेक के नेतृत्व में ऑस्ट्रिया की टीम पूल-ए में इंग्लैंड, इटली और कोरिया के साथ मुकाबला करेगी। टीम का लक्ष्य 45 वर्षों बाद विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर इतिहास रचना है।

कप्तान जोहाना चेक ने टूर्नामेंट को लेकर कहा, "हम सबके लिए यह भारत में पहली बार है, इसलिए हम काफी उत्साहित हैं और अच्छा हॉकी खेलना चाहते हैं। टूर्नामेंट से पहले हमारी तैयारी थोड़ी कम रही क्योंकि हमें केवल एक प्रशिक्षण सत्र मिला, लेकिन हम अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। यहां मैचों से पहले हमें कुछ और अभ्यास सत्र मिलेंगे और हम मैदान पर अपना सब कुछ झोंक देंगे।"

## श्रीलंका व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए अफगान टीम घोषित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राशिद खान को गुरुवार को अफ़गानिस्तान की टी-20 अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान के पद से हटा दिया गया है। उनके डिप्टी इब्राहिम जदरान श्रीलंका के खिलाफ व्हाइट-बॉल सीरीज से यह पद संभालेंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज़ फजल हक फ़ारूक़ी, ऑल-राउंडर गुलबदीन नायब और विकेटकीपर-बल्लेबाज़ मोहम्मद इशाक को भी बाहर कर दिया गया है। अफ़गानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) के चीफ सिलेक्टर अहमद शाह सुलेमानखिल ने कहा, "एसीबी के लॉन्ग-टर्म स्ट्रेटेजिक विजन के हिसाब से और हमारे टीम मैनेजमेंट में हाल के बदलावों के बाद हमने टी-20 सेटअप के अंदर लीडरशिप बदलने का सोच-समझकर फ़ैसला लिया है, जिसमें एक नए हेड कोच की नियुक्ति भी शामिल है।"

अफ़गानिस्तान क्रिकेट बोर्ड की नेशनल सिलेक्शन कमेटी के एक बयान में कहा गया, "टॉप-ऑर्डर विकेटकीपर बैट्समैन नूर रहमान, लेफ्ट-आर्म स्पिन बॉलिंग ऑल-राउंडर शराफुद्दीन अशरफ और लेफ्ट-आर्म फास्ट बॉलर फरीद अहमद को टी-20 टीम के लिए चुना गया है। इसके अलावा फरीद अहमद मलिक की वनडे टीम में वापसी हुई है, जबकि फास्ट बॉलर जिया उर रहमान शरीफी को वनडे टीम के लिए पहली बार बुलाया गया है।" अपने पिछले वनडे मैच में पांच विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड जीतने वीले बिलाल सामी ने वन-डे में अपनी जगह बनाए रखी है और उन्हें टी-20 टीम में रिजर्व पूल में भी शामिल किया गया है। बिलाल के साथ नांग्याल खारोटी और इजाज अहमदजई टी-20 रिजर्व का हिस्सा होंगे, जबकि बशीर अहमद, मोहम्मद सलीम सफी और कैस अहमद को वनडे रिजर्व में रखा गया है।

### मिडिल ईस्ट में बढ़ता तनाव

इस बीच, एसीबी ने कहा है कि वह वेस्ट एशिया में चल रहे हालात पर भी करीब से नज़र रख रहा है और सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ इस बारे में बातचीत कर रहा है कि क्या सीरीज़ पहले से तय प्लान के मुताबिक आगे बढ़ सकती है। अफ़गानिस्तान-श्रीलंका सीरीज़ 13 से 25 मार्च के बीच होनी है।

## इलेवन गार्डन ने सात विकेट से जीता मुकाबला

**एजेंसी। मुरादाबाद**

रेलवे स्टेडियम मैदान में गुरुवार को खेले गए ब्रास सिटी क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग मुकाबले में इलेवन गार्डन ने इलेवन रोज को सात विकेट से पराजित कर दिया। अरविंद तोमर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए इलेवन रोज ने निर्धारित 22 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 274 रन का स्कोर खड़ा किया। जबकि इलेवन गार्डन ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 20.2 ओवर में तीन विकेट खोकर 275 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से अरविंद तोमर ने 84 रन की शानदार पारी खेली, जबकि अतुल चौधरी ने नाबाद 50 रन बनाए। कसाना ने भी 40 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए अरविंद तोमर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## दुनिया की पहली फ्रेंचाइजी आधारित रोड साइक्लिंग लीग शुरू करने की घोषणा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने गुरुवार को दुनिया की पहली फ्रेंचाइजी बेस्ड रोड साइक्लिंग लीग का लोगो लॉन्च किया। साइक्लिंग लीग ऑफ इंडिया पहल को देश में साइक्लिंग के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला कदम बताते हुए डॉ. मंडाविया ने कहा कि यह लॉन्च देश में साइक्लिंग के लिए एक अहम पल है। उन्होंने कहा कि दुनिया की पहली फ्रैंचाइज़ बेस्ड रोड साइकिलिंग लीग शुरू करके हम सिर्फ़ रेस ही नहीं ऑर्गनाइज़ कर रहे हैं, बल्कि एक ऐसा प्रोफेशनल इकोसिस्टम बना रहे हैं जो टैलेंट को आगे बढ़ाएगा, दुनिया का ध्यान खींचेगा और एक फिट और वाइब्रेंट भारत के हमारे विज़न से मैच करेगा। मंत्री ने आगे कहा कि यह पहल देश में हाल के प्रोफेशनल साइकिलिंग इवेंट्स से बने मोमेंटम पर बनी है और युवा भारतीयों को यह खेल अपनाने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने आगे कहा, "चाहे वह पुणे



ग्रैंड टूर हो, अहमदाबाद में यह लीग हो, या संडे ऑन साइकिल हो जो हर हफ़्ते देश में अलग-अलग जगहों पर होता है। यह सब आने वाले दिनों में भारत में साइकिलिंग को एक खेल के तौर पर स्थापित करेगा।" उन्होंने कहा, "दुनिया की पहली फ्रेंचाइजी बेस्ड रोड साइकिलिंग लीग एक प्रोफेशनल और कमर्शियली सस्टेनेबल स्पोर्टिंग इकोसिस्टम बनाने में हमारे विश्वास को दिखाती है।

## नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स तीन के लिए तैयार भारत के टॉप निशानेबाज

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू सरजमीं पर आयोजित एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय निशानेबाज अब अगले बड़े चरण की तैयारी में जुट गए हैं। इस प्रतियोगिता में भारत ने 76 पदकों (39 स्वर्ण, 18 रजत और 19 कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था। अब देश के शीर्ष राइफल और पिस्टल शूटर्स की नजरें नेशनल सिलेक्शन ट्रायल्स 3 (ग्रुप ए) पर होंगी, जो 6 से 10 मार्च 2026 के बीच दिल्ली स्थित डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित किए जाएंगे। यह ट्रायल अगले महीने से शुरू होने वाले व्यस्त अंतरराष्ट्रीय और घरेलू कैलेंडर से पहले बेहद अहम



माने जा रहे हैं। इन ट्रायल्स में भारत के लगभग सभी शीर्ष निशानेबाज 10 स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगे। इनमें आठों ओलंपिक स्पर्धाएं शामिल हैं। इसके साथ ही पुरुष और महिला वर्ग में राइफल प्रोन प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। खिलाड़ियों का लक्ष्य यहां बेहतर स्कोर हासिल करते हुए नेशनल टीम में चयन के लिए मजबूत दावा पेश करना होगा, ताकि साल के दूसरे हिस्से में होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व किया जा सके। ग्रुप-बी एथलीट के लिए राइफल/पिस्टल सिलेक्शन ट्रायल 3 और 4 का आयोजन 6 से 22 मार्च तक भोपाल में एमपी स्टेट शूटिंग एकेडमी में होगा।

## आईपीएल सीजन से पूर्व पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने धर्मशाला में शुरू की प्रैक्टिस

**एजेंसी। धर्मशाला**

आई.पी.एल. सीजन-2026 के शुरू होने से पहले अपने दूसरे होम ग्राउंड एच.पी.सी.ए. क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में पंजाब किंग्स की टीम ने वीरवार से शुरू हुए प्रैक्टिस कैंप के साथ अपनी तैयारियों को धार देना शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में वीरवार दोपहर करीब 12 बजे टीम के खिलाड़ियों ने मैदान में उतरकर अभ्यास शुरू किया। पहले दिन पंजाब किंग्स के 8 खिलाड़ी प्रैक्टिस सत्र में शामिल रहे। इनमें टीम के खिलाड़ी प्रभसिमरन सिंह, प्रवीण दुवे, हरप्रीत बराड़, हरनूर, विष्णु विनोद, विशाल निषाद व अन्य ने शामिल होकर यहां की परिस्थितियों को भांपते हुए



सीजन में आने वाले मैचों के लिए खुद को एक मजबूत टीम के रूप में पेश करने की तैयारियां शुरू की। सबसे पहले स्टेडियम पंहुचकर खिलाड़ियों ने मैदान पर उतरकर वॉर्मअप किया।

### 'मैं बस घर जाना चाहता हूं': डैरेन सैमी

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम को सुपर-8 के अपने आखिरी मुकाबले में भारत के खिलाफ 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के साथ ही वेस्टइंडीज का सफर टी20 विश्व कप 2026 से समाप्त हो गया। विश्व कप में सफर समाप्त होने के बावजूद वेस्टइंडीज की टीम स्वदेश नहीं लौट पा रही है। वेस्टइंटीज के हेड कोच डैरेन सैमी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अपनी निराशा जाहिर की है। सैमी ने एक्स पर लिखा, "मैं बस घर जाना चाहता हूं।" ईरान और इजरायल के बीच चल रहे युद्ध की वजह से हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। इसी वजह से वेस्टइंडीज की टीम पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के मुताबिक स्वदेश नहीं लौट सकी है। उनके लौटने का इंतजार बढ़ता जा रहा है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### वियतनाम और जापान के लिए सीधी नई उड़ानें शुरू करेगी एयर इंडिया

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की अगुवाई वाली विमानन कंपनी एयर इंडिया ने वियतनाम और जापान के लिए अपनी नई उड़ानें शुरू करने का ऐलान किया है। इसके तहत कंपनी अपने नेटवर्क विस्तार के तहत वियतनाम के हनोई और टोक्यो के हनेडा के लिए नॉन स्टॉप सर्विस को जोड़ेगी। कंपनी ने बताया कि एयर इंडिया 01 मई से दिल्ली से वियतनाम के हनोई के लिए और 15 जून से मुंबई से टोक्यो के हानेडा के लिए अपनी सीधी उड़ानें शुरू करने वाली है। हम 15 जून से मुंबई और टोक्यो हानेडा के बीच हफ़्ते में 4x नॉन-स्टॉप फ्लाइट की शुरुआत कर रहे हैं, जिससे यात्रियों के लिए जापान के कल्चर, एनर्जी और हमेशा रहने वाले आकर्षण का अनुभव करना आसान हो जाएगा। एयरलाइन ने कहा कि बुकिंग अभी शुरू है।


## भारतीय शेयर बाजार हरे निशान में बंद, सेंसेक्स 899 अंक उछला

- डिफेंस सेक्टर में सबसे ज्यादा तेजी, निफ्टी इंडिया डिफेंस टॉप गेनर।
- मेटल, पीएसई, इन्फ्रा, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और एनर्जी शेयरों में मजबूत खरीदारी।

**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में हरे निशान में बंद हुआ। दिन के अंत में सेंसेक्स 899.71 अंक या 1.14 प्रतिशत की तेजी के साथ 80,015.90 और निफ्टी 285.40 अंक या 1.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 24,765.90 पर बंद हुआ।

बाजार में तेजी भरने का काम डिफेंस शेयरों ने किया। सूचकांकों



में निफ्टी इंडिया डिफेंस 2.55 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप गेनर था। इसके बाद निफ्टी मेटल (2.29 प्रतिशत), निफ्टी पीएसई (2.22 प्रतिशत), निफ्टी इन्फ्रा (2.21 प्रतिशत), निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स (2.10 प्रतिशत), निफ्टी कमोडिटीज (2.05 प्रतिशत) और निफ्टी एनर्जी (1.92 प्रतिशत) की बढ़त के साथ बंद हुआ।

लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में जबरदस्त तेजी देखने को मिली।]

निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 867.40 अंक या 1.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 57,792.55 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 257.30 अंक या 1.58 प्रतिशत की मजबूती के साथ 16,538.80 पर था।

सेंसेक्स पैक में अदाणी पोर्ट्स, एलएंडटी, एनटीपीसी, बीईएल, इंडिगो, बैंक, टाइटन, ट्रेंट, एशियन पेंट्स और भारती एयरटेल गेनर्स थे।

**मोदी सरकार के सुधारों का असर**

## भारत में नए बिजनेस की संख्या 27 प्रतिशत बढ़ी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मोदी सरकार की ओर से लगातार किए जा रहे आर्थिक सुधारों का असर जमीनी स्तर पर दिखने लगा रहा है। देश में नए बिजनेस की संख्या में 27 प्रतिशत का बड़ा इजाफा देखने को मिला है।

सरकार द्वारा गुरुवार को जारी फैक्टशीट के मुताबिक, भारत में चालू वित्त वर्ष (वित्त वर्ष 2025-26) के पहले 10 महीनों (3 फरवरी 2026 तक) में 1.98 लाख नए बिजनेस पंजीकृत हुए हैं, जिनकी संख्या 2020-21 में 1.55 लाख थी।

आधिकारिक बयान में कहा गया कि सरकार ने केंद्रीय बजट 2026-27 में डिजिटल ट्रेड सुविधा,कर निश्चितता, अनुपालन और मुकदमेबाजी में कमी, विश्वास आधारित सीमा शुल्क प्रणाली और



निवेश-अनुकूल कर व्यवस्था के जरिए व्यापार में आसानी बढ़ाने पर फोकस किया है।

बयान में आगे कहा गया कि स्टार्ट-अप इंडिया, क्रेडिट गारंटी योजना, डिजिटल क्रेडिट मूल्यांकन मॉडल आदि जैसे संस्थागत सुधार एक पारदर्शी, प्रौद्योगिकी-सक्षम और निवेशक-अनुकूल वातावरण का निर्माण कर रहे हैं। इस प्रयास को जन विश्वास अधिनियम, आईबीसी, एमएटी आदि जैसे समानांतर नियामक सुधारों का समर्थन प्राप्त है, जो क्षमता निर्माण, नियामक सामंजस्य और विश्वास एवं जवाबदेही पर आधारित शासन मॉडल को प्राथमिकता दे रहे हैं।

फरवरी 2026 तक 2.16 लाख से अधिक डीपीआईआईटी-मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स के साथ, भारत विश्व के सबसे बड़े स्टार्टअप इकोसिस्टम में से एक के रूप में मजबूती से खड़ा है।

2016 से शुरू किए गए स्टार्टअप्स के लिए नियामक सुधारों का उद्देश्य स्टार्टअप इकोसिस्टम के लिए व्यापार करने में आसानी, पूंजी जुटाने में आसानी और अनुपालन बोझ को कम करना है।

स्टार्टअप इंडिया के अलावा, मोदी सरकार की कई पहलों ने तकनीकी नवाचार, ग्रामीण उद्यमिता, अकादमिक अनुसंधान और क्षेत्रीय समावेशन को बढ़ावा देकर भारत के स्टार्टअप इकोसिस्टम को और मजबूत किया है। ये पहलें सुनिश्चित करती हैं कि स्टार्टअप समर्थन व्यापक, विकेंद्रीकृत और राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं के साथ निकटता से जुड़ा रहे।

पिछले कुछ वर्षों में, भारत न केवल निवेश के लिए बल्कि कारोबार करने के लिए भी सबसे आकर्षक गंतव्यों में से एक बनकर उभरा है।